CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 23°C

मुरादाबाद, मंगलवार 22 जुलाई 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 342 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com श्रावण कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 26 मुहर्रम 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**यूपी नीट यूजी का काउंसलिंग पंजीकरण शुरू**
पेज 2



**चोटिल नीतीश रेड्डी इंग्लैंड सीरीज से बाहर**
खेल टाइम्स



**मुंबई ट्रेन ब्लास्ट: 19 साल बाद बाइज्जत बरी कौन लौटाएगा 19 साल**
सम्पादकीय



**ट्रम्प ने ओबामा की गिरफ्तारी का एआई वीडियो किया शेयर**
पेज 12

## केरल के पूर्व सीएम अच्युतानंदन का 101 वर्ष की उम्र में निधन



**तिरुवनंतपुरम।** केरल के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ मार्क्सवादी नेता वीएस अच्युतानंदन का निधन हो गया है। उनकी उम्र 101 वर्ष थी। माकपा के राज्य सचिव एमवी गोविंदन ने यह जानकारी दी। गोविंदन ने पत्रकारों को बताया कि अच्युतानंदन का निधन यहां एक निजी अस्पताल में हुआ, जहां वह करीब एक महीने पहले दिल का दौरा पड़ने के बाद से उपचार करा रहे थे। अच्युतानंदन माकपा के संस्थापक सदस्यों में से थे और जीवनभर मजदूरों के अधिकारों, भूमि सुधार और सामाजिक न्याय की वकालत करते रहे। उन्होंने 2006 से 2011 तक केरल के मुख्यमंत्री के रूप में सेवा दी और सात बार राज्य विधानसभा के लिए चुने गए।

## दुकानों के विवरण प्रदर्शित करने की याचिका पर केंद्र व राज्यों को नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दुकानों समेत अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के प्रवेश द्वार पर संबंधित मालिकों के नाम और संपर्क विवरण प्रदर्शित करने की मांग वाली एक जनहित याचिका पर केंद्र के अलावा राज्य सरकारों और भारतीय विधि आयोग को सोमवार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने भाजपा के नेता और अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर यह आदेश पारित किया।

## सिद्दारमैया की पत्नी पार्वती को एमयूडीए मामले में राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) से संबंधित धनशोधन के एक मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की पत्नी बीएम पार्वती को राहत देते हुए उनके खिलाफ दायर ईडी की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने इस मामले में कर्नाटक उच्च न्यायालय के सात मार्च के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया, जिसमें ईडी की ओर से पार्वती व अन्य को जारी समन रद्द कर दिया गया था।

## भाजपा सांसद सूर्या को राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कथित तौर पर फर्जी खबरें फैलाने के मामले में भाजपा) सांसद तेजस्वी सूर्या को राहत देते हुए उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मुकदमा रद्द करने के उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली कर्नाटक सरकार की याचिका पर विचार करने से सोमवार को इन्कार कर दिया।

# जस्टिस को 'वर्मा' संबोधित करने वाले वकील को CJI की फटकार

## अदालत ने वकील से पूछा- क्या वह आपके दोस्त हैं, मर्यादा में रहिए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस बीआर गवई ने सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को उनके सरनेम से संबोधित करने पर एक वकील को फटकार लगाई।

दरअसल, वकील मैथ्यूज नेदुम्परा सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस वर्मा को सिर्फ 'वर्मा' कहकर संबोधित कर रहे थे। इस पर सीजेआई ने कहा कि क्या वे



आपके दोस्त हैं? वे अब भी जस्टिस वर्मा हैं। आप उन्हें कैसे संबोधित करते हैं? थोड़ी मर्यादा रखिए। आप एक विद्वान जज की बात कर रहे हैं। वे अब भी इस अदालत के -**शेष पृष्ठ दो पर**

### जस्टिस वर्मा को हटाने की प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को उनके पद से हटाने की प्रक्रिया तेज हो गई है। दिल्ली में मौजूद उनके आवास से जली हुई नकदी के बंडल मिलने के बाद विपक्ष और सत्ता पक्ष के सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति को उनके खिलाफ नोटिस सौंपे हैं। यशवंत वर्मा को इस विवाद के बाद दिल्ली हाईकोर्ट से वापस इलाहाबाद हाईकोर्ट भेज दिया गया है। लोकसभा में 145 सांसदों ने एक साथ मिलकर न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के लिए नोटिस दिया है। इसमें विपक्ष के नेता राहुल गांधी, भाजपा के रविशंकर प्रसाद और अनुराग ठाकुर, कांग्रेस के केसी वेणुगोपाल और के सुरेश, एनसीपी- एसपी की सुप्रिया सुले, डीएमके के टीआर बालू, आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन और आईयूएमएल के ईटी मो. बशीर जैसे कई दिग्गज नेताओं के नाम शामिल हैं।

# उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दिया इस्तीफा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** जगदीप धनखड़ ने उप राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने स्वास्थ्य कारणों को इस्तीफे की वजह बताया है।

राष्ट्रपति को पत्र में उन्होंने लिखा कि स्वास्थ्य की प्राथमिकता और चिकित्सकीय सलाह का पालन करते हुए मैं भारत के उपराष्ट्रपति पद से तत्काल प्रभाव से त्यागपत्र दे रहा हूं। पत्र में उन्होंने राष्ट्रपति को उनके सहयोग और सौहार्दपूर्ण



**■ राष्ट्रपति को भेजे त्यागपत्र में लिखा- स्वास्थ्य कारणों से डाक्टर्स की सलाह पर अपना पद छोड़ रहा हूं**

संबंधों के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल को भी सहयोग के लिए आभार जताया। 2022 में जगदीप धनखड़ ने 14वें उप राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी। 6 अगस्त 2022 को हुए उप राष्ट्रपति के चुनाव में धनखड़ ने विपक्ष की उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को हराया था। धनखड़ ने लिखा कि माननीय राष्ट्रपति जी सेहत को प्राथमिकता देने और डाक्टर की सलाह को मानने के लिए मैं संविधान के अनुच्छेद 67 के अनुसार अपने पद से इस्तीफा देता हूं। मैं भारत के राष्ट्रपति में गहरी कृतज्ञता प्रकट करता हूं।

## 7/11 मुंबई लोकल ट्रेन बम धमाका मामले में ऐतिहासिक फैसला

# 19 साल बाद न्याय, मुंबई ट्रेन धमाके के 12 मुस्लिम युवक हाईकोर्ट से बरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** 7/11 मुंबई लोकल ट्रेन बम धमाकों के मामले में सोमवार को बॉम्बे हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया। 19 वर्षों की लंबी कानूनी लड़ाई के बाद जबरन फंसाए गए मुस्लिम युवाओं को इंसाफ मिला।

कोर्ट ने विशेष मकोका अदालत द्वारा पांच अभियुक्तों एहतिशाम कुतुबुद्दीन सिद्दीकी, कमाल अंसारी, फैसल अता उर्रहमान शेख, आसिफ बशीर और नवेद हुसैन को दी गई फांसी की सज़ा को गैरकानूनी करार दिया। इसी के साथ सात अभियुक्तों मोहम्मद अली शेख, सुहैल शेख, उर्रहमान लतीफ उर्रहमान, डा. तनवीर, मुअज्ज़म अता उर्रहमान शेख, माजिद शफी और साजिद मरगूब अंसारी को दी गई उम्रकैद की सजा को भी रद्द कर दिया गया। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच, जिसमें न्यायमूर्ति एएस कुलकर्णी और न्यायमूर्ति श्याम सी. चांदक शामिल



**हाईकोर्ट बोला- सरकारी वकील दोष साबित करने में नाकाम, ब्लास्ट में 189 लोग मारे गए थे**

**कोर्ट ने अविश्वसनीय गवाहों, संदिग्ध पहचान परेड और यातना देकर इकबालिया बयान लेने के लिए भी जांच दल की आलोचना की**

"आतंकवाद का आरोप झेलने वाले लोगों के दिल से पूछिए कि उन्हें कैसे-कैसे हालात से गुजरना पड़ता है और जहरीला मीडिया कैसे बड़ी-बड़ी डिबेट कर पूरे धर्म के खिलाफ जहर उगलता है। उसके परिजन, दोस्त और रिश्तेदार कितनी दुश्वारियों का सामना करते हैं, लेकिन सोमवार को जब बेगुनाह करार दिया गया तब कोई डिबेट नहीं है। चारों ओर सन्नाटा पसरा है, जबकि आज भी डिबेटे होनी चाहिए थी कि पुलिस ने नाहक लोगों फंसा रखा था। जब 19 सालों के बाद उन्हें न्याय मिला। ये 19 साल उन्होंने कैसे गुजारे यह सोचने भर से ही कंपन महसूस होती है, ऐसी डिबेट करने वाले क्या देश से माफी मांगेंगे।"

थे, ने सुबह साढ़े नौ बजे यह फैसला सुनाया। अदालत ने अभियुक्तों से जबरन लिए गए इक़बाली बयान (कबूलनामे) को पूरी तरह खारिज कर दिया और उसे अवैध बताया। इसके अलावा, सरकारी गवाहों की गवाही को भी अदालत ने स्वीकार नहीं किया।

## कोर्ट का फैसला न्याय की बुलंदी और सच्चाई की जीत: मौलाना अरशद मदनी

**नई दिल्ली।** जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने इस फैसले को न्याय की बुलंदी और सच्चाई की जीत करार देते हुए कहा कि यह उन परिवारों के लिए बहुत बड़ा दिन है, जिनके बेटे 19 साल से झूठे आरोपों में जेल में सज़ा काट रहे थे।

हम इस दर्दनाक दौर की कल्पना भी नहीं कर सकते, जो इन बेगुनाहों और उनके परिवारों ने 19 साल तक गुजारा। यह जमीयत उलमा महाराष्ट्र लीगल सेल की एक ऐतिहासिक जीत है, जिन्होंने लगातार कानूनी लड़ाई लड़ी और आखिरकार 12 निर्दोषों को बाइज्जत रिहाई दिलाई, जिनमें 5 को फांसी और 7 को उम्रकैद हो चुकी थी। मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि हमारे वकीलों ने दिन-रात मेहनत की और ऐसी ठोस दलीलें दीं कि



**■ कहा: बेगुनाहों को इंसाफ तो मिल गया, लेकिन जिन लोगों ने उनकी ज़िंदगी तबाह की उन्हें सज़ा दिए बिना इंसाफ अधूरा**

अभियोजन पक्ष का पूरा झूठ उजागर हो गया। उन्होंने कहा कि यह फैसला एक बार फिर हमारे उस लंबे समय से उठाए जा रहे मुद्दे को साबित करता है कि मुस्लिम युवकों को आतंकवाद के झूठे -**शेष पृष्ठ दो पर**


# मानसून सत्र के पहले दिन नहीं चल पाई लोकसभा

## ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए सरकार तैयार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए सरकार तैयार हो गई है। अगले हफ्ते इस मुद्दे पर लोकसभा में 16 और राज्यसभा में 9 घंटे बहस होगी। हालांकि विपक्ष का कहना है कि चर्चा सत्र के शुरुआत में होनी चाहिए और पीएम मोदी जवाब दें।

इधर, सत्र के पहले दिन राज्यसभा- लोकसभा में पहलगाम और ऑपरेशन सिंदूर पर हंगामा हुआ। विपक्ष ने इन मुद्दों पर चर्चा की मांग को लेकर नारेबाजी की। दिनभर में लोकसभा 4 बार स्थगित हुई, जिसके बाद शाम 4 बजे सदन को मंगलवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। लोकसभा 4 बार स्थगित हुई। विपक्ष ने लोकसभा में पहलगाम-ऑपरेशन सिंदूर पर हंगामा किया। विपक्षी दलों की मांग थी कि सरकार का प्रमुख होने के नाते प्रधानमंत्री इन मुद्दों पर जवाब दें। इसके चलते लोकसभा 4 बार स्थगित हुई।



**■ सत्र के पहले दिन राज्यसभा- लोकसभा में पहलगाम और ऑपरेशन सिंदूर पर हंगामा**
**■ लोकसभा में 16, राज्यसभा में नौ घंटे बहस होगी**

जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने के संबंध में स्पीकर ओम बिरला को ज्ञापन सौंपा गया। लोकसभा में 145 और राज्यसभा में 63 सांसदों ने वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए। राज्यसभा से बिल ऑफ लैडिंग बिल, 2025 पास हुआ। यह 1856 के भारतीय बिल्स ऑफ लैडिंग एक्ट की जगह लेगा।

# रामपुर तिराहा मामले में सुनवाई चार अगस्त को

**नैनीताल (शाह टाइम्स ब्यूरो)।** नैनीताल हाईकोर्ट में उत्तराखंड राज्य आंदोलन के चर्चित रामपुर तिराहा मामले में न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ के समक्ष चार अगस्त (सोमवार) को सुनवाई होगी।

आंदोलनकारियों के अधिवक्ता रमन शाह ने बताया कि इस मामले में सात महिलाओं के साथ दुष्कर्म हुआ था जबकि 17 अन्य को प्रताड़ित किया गया

**■ दो अक्टूबर1994 को पृथक राज्य की मांग करने वालों पर हुआ था अत्याचार**

था। मामले में मुख्य आरोपी मुजफ्फरनगर के तत्कालीन जिलाधिकारी अनंत कुमार सिंह तथा सात अन्य आरोपियों के मामले सीबीआई की ओर से मुजफ्फरनगर कोर्ट को स्थानांतरित कर दिए गए थे इनकी सुनवाई अभी तक लंबित है। राज्य आंदोलनकारियों की सुप्रीम कोर्ट में अपील पर मामला नैनीताल हाईकोर्ट स्थानांतरित कर दिया गया था। बता दें कि दो अक्टूबर 1994 को पृथक राज्य की मांग को लेकर प्रदर्शन के लिए दिल्ली जा रहे आंदोलनकारियों पर मुजफ्फरनगर के रामपुर तिराहा में पुलिस की ओर से भारी अत्याचार किए गए।

## मुंबई में रनवे से उतरा एयर इंडिया का विमान

**मुंबई।** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार को एयर इंडिया का एक विमान रनवे से उतर गया। हालांकि हादसे में कोई नुकसान नहीं हुआ। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने बताया कि उड़ान संख्या एआई2744 केरल के कोच्चि से मुंबई आई थी। मुंबई में भारी बारिश के दौरान लैंडिंग के समय विमान फिसलकर रनवे से उतर गया।

## वकीलों ने दी कानूनी सलाह, ईडी ने समन भेजा

# एजेंसी सारी हदें पार कर रही: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) सारी हदें पार कर रहा है। एक वकील और मुवक्किल के बीच की बातचीत विशेष होती है। भले ही वह गलत हो। उनके खिलाफ नोटिस कैसे जारी किए जा सकते हैं। कुछ तो गाइडलाइन होनी चाहिए।

**■ कोर्ट ने कहा: इसकी गाइडलाइन बननी चाहिए**

सुप्रीम कोर्ट ने ईडी के उस एक्शन पर चिंता और नाराजगी जताई, जिसमें एजेंसी ने जांच के दौरान कानूनी सलाह देने या मुवक्किलों की तरफ से पैरवी करने वाले वकीलों को समन दिया था। कोर्ट ने इस मामले में दिशा-निर्देश भी मांगे। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच कानूनी पेशे की स्वतंत्रता पर ऐसी कार्रवाईयों से पड़ने वाले असर से जुड़े एक मामले की सुनवाई कर रही थी।

# ऑपरेशन सिंदूर से दुनिया ने देखी भारत की ताकत: मोदी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुनिया ने भारत की सैन्य शक्ति और सामर्थ्य को देखा है और संसद का यह मानसून सत्र राष्ट्र के लिए गौरव और एक तरह से विजय उत्सव का मौका है।

श्री मोदी ने मानसून सत्र शुरू होने से पहले संसद परिसर में संवाददाताओं के समक्ष अपने पारम्परिक संबोधन में पहलगाम



आतंकवादी हमले, ऑपरेशन सिंदूर, अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारतीय अंतरिक्ष यात्री के जाने तथा देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था का विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह मानसून सत्र राष्ट्र के लिए बहुत ही गौरवपूर्ण सत्र है। यह सत्र राष्ट्र के लिए एक अपने आप में विजयोत्सव का रूप है, और जब मैं कहता हूं कि ये सत्र राष्ट्र गौरव और विजयोत्सव का सत्र

**■ कहा: यह मानसून सत्र राष्ट्र के लिए बहुत ही गौरवपूर्ण सत्र**

है, तो सबसे पहले तो मैं पहली बार इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर भारत का तिरंगा झंडा वहां लहराना, यह हर देशवासी के लिए गौरव के पल हैं। देश में विज्ञान तकनीक के प्रति, नवाचार के प्रति, नया उमंग और उत्साह भरने वाली यह सफल यात्रा रही है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन सुभांशु शुक्ला के एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर गए थे और 18 दिन वहां रहने के बाद पृथ्वी पर लौटे। पूरी संसद लोकसभा व राज्यसभा दोनों सदन, उस गौरव से एक स्वर से जुड़ेंगे, जिसका देशवासी अनुभव कर रहे हैं।इसका यशगान होगा, जो भारत को अंतरिक्ष में नई ऊंचाइयों पर पहुंचने वाले भावी कार्यक्रम हैं, उनके लिए प्रेरक बनेगा और प्रोत्साहक बनेगा।

# हिमाचल में लैंडस्लाइड पति-पत्नी की मौत

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में रविवार रात से भारी बारिश हो रही है। चंबा जिले की चड़ी पंचायत के सूताह गांव में पहाड़ी से घर पर बड़ा पत्थर गिरने से दंपति की मौत हो गई। इनकी 5 महीने पहले ही शादी हुई थी।

सोमवार को हिमाचल के 4 जिलों के 9 सब डिवीजन में स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है। जम्मू-कश्मीर के रियासी

**■ वैष्णो देवी के पुराने रूट पर रियासी में भूस्खलन, एक की मौत, नौ घायल**

जिले में सोमवार सुबह वैष्णो देवी के पुराने रास्ते पर भूस्खलन हुआ, जिसमें एक यात्री की मौत हो गई, 9 श्रद्धालु घायल हो गए।

# भाकियू ने सौंपा 12 सूत्रीय ज्ञापन

## शुगर मिलों से भुगतान दिलाने की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भाकियू टिकैत ने प्रशासन को 12 सूत्रीय ज्ञापन सौंप कर शुगर मिलों से बकाया गन्ना मूल्य भुगतान दिलाने की मांग की।

प्राप्त समाचार के अनुसार भाकियू टिकैत की जिला स्तरीय मासिक पंचायत आज नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान के नेतृत्व में गन्ना समिति कार्यालय परिसर में हुई। जिसमें किसानों की मांगों से संबंधित 12 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा गया। जिसमें कहा गया कि अफजलगढ़ क्षेत्र में भूतपूर्व सैनिकों को उनकी जमीनों का मालिकाना हक दिलाया जाए। वहां पर जिन्होंने पैसे दिए, उनके नाम खतौनी में दर्ज हो गए हैं। जिन्होंने पैसे नहीं दिए, उनके नाम खतौनी में दर्ज नहीं किए गए है। प्रत्येक ग्राम में गुलदारों को पकड़वाने के लिए पिंजरे लगाए जाए। वन विभाग पिंजरे लगाने के नाम पर खाना पूर्ति कर रहा है। पिंजरों को घासफूस से ढका जाता है और न ही उनमें कोई कुत्ता या बकरी बांधी जाती हैं। जिन शुगर मिलों ने अभी तक विगत सत्र का गन्ने का भुगतान नहीं किया है, उन पर अविलंब किसानों का पूर्ण भुगतान दिलाने के लिए प्रशासन दबाव बनाया जाए। किसानों के खेतों में घूम रहे आवारा पशुओं को पकड़वा कर गौशाला में भिजवाया जाए। चकबंदी विभाग में वर्षों से लंबित मुकदमों का शीघ्र निस्तारण करा कर कब्जा परिवर्तन करते हुए चकबंदी प्रक्रिया को पूर्ण कराया जाए। तहसीलों में भी भ्रष्टाचार व्याप्त है। गलत अंश निर्धारण दर्ज किए जाने के कारण अनेक किसान परेशान है भाई को भाई से लड़ाने की स्थिति पैदा की जा रही है। यातायात विभाग में ड्राइविंग लाइसेंस व अन्य कार्य बिना पैसे दिए नहीं हो पा रहे हैं। विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई जाए। वाहन चेकिंग के नाम पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा की जा रही लूट खसोट को बंद कराया जाए। नांगल सोती के खादर क्षेत्र में वन विभाग किसानों की जमीन कब्जाना चाहता है। किसी भी कार्रवाई से पहले किसानों को उनकी जमीन नाप कर दी जाए। मिलों को गन्ना क्षेत्र का समान आवंटन किया जाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्षेत्रीय स्तर पर स्वास्थ्य केन्द्रों का निर्माण तो करा दिया है, लेकिन उनमें चिकित्सक नहीं आते हैं। सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सकों की नियुक्ति की जाए। सोसाइटी में खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। बिजली विभाग पुराने मीटरों को उतार कर स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य कर रहा है, जबकि इन मीटरों से गलत बिल निकलने की शिकायत मिल रही हैं। स्मार्ट मीटरों को लगाने पर रोक लगाई जाए। बिलाई मिल की ओर जाने वाले नहर मार्ग की कई वर्षों से टूटी पड़ी सड़क का पुनर्निर्माण कराया जाए। ग्राम अब्दुल्लापुर मुन्ना उर्फ हादरपुर में मोहित पेट्रोकैमिकल्स व जैन डिस्टलरी के मालिकों ने उदयराज पुत्र जय सिंह के खेत में फैक्ट्री का कैमिकल युक्त पानी डलवा कर उनकी 18 बीघा फसल नष्ट कर दी है। पीड़ित किसान को उचित मुआवजा दिलवाया जाए। जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने कहा कि अगर इन समस्याओं का समाधान डीएम के द्वारा नहीं कराया जाता है, तो शीघ्र ही कलेक्ट्रेट पर किसानों का अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जाएगा।

इस मौके पर विजयपाल सिंह, रामपाल सिंह, ठाकुर राम अवतार सिंह, लुधियाना सिंह, मनप्रीत सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर, कुलदीप सिंह, वीरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र राणा, आशु चौधरी, डॉ. विजय सिंह, धर्मेंद्र कुमार, संदीप त्यागी, मुनेंद्र काकरान, दिनेश कुमार, नरदेव सिंह, हनीफ, याकूब, सरताज, विकार अहमद, अवनीश कुमार, बलजीत सिंह, राजेंद्र सिंह, अजय बालियान, गजेंद्र सिंह, कविराज सिंह, जय सिंह, मुनेश अहलावत, अमरपाल सिंह, कल्याण सिंह, मुकेश कुमार, जितेंद्र सिंह, विनीत मौर्य, ऋषिपाल सिंह, देवदत्त शर्मा, महावीर सिंह, धर्मवीर सिंह चौहान, प्रमोद कुमार, जगत सिंह, कोमन सिंह, विनीत चौधरी, पुष्पेंद्र सिंह, वीरेंद्र, रवि शेखर तोमर, अरुण कुमार, रिंकू राठी, मनोज कुमार, देवेंद्र प्रधान, बेगराज सिंह आदि मौजूद रहे।

# ब्लॉक प्रमुख कोटे से बनी सड़क पर विवाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** ग्राम उमरी पीर में हल्दौर ब्लॉक प्रमुख के कोटे से बनाई गई एक सड़क उस समय विवाद का कारण बन गई जब गांव के कुछ राजनीतिज्ञों ने ठेकेदार को बर्गलाना शुरू कर दिया। जिसके चलते ठेकेदार ने सड़क को बीच से गहरा कर दिया और साइड की नाली के पानी को तालाब के स्थान पर ग्रामीणों के खेतों की ओर कर दिया, जिससे ग्रामीण को अपनी फसल खराब होने का डर सता रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम उमरी पीर में हल्दौर ब्लॉक प्रमुख कोटे से एक सड़क का निर्माण कराया गया है। वास्तव में सड़क और नाली के पानी का ढाल तालाब की ओर होना था, जिसके लिए बीडीओ ने भी जेई को तत्काल निर्देशित करने की बात कही थी परंतु गाँव के हालात, राजनीति, पैसे के हो रहे दुरुपयोग सहित पानी की निकासी की सही जगह का पता होने के बावजूद ठेकेदार ने मनमानी करते हुए न केवल सड़क को बीच में गहरा कर छोड़ दिया जिससे बीच में स्थित घरों में पानी भर रहा है बल्कि पानी की निकासी तालाब में न कर गांव के बाहर जंगल की ओर कर दी। अब ग्रामीणों का कहना है कि गाँव के पानी सहित आने वाले बरसात के पानी से उनकी फसल बर्बाद हो जाएगी। साथ ही गाँव के बाहर कच्चे रास्ते पर जो पानी भरा रहेगा वह गाँव में नई नई बीमारियों को जन्म देगा, जिससे गाँव रोग ग्रस्त हो जाएगा। ग्रामीणों ने आलाधिकारियों से अपने पद का दुरुपयोग कर उनके जीवन से खिलवाड़ न करने की गुहार लगाई है।

## क्या गांव में खून खराबा कराना चाहते हैं बीडीओ?

सवाल है कि जब गाँव व सड़क और मानक की सारी बातों से ग्राम प्रधान ने बीडीओ को फोन पर अवगत करा दिया और बीडीओ ने भी पानी के तालाब में ही जाने की बात स्वीकारी और जेई द्वारा ठेकेदार को निर्देशित कराने तक की बात कह दी। तब बीडीओ ने ठेकेदार को मनमाना काम करने के लिए पुलिस बल क्यों मुहैया करा दिया? सवाल यह है कि एक पक्ष को आश्वासन और दूसरे को प्रोटेक्शन देकर क्या बीडीओ गाँव में खून खराबा कराना चाहते है?

## मामले को गंभीरता से लें अधिकारी


बीडीओ हल्दौर की जानकारी के लिए बता दें कि यह गांव दो गुटों की राजनीति का अड्डा है जिन्हें अपने अपने झंडे ऊंचे करने है। यहाँ एक पक्ष दूसरे को नीचा दिखाने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। बीते दिनों भी मारपीट सहित कई वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुई थी, जिसके बाद स्थानीय पुलिस का काम बढ़ गया था।

# दिशा में एमबीए का शानदार परीक्षाफल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के एमबीए विभाग के प्रथम वर्ष (प्रथम सेमेस्टर) का परिणाम डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा हाल ही में घोषित किया गया। परिणाम में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्रा अल्फशा परवीन पुत्री मोहम्मद सलीम ने 79.4% अंक



प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया।

वहीं सजल गंगवार पुत्र धीरेन्द्र कुमार ने 78.7% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया और लायबा नूर पुत्री इरशाद सैफी ने 76.3% अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

संस्थान की इस उपलब्धि पर महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनिरुद्ध अग्रवाल, रजिस्ट्रार राजीव कुमार, शैक्षणिक प्रभारी अमित बिश्नोई, विभागाध्यक्ष बृजनेश सिसोदिया, डॉ. एकता मलिक, कोऑर्डिनेटर नाजिश, निधि चौहान, राजेश कुमार, डॉ. समीर अहमद व विवेक कुमार ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बीबीए तृतीय वर्ष का परीक्षाफल शत प्रतिशत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज आर्फ साइंस, बिजनौर के बी.बी.ए. तृतीय वर्ष का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष मोहित चिकारा ने बताया कि एम.जे.पी. रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा घोषित परिणाम में बी.बी.ए. तृतीय वर्ष में तनु चौधरी ने प्रथम, दीपिका राजपूत ने द्वितीय तथा वंशिका शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हैं।

कृष्णा कॉलेज के प्राचार्य डा. सीमा शर्मा ने सभी उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अति उत्तम रहा है। हमारा निरन्तर

## तनु चौधरी रही प्रथम स्थान पर

यही प्रयास रहता है कि छात्र/छात्राओं को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले जिससे कि वह प्रोफेशनल एजुकेशन को बेहतर रुप से समझ सकें व अपने जीवन में उपयोग कर लाभान्वित हो सकें।

कॉलेज संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, प्राचार्या डा. सीमा शर्मा, डा. एससी जैन, सहायक प्रवक्ता डा. दुष्यन्त कुमार जैन, मेहर चन्द, नीरज अग्रवाल, प्रियंका राजन अग्रवाल, रोहित राजपूत एवं नूतन चौधरी, ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# शिव भक्तों का पुष्पवर्षा से स्वागत

## श्रद्धालुओं को फल किए वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** हरिद्वार से पदयात्रा द्वारा गंगाजल लेकर अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करने वाले शिव भक्तों पर पुष्प वर्षा करके फल वितरित किए।

सोमवार को हरिद्वार से पदयात्रा द्वारा कांवड़ियों के जत्थे का नहटौर पहुंचने पर हल्दौर चौराहे पर नगर पालिका के कैंप में भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र बॉबी,ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार, क्षेत्रीय मंत्री विनीता शर्मा, उप जिला अधिकारी धामपुर ऋतु रानी, सीओ अभय कुमार पांडे, थाना अध्यक्ष धीरज नागर, पालिका अधिशासी अधिकारी ओम गिरी, उर्मिला पाल, विनीता शर्मा, वैभव, अर्पित गुप्ता सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों



और जनप्रतिनिधियों ने जनता के साथ सम्मिलित होकर शिव भक्तों का पुष्प वर्षा करके स्वागत किया।

इसके अलावा ग्राम खंडसाल में आयोजित शिविर में ग्राम प्रधान सतीश कुमार सीओ धामपुर अभय कुमार पांडे, थाना अध्यक्ष धीरज नागर, अनुसूचित जनजाति का मंडल अध्यक्ष जसवंत सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा करके फल वितरित करके भव्य स्वागत किया।

# वन रक्षक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

## वन विभाग की टीम पर हमले का मामला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** साहूवाला वन क्षेत्र में गश्त पर निकली वन विभाग की टीम द्वारा जंगल से काटकर ले जाई जा रही प्रतिबंधित लकड़ियों से भरी महिंद्रा पिकअप गाड़ी को रोकने पर लकड़ी माफियाओं ने टीम के साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। वन रक्षक विकास कुमार की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

साहूवाला वन रेंज के वन रक्षक विकास कुमार ने दर्ज कराए केस में कहा कि रविवार की देर शाम डिप्टी रेंजर राकेश चंद मेंदोला, वन दरोगा राजू, अजय कुमार, मोहित व वन रक्षक नितिन एवं कपिल साहूवाला वन क्षेत्र में गश्त पर थे। ग्राम मदपुरी में राजकीय कन्या इंटर कालेज के पास जंगल की ओर से आ रही एक महिंद्रा पिकअप गाड़ी को रोकने का इशारा किया। गाड़ी में सवार लोगों ने वन विभाग की टीम के साथ गाली-गलौज कर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करते हुए जान से मारने की नीयत से टीम पर फायर कर भागने लगे। वन कर्मियों द्वारा पीछा करने पर गाड़ी को छोड़कर फरार हो गए। गाड़ी में प्रतिबंधित खैर की लकड़ी भरी हुई थी। टीम द्वारा गाड़ी को कब्जे में लेने का प्रयास करने पर कृपाल सिंह, छिंदर, दीपक, सुखविंदर निवासी गांव मदपुरी व कई अन्य अज्ञात व्यक्ति मौके पर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए फायर कर लकड़ियों से भरी गाड़ी लेकर भाग गए। वन कर्मियों की सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। लकड़ी से भरी गाड़ी को पुनः कब्जे में लेने पर ग्रामीणों ने एक राय होकर वन विभाग की टीम के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार ने बताया कि वन रक्षक की तहरीर पर दस नामजद व 50 से 60 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# गुलदार का बकरियों पर हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** क्षेत्र के गांव अलाउद्दीनपुर में बीती रात गुलदार ने पशुशाला में बंधी तीन बकरियों पर हमला कर मार डाला। पीड़ित ने वन विभाग से मुआवजा दिलाने व पिंजरा लगवाने की मांग की है।

क्षेत्र के ग्राम अलाउद्दीनपुर निवासी किसान नफीस अहमद पुत्र इब्राहीम ने घर के पास ही पशुपालन के लिए पशुशाला बनाई हुई है। रविवार की रात गुलदार पशुशाला में घुस आया और वहां पर बंधी बकरियों पर हमला कर दिया। पशुओं के चिल्लाने की आवाज सुनकर नफीस स्वजन के साथ पशुशाला की ओर दौड़ा। शोर शराबे की आवाज सुनकर गुलदार मौके से भाग निकला।

गुलदार ने हमला कर तीन बकरियों को मार डाला। किसान ने वन विभाग से मुआवजे की मांग कर घटनास्थल के पास पिंजरा लगवाने की मांग की है।

# अफजलगढ़ में आवारा कुत्तों का आतंक बरकरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा कुत्तों का आतंक बरकरार है। कुत्तों के हमलों को लेकर जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौन धारण किए हुए हैं। जनता का कोई पुरसाने हाल नहीं है।

थाना रेहड़ क्षेत्र के गांव उदयपुर उर्फ सुल्तानपुर, भक्तावाला, हसनपुर आदि में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ताजा घटना में टिकेंद्र पुत्र दुष्यंत कुमार को एक कुत्ते ने हमला घायल कर दिया। घायल टिकेंद्र को तत्काल पीएससी कासमपुर गढ़ी भर्ती कराया गया है, जहां चिकित्सकों द्वारा



प्राथमिक उपचार कर रैबीज इंजेक्शन लगाकर छुट्टी दे दी गई। उक्त गांव के स्थानीय निवासियों का कहना है कि गांव में आवारा कुत्तों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है और ये कुत्ते अब हमलावर होकर जन हानि पहुंचा रहे हैं। बच्चों और बुजुर्गों महिलाओं का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि पहले भी ऐसी कई घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें लोग कुत्तों के हमलों का शिकार हुए हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा इस समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहा हैं।

ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द इस गंभीर समस्या पर ध्यान दिया जाए और आवारा कुत्तों की जनसंख्या वृद्धि पर रोक लगाने तथा आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान चलाकर आबादी से दूर जंगलों में छोड़ा जाए ताकि कोई और ग्रामीण इन हिंसक हमलों का शिकार न हो।

# पत्रकार के बहनोई के इंतकाल पर शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** वरिष्ठ पत्रकार अनीस खान के बहनोई हाफिज इमादुद्दीन खान का दिल्ली के लोकनायक अस्पताल में शनिवार सुबह इंतकाल हो गया। वे 65 वर्ष के थे और बीते तीन वर्षों से पैरालिसिस जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे।

हाफिज इमादुद्दीन खान एक ऐसे इंसान थे, जिनकी जिंदगी का हर पहलू सादगी, नेकी और इंसानियत से भरा हुआ था। उनका स्वभाव इतना मीठा और व्यवहार इतना दोस्ताना था कि उन्हें जानने वाला हर व्यक्ति उनसे मुहब्बत करने लगता था। वर्ष से गहरा जुड़ाव रखने वाले हाफिज साहब हर छोटे-बड़े मसले में उन्हें



की मदद के लिए हमेशा आगे रहते थे। करीब तीन साल पहले उन्हें पैरालिसिस हुआ था, जिसके बाद उनकी तबीयत लगातार बिगड़ती चली गई। तीन दिन पहले तबीयत अधिक बिगड़ने पर परिजन उन्हें देहरादून के जॉली ग्रांटअस्पताल ले गए, जहां उनकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें दिल्ली के लो. कनायक अस्पताल रेफर कर दिया। वहां शनिवार सुबह 9:30 बजे उन्होंने आखिरी सांस ली।

उनके इंतकाल की खबर से न सिर्फ परिवार बल्कि पूरा सहारनपुर और आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई। लोगों ने बताया कि हाफिज साहब की मौजूदगी किसी रौशनी की तरह थी जो अंधेरे में भी उम्मीद की किरण बिखेर देती थी। बल्कि एक साए की तरह थे। उनका मजाकिया अंदाज उनकी नेकनीयती और उनका सब्र हर किसी को प्रेरणा देता था।

# प्राइमरी स्कूलों के विलय मामले में हाईकोर्ट में अपील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के प्राथमिक स्कूलों के विलय मामले में एकल पीठ के फैसले को इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ में दो न्यायाधीशों की खंडपीठ में विशेष अपीलें दाखिल कर चुनौती दी गई है।

मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायाधीश जसप्रीत सिंह की खंडपीठ के समक्ष मंगलवार यानी 22 जुलाई को विशेष अपीलें सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हैं। अपीलकर्ताओं के अधिवक्ता गौरव मेहरोत्रा ने बताया कि पहली विशेष अपील पांच बच्चों ने और दूसरी 17 बच्चों ने अपने अभिभावकों के जरिए दाखिल की है। इनमें स्कूलों के विलय में एकल पीठ द्वारा बीती सात जुलाई को दिए गए फैसले को रद्द करने का आग्रह किया गया है। इसके बाद मामले में दाखिल एक जनहित याचिका को भी खंडपीठ ने बीती



10 जुलाई को खारिज कर दिया था। बीती सात जुलाई को स्कूलों के विलय मामले में राज्य सरकार को बड़ी राहत मिली थी। एकल पीठ ने प्राथमिक स्कूलों के विलय आदेश को चुनौती देने वाली दोनों याचिकाओं को खारिज कर दिया था। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने यह फैसला सीतापुर के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले 51 बच्चों समेत एक अन्य याचिका पर दिया था। इनमें बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बीती 16 जून को जारी उस आदेश को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया था, जिसके तहत प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों की संख्या के आधार पर उच्च प्राथमिक या कंपोजिट स्कूलों में विलय करने का प्रावधान किया गया है। याचियों ने इसे मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा कानून के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाला कहा था। साथ ही मर्जर से छोटे बच्चों के स्कूल दूर हो जाने की परेशानियों का मुद्दा भी उठाया था। याचियों की ओर से खास तौर पर दलील दी गई थी कि स्कूलों को विलय करने का सरकार का आदेश, 6 से 14 साल के बच्चों के मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन करने वाला है। उधर राज्य सरकार की ओर से याचिकाओं के विरोध में प्रमुख दलील दी गई कि विलय की कार्रवाई, संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल के लिए बच्चों के हित में की जा रही है।

## मेडिकल में दाखिले को यूपी नीट यूजी का काउंसिलिंग पंजीकरण शुरू

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस एवं डेंटल कॉलेजों में बीडीएस में नीट यूजी 2025 के जरिए दाखिले को लेकर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अभी पहले चरण की प्रवेश प्रक्रिया के लिए रजिस्ट्रेशन होंगे। इसके बावत चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक कार्यालय द्वारा वेबसाइट पर काउंसिलिंग की समय सारिणी जारी कर दी गई है। वहीं नीट यूजी 2024 की अंतिम चक्र की काउंसिलिंग में सीट आवंटन के बाद दाखिला न लेने वाले कुल 78 अभ्यर्थी, नीट यूजी 2025 की काउंसिलिंग से डिबार कर दिया गया है। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने सोमवार को बताया कि समय सारणी में केवल पंजीकरण व धरोहर राशि जमा करने की तिथि दी गई है। जिसमें 28 जुलाई 2025 तक पंजीकरण कराने के साथ ही प्रपत्र अपलोड करने होंगे। उन्होंने बताया कि मेडिकल काउंसिलिंग कमेटी (एमसीसी) नई दिल्ली द्वारा ऑल इंडिया कोटे की सीटों पर दाखिले के लिए काउंसिलिंग 21 जुलाई से शुरू हो रही है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**जस्टिस वर्मा...**

जज हैं। वकील ने जवाब दिया कि मुझे नहीं लगता कि उन्हें इतनी इज्जत देनी चाहिए। इस पर सीजेआई ने कहा कि प्लीज, कोर्ट को ऑर्डर मत दीजिए। साथ ही कोर्ट ने कैश बरामदगी मामले में वकील मैथ्यूज नेदुम्परा की उस याचिका को भी खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने जस्टिस वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी। दरअसल, जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित घर में 14 मार्च की रात आग लगी थी। उनके घर के स्टोर रूम से 500-500 रुपये के जले नोटों के बंडलों से भरे बोरे मिले थे। जस्टिस वर्मा उस समय दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस थे। बाद में उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया था।

**19 साल बाद...** आरोपों में फंसा कर उनकी जिंदगी बर्बाद करना एक सोची-समझी साजिश है। यह न केवल निर्दोषों को जेल की सलाखों के पीछे डालता है, बल्कि एक पूरी कौम को बदनाम भी करता है। उन्होंने कहा कि जब तक पुलिस और जांच एजेंसियों की जवाबदेही तय नहीं की जाएगी, तब तक ऐसी घटनाएं दोहराई जाती रहेंगी और निर्दोषों की जिंदगियां यूं ही बर्बाद होती रहेंगी। मौलाना मदनी ने यह भी कहा कि मौजूदा राजनीतिक हालात में मुसलमान पुलिस और एजेंसियों के लिए आसान निशाना हैं। पूर्व मुख्य न्यायाधीश उड़ीसा हाईकोर्ट और जमीयत उलमा-ए-हिंद के अधिवक्ता जस्टिस मुरलीधर ने टिप्पणी की कि इस केस की जांच जानबूझकर पक्षपातपूर्ण रखी गई थी। उनका कहना था कि जब जनता की भावनाएं भड़की हों, तो मीडिया ट्रायल के जरिये लोगों को गुनहगार साबित कर दिया जाता है और बाद में सबूत जुटाए जाते हैं। यह टिप्पणी हमारे देश की न्यायिक व्यवस्था की हकीकत को बयां करती है। मौलाना मदनी ने कहा कि कानून लागू करने वाले विभागों को मिली खुली छूट ने उन्हें बेलगाम बना दिया है, जिसका सबसे खराब उदाहरण यह मामला है। 19 साल की सज़ा के बाद रिहाई तो हो गई, लेकिन जिन लोगों ने यह साज़िश की, उन्हें कोई सज़ा नहीं मिली और न ही कोई पूछताछ हुई। उन्होंने कहा कि हम इस फैसले का दिल से स्वागत करते हैं, लेकिन जब तक जिम्मेदारों को सज़ा नहीं मिलती, यह इंसाफ अधूरा समझते हैं। मीडिया द्वारा मुसलमानों को निशाना बनाकर चलाया जाने वाला दुष्प्रचार अभियान इस देश के लोकतंत्र पर धब्बा है।

अदालत ने अपने फैसले में आद. श दिया कि यदि अभियुक्त किसी और मामले में वांछित नहीं हैं, तो उन्हें तुरंत जेल से रिहा किया जाए। यहां तक कि कमाल अंसारी, जिनकी जेल में मृत्यु हो गई थी, उन्हें भी बाइज्जत बरी कर दिया गया। जब न्यायमूर्ति कुलकर्णी फैसला पढ़ रहे थे, तब फांसी की सज़ा पाए पांच अभियुक्त ऑनलाइन सुनवाई देख रहे थे। पहले उनके चेहरों पर मायूसी थी, लेकिन जैसे ही फैसला उनके पक्ष में आया, वे खुश हो गए और अदालत तथा अपने वकीलों का शुक्रिया अदा किया। सीनियर एडवोकेट योग मोहित चौधरी ने अदालत का धन्यवाद किया और कहा कि आज के फैसले से न्यायपालिका पर जनता का भरोसा बढ़ेगा और कानून की सर्वोच्चता बनी रहेगी। उन्होंने रक्षात्मक अधिवक्ताओं को बहस का पूरा मौका देने के लिए भी धन्यवाद दिया। चौधरी ने भावुक होकर कहा कि अगर इस मुकदमे को बारीकी से देखा जाए, तो साफ़ पता चलता है कि आरोपियों के खिलाफ झूठे सबूत गढ़े गए थे, जिसकी सोमवार को अदालत ने पुष्टि कर दी। जमीयत उलमा महाराष्ट्र लीगल सेल ने इस मुकदमे में देश के नामी क्रिमिनल अधिवक्ताओं की सेवाएं ली थीं जिनमें सीनियर एडवोकेट एस. नागामुथु (पूर्व न्यायाधीश मद्रास हाईकोर्ट), सीनियर एडवोकेट मुरलीधर (पूर्व मुख्य न्यायाधीश उड़ीसा हाईकोर्ट), सीनियर एडवोकेट नित्या रामाकृष्णन (सुप्रीम कोर्ट), एडवोकेट योग मोहित चौधरी और कई अन्य वकील शामिल थे। इनकी मदद के लिए एडवोकेट अब्दुल वहाब खान, एडवोकेट शरीफ, एडवोकेट अंसार तंबोली, एडवोकेट गौरव भवानी, एडवोकेट आदित्य मेहता, एडवोकेट शाहिद नदीम, एडवोकेट अफ़ज़ल नवाज़, एडवोकेट बिलाल आदि को जिम्मेदारियां सौंपी गई थीं।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## कुत्ते को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर गिरी बाइक

# जीजा की मौत, दो साले घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** क्षेत्र के गांव कुम्हारपुरा के निकट सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार बाइक के सामने अचानक एक कुत्ता आ गया, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में बाइक सवार जीजा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो साले गंभीर रूप से घायल हो गए।

कोतवाली शहर क्षेत्र के गांव आदमपुर पृथ्वी निवासी विमल कुमार (42 वर्ष), पुत्र रोहिताश सिंह अपनी ससुराल फड़ियापुर आया हुआ था। सोमवार को वे अपने साले देवेंद्र उर्फ सोमपाल और सोनू (पुत्रगण हरकेश) के साथ रिश्तेदारी में कुंडा बल्दाना गांव जा रहे थे। बाइक विमल स्वयं चला रहे थे। ग्रामीणों के अनुसार जैसे ही वे गांव कुम्हारपुरा के पास पहुंचे अचानक सड़क पर एक कुत्ता आ गया। कुत्ते को बचाने की कोशिश में विमल ने बाइक का संतुलन खो दिया और तीनों सड़क पर जा गिरे। गिरने के दौरान विमल का सिर जोर से सड़क पर लग गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से तीनों को तत्काल सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने विमल को मृत घोषित कर दिया। वहीं, देवेंद्र और सोनू का अस्पताल में उपचार चल रहा है। दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद गांव में शोक की लहर है। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।



# साइबर ठगों ने महिला के खाते से उड़ाई नकदी

### पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** एक ग्रामीण महिला से साइबर ठगों ने उसके खाते से लगभग 98 हजार रुपए उड़ा लिए। पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की, अब लोगों की मेहनत की गाढ़ी कमाई से कमाया हुआ पैसा बैंकों में भी सुरक्षित नहीं है।

प्राप्त सूचना के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम मीरापुर मोदी वाला निवासी अंजुम परवीन पत्नी मौहम्मद तस्लीम ने पुलिस को दी तहरी में बताया कि उसका बैंक खाता पंजाब नैशनल बैंक की शाखा हिदायतपुर थाना अफजलगढ़ में खुला हुआ, जिसका खाता नं.051500010........ है। बीते 19 जुलाई 2025 को यूपीआई की आईडी और स्वारति के नाम के बैंक खाते में किसी अज्ञात व्यक्ति ने 2,000-2,000 हजार रूपये करके टोटल 14,000 हजार रूपये निकाल कर ट्रांसफर कर लिए व एक और यूपीआईडी एचडीएफसी बैंक खाते में क्रमश 49,000, 35,000 टोटल 84,000 हजार रूपये कुल मिलाकर 98,000 (अठानवे हजार) रूपये पीड़िता अंजुम परवीन के बैंक खाते से फ्रोड करके निकाल लिए। पीड़ित महिला ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ तहरीर देकर आवश्यक कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।

अब बैंक खातों में भी सुरक्षित नहीं है। लोगों की मेहनत से कमाई हुई रकम साइबर अपराधी विभिन्न तरीकों से धोखाधड़ी कर बैंक खातों से पैसा चोरी कर रहे हैं। सूत्रों की माने तो कुछ सरकारी विभागों में तो विभाग के कर्मचारियों की मिलीभगत से साइबर अपराधी घटनाओं को अंजाम दे रहे है।

## एक नजर

### विधिक जागरूकता शिविर



**बिजनौर।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश एवं जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजय कुमार द्वितीय के निर्देशन में सचिव व अपर जनपद न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रेय शुक्ला द्वारा वृद्धा आश्रम विदुर कुटी में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सचिव श्रेय शुक्ला द्वारा शिविर में उपस्थित वृद्धजनों को वरिष्ठ नागरिकों का भरणपोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 के बारे में जानकारी दी गई। उनके द्वारा बताया गया कि यह अधिनियम 60 वर्ष या उससे अधिक की आयु के सीनियर सिटीजनों के अधिकारों की रक्षा के लिए बनाया गया है। आमतौर पर बुजुर्ग अपनी सम्पत्ति बच्चों के नाम ट्रांसफर कर उम्मीद करते है कि बच्चे उनकी देखभाल करेंगे और उनकी जरूरतें पूरी करेंगे। परन्तु जब ऐसा उनके बच्चों द्वारा नहीं किया जाता है, तब वृद्धजन इस कानून का प्रयोग कर सकते है। यह अधिनियम वृद्धजनों को आर्थिक लाभ, मेडिकल सिक्योरिटी, जरूरी खर्च एवं प्रोटेक्शन आदि का लाभ प्रदान करने के लिए पारित किया गया है। उपस्थित वृद्धजनों ने अपनी समस्याएं जैसे कि पेंशन, परिवारजनों से बात नहीं हो पाती, खान-पान, मूलभूत सुविधाएं के बारे में अवगत कराया। जिसके सम्बंध में सचिव द्वारा प्रभारी अधीक्षिका लक्ष्मी गुप्ता को निर्देशित किया गया कि वह वृद्धजनों की समस्त समस्याओं से सम्बन्धित पत्राचार करें एवं जिन वृद्धजनों के आधार कार्ड नहीं बने है, उनके आधार कार्ड प्राथमिकता के तौर पर बनवाना सुनिश्चित करें। वृद्धजनों को नि:शुल्क अधिवक्ता के बारे में बताया गया कि किसी को नि:शुल्क अधिवक्ता चाहिए, तो वह अपना प्रार्थना पत्र वृद्धाआश्रम के माध्यम से कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में भेजा जाना सुनिश्चित करें।

### दिव्यांग चंद्रशेखर खेलेगा इंडिया टीम में



**बिजनौर।** चांदपुर के ग्राम शाहबाद निवासी महाराम सिंह व गुड्डो देवी के दिव्यांग पुत्र चंद्रशेखर का चयन दिव्यांग क्रिकेट कॉउंसिल ऑफ इंडिया के द्वारा 30 जुलाई से चेन्नई में आयोजित होने वाली टी-20 इलाइट ट्रॉफी 2025 के लिये इंडिया ब्लू टीम में हुआ है। टीम में चयन की खबर आते ही खुशी की लहर दौड़ गई। चंद्रशेखर उत्तर प्रदेश दिव्यांग टीम की तरफ से खेलते हुए निरंतर अच्छा प्रदर्शन कर रहे है। चंद्रशेखर अभी वर्धमान क्रिकेट एकेडमी के डॉ. जयदीप शर्मा, मौहम्मद मोहसिन व अमित श्रीवास्तव के निर्देशन में अपने खेल की तकनीक पर काम कर रहे है। वर्धमान क्रिकेट एकेडमी सचिव डॉ. जयदीप शर्मा ने बताया चंद्रशेखर ने वर्धमान कॉलेज से स्नातक परीक्षा पास की है। इलाइट ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन करने वाले प्लेयर का श्रीलंका टूर के लिये इंडियन टीम में चयन किया जायेगा। इस मौके पर दिव्यांग खिलाड़ी मनीष चौहान, आयुष कुमार, उत्कर्ष शर्मा, आर्यन हर्षियाना आदि मौजूद रहे।

### भीम आर्मी का स्थापना दिवस मनाया



**नजीबाबाद।** भीम आर्मी एकता मिशन का 10वां स्थापना दिवस आजाद समाज पार्टी कार्यालय पर उत्साहपूर्वक मनाया गया। वक्ताओं ने कहा कि भीम आर्मी सदैव दलित, मुसलमान और ओबीसी समाज के हक और अधिकारों के लिए संघर्षरत रही है और आगे भी यह लड़ाई जारी रहेगी। इस मौके पर मुरादाबाद मंडल प्रभारी व साहनपुर के चेयमैन मौहम्मद खुर्शीद मंसूरी, विजेंद्र, विधानसभा अध्यक्ष अशोक कुमार, सांसद प्रतिनिधि फहीम अहमद, वीरेंद्र, प्रभा, सुखवीर प्रधान, जिला उपाध्यक्ष रईस अहमद, बुंदू, हाजी नौशाद, पुष्पेंद्र, शाहिद हुसैन, पर्मेंद्र कुमार, पिंकू, सचिन आदि मौजूद रहे। चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि भीम आर्मी सामाजिक न्याय और बराबरी के संघर्ष की सबसे मजबूत आवाज बनकर उभरी है।

### डॉ. अय्यूब व डॉ.एनपी सिंह की मुलाकात



**नजीबाबाद।** धामपुर स्थित श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेज के चेयरमैन डॉ. एनपी सिंह का विजन कॉलेज में निदेशक डॉ. मौहम्मद अय्यूब एवं विजन परिवार के सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। डॉ. एनपी सिंह ने विजन कॉलेज के स्टाफ के साथ गंभीर चर्चा की। उन्होंने विजन कॉलेज के स्टाफ को भविष्य में कामयाबी पाने के गुण बताएं और विशेष रूप से यह बताया कि जो व्यक्ति ईमानदारी एवं नि:स्वार्थ भाव से कार्य करता है, उसका संस्थान और वह स्वयं भी सफलता के शीर्ष पर अवश्य पहुचता है। इसके पश्चात डॉ. मौहम्मद अय्यूब एवं डॉ. एनपी सिंह के बीच फार्मेसी कोर्सेज की समस्याओं के विषय में विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। जल्द ही फार्मेसी कॉलेजों की एक राज्य स्तरीय कमेटी के गठन के विषय में भी विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर मौहम्मद अरबाज, गुफरान, मौहम्मद अनवर, रिदा फातिमा, कु. अनुशा, जावेद हमीद, डॉ. वकील अहमद आदि मौजूद थे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

## एक नजर

### एमबीबीएस में टॉपर रहीं जोया अख्तर




**नजीबाबाद।** मौहल्ला जाब्तागंज निवासी सलीम अख्तर की पुत्री जोया अख्तर ने इस वर्ष एमबीबीएस की प्रथम वर्ष की परीक्षा में टॉप किया है। बदायूं के मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस में प्रथम वर्ष में जोया अख्तर के प्रथम आने पर उनके परिजनों और नगरवासियों में खुशी का माहौल है। जोया अख्तर ने सेंट मैरी स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में जिला टॉप किया था। वह शुरू से ही मेधावी छात्रा रही हैं।

### पत्नी कर रही युसूफ का उत्पीड़न



**नजीबाबाद।** पत्नी व ससुराल वालों के अत्याचार से तंग आकर पीड़ित युवक ने मानवाधिकार आयोग से न्याय की गुहार लगाई है। मौहम्मद यूसुफ निवासी साहनपुर ने आयोग को भेजे अपने पत्र में कहा कि उसकी शादी 24 जून 2024 को नूर जहां पुत्री तसलीम निवासी मौहल्ला अहमद खेल, किरतपुर के साथ हुई थी। युवक का कहना है कि उसने अपनी पत्नी को हर सुख सुविधा दी। लेकिन वह ज्यादातर समय अपने माता-पिता के घर रह कर सिलाई का काम करना और मुझे घर जंवाई बनाकर रखना चाहती है। जब मेरे घर पर बीमार होती है, तो मैं इलाज करवाता हूं। ठीक होने पर उसकी मां लेकर चली जाती है और अपने घर सिलाई का काम करवाती है। उसकी पत्नी लाखों के जेवरात व नकदी लेकर अपने मायके चली गई। जब मैं उसे लेने गया, तो ससुराल वालों ने भेजने से साफ इनकार कर दिया। मेरी पत्नी एवं ससुराल वालों का कहना है कि पन्द्रह लाख रुपए देने के साथ ही नूर जहां को तलाक दो, वरना दहेज के मुकदमे में जेल भिजवा देंगे। जब मैंने तलाक देने से इनकार किया, तो मेरे साले नाजिम, रहीम व ससुर तसलीम एवं सास फूलबानो ने हमारे साथ मारपीट की। पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है।

### हादसे में बाइक सवार वृद्ध की मौत



**शेरकोट।** अफजलगढ़ निवासी रामकुमार शर्मा (68 वर्ष) पुत्र हरवंशलाल लाल शर्मा अपने किसी परिचित की तेहरवीं में बुलन्दशहर से शामिल होकर वापस लौट रहे थे। बताया जाता है कि देर रात जब वे शेरकोट में चुंगी नम्बर पांच के निकट पंहुचे तो उनकी बाइक काशीपुर से डीजे के साथ जल लेने जा रहे कांवड़ियों की गाड़ी से टकरा कर सड़क पर गिर पड़े और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। उनकी बाइक पर भोले का झंडा लगा था। जिससे यह लग रहा था कि शायद कोई कांवड़िया हरिद्वार से जल लेकर आ रहे हो। घटना की सूचना पर मृतक के परिजन भी मौके पर पहुँच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा।

### चाहरदीवारी गिरने से बैल की मौत

**शेरकोट।** एजाज मार्ग निवासी गुड्डू ने सोमवार को सुबह अपने बैलों को चारा डालने के लिए बाहर खुले में बांध दिया था। बताया जाता है अचानक पड़ोसी खुर्शीद अहमद की तीन मंजिला इमारत की चहारदीवारी भरभरा कर बैल के ऊपर आ गिरी, जिससे बैल की मौत हो गई। दोनों पक्षों में समझौता कराए जाने के प्रयास जारी थे।

### मंडावर में समाजसेवियों का अच्छा काम



**मंडावर।** सावन मास की कावड़ यात्रा के दौरान शिव भक्तों का उत्साह चरम पर है। समाजसेवियों ने कावड़ियों की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कावड़ियों के लिए समाजसेवियों द्वारा पानी और जलजीरे की बोतलें वितरित की गईं। इस पुण्य कार्य में भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज अहलावत, वरिष्ठ समाजसेवी गगन अग्रवाल, शुभम खटीक, राहुल अग्रवाल, सुमित पुष्पक, मोहित पुष्पक, आदित्य खटीक, दीपांशु अग्रवाल, मनीष पुष्पक, विशाल खटीक सहित कई अन्य लोग शामिल रहे। समाजसेवियों की इस पहल ने कांवड़ियों को गर्मी और थकान से राहत प्रदान की। जिसकी कांवड़ियों ने सराहना की।

# जिया नर्सिंग होम में शिशु की मौत

## परिजनों का जमकर हंगामा, एक हफ्ते में दूसरी मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** जिया नर्सिंग होम में शिशु की मौत पर जमकर हंगामा हुआ। स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही की वजह से एक हफ्ते के अंदर इस नर्सिंग होम में दो घटनाएं हो चुकी है।

मुरादाबाद रोड स्थित जिया नर्सिंग होम में ऑपरेशन के दौरान एक नवजात शिशु की मौत हो गई। जिससे परिवार वालों ने जमकर हंगामा काटा। सहसपुर देहात निवासी मौहम्मद शाहिद के पुत्र मौहम्मद आसिफ की पत्नी तरन्नुम को रात तबियत खराब होने पर नर्सिंग होम में दिखाया गया था। आसिफ ने बताया कि डॉक्टर ने उन से कहा कि बच्चा स्वाभाविक तरीके से पैदा हो जाएगा और पूरी रात उनकी पत्नी का गलत तरीके से इलाज करते रहे। आसिफ ने कई बार जोर दिया कि हम अपनी पत्नी को कही बाहर ले जाए, लेकिन डॉक्टर ने कहा कि बच्चा पैदा होने वाला हैं। मगर स्थिति बिगड़ते देख उसने तरन्नुम का ऑपरेशन कर दिया। जिसमें नवजात शिशु की मृत्यु हो गई। जिससे गुस्सा भड़क गया। मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और हंगामा करने लगी। पुलिस ने सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर हंगामा शांत कराया।



सहसपुर देहात ग्राम प्रधान आदिल, आमिर प्रधान, यासमीन मलिक आदि ने कहा कि यह नर्सिंग होम स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत से चल रहा है। एक हफ्ते पहले भी एक बच्चा इस नर्सिंग होम में मरा था, लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया। न ही कोई कार्यवाही की गई। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के संरक्षण में भोली भाली जनता को लूटा जा रहा है। समाजसेवी शाइक अनीस ने कहा कि इस नर्सिंग होम में कोई डॉक्टर भी नहीं हैं। ऑपरेशन करने वाला बाहर से बुलाया जाता हैं। नर्सिंग होम बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हैं। गुस्सायी भीड़ ने बताया कि कस्बे एवं आसपास के गांवों में सैकड़ों झोलाछाप चिकित्सक इंसानों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे है।

# सदर सीट से आसपा के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे वरिष्ठ नेता महबूब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सदर सीट से अगला विधानसभा चुनाव आजाद समाज पार्टी के टिकट पर वरिष्ठ नेता महबूब भट्टे वाले (ईनामपुरिया) लड़ सकते है। आम जनता के बीच चर्चा चल रही है कि साफ-सुथरी छवि एवं दलितों के साथ-साथ सर्व समाज में मजबूत पकड़ का उन्हें फायदा मिल रहा है।



### आम जनता के बीच मजबूत स्थिति का फायदा मिल रहा

गौरतलब है कि महबूब अहमद बिजनौर सदर सीट के मजबूत नेता है। वह कभी भी किसी विवाद में नहीं रहे है। उनकी छवि बेहद साफ सुथरी है। दलित समाज में उनकी सबसे मजबूत पकड़ है। साथ ही पिछड़ा समाज व मुस्लिम समाज में भी वह मजबूत पकड़ रखते है। पूर्व में वह चुनाव लड़ चुके है। वह पूरे विधानसभा क्षेत्र से अच्छी तरह वाकिफ है। सूत्रों के मुताबिक उन्हें आम जनता के बीच मजबूत स्थिति का फायदा मिल रहा है। आसपा में भी उनकी स्थिति मजबूत है। सूत्र बताते है कि पार्टी के ज्यादातर कार्यकर्ता उनके नाम पर सहमत है और उनका कहना है कि किसी विवादित एवं मुस्लिम समाज में ही अगड़े-पिछड़े की फूट डालने वालों को टिकट देने से नुकसान होगा। वरिष्ठ नेता महबूब अहमद ने कभी भी समाज को बांटने एवं गरीबों का शोषण करने का काम नहीं किया है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि महबूब अहमद सर्वमान्य नेता है। उनके बिजनौर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने से कार्यकर्ताओं का मनोबल भी ऊंचा होगा और आसानी से जीत मिल जाएगी। वह कार्यकर्ताओं का मान-सम्मान भी करना जानते है। साथ ही उनके ऊपर भ्रष्टाचार का भी कोई आरोप नहीं है। उन्होंने किसी की रकम भी नहीं मार रखी है।

गौरतलब है कि बिजनौर सीट पर बसपा की स्थिति बेहद कमजोर है। दलित व मुस्लिम समाज आजाद समाज पार्टी के साथ जुड़ रहा है। उन्हें पता है कि भाजपा को हराने के लिए एकजुट होकर वोट डालना पड़ेगा। वरना पिछले विधानसभा चुनाव की तरह भाजपा जीत जाएगी। कार्यकर्ताओं का भी मानना है कि महबूब अहमद की छवि हिन्दू समाज में भी अच्छी है और वह पिछड़ा हिंदू समाज में अपनी छवि की बदौलत मजबूत पकड़ रखते है।

# इकरा हसन का साथ नहीं दे रहे सपा के सांसद व विधायक: इफ्तिखार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पीस पार्टी के जिला अध्यक्ष इफ्तिखार हुसैन ने कहा कि सपा के सांसद व विधायक बड़ी संख्या में होने के बावजूद अपनी सांसद इकरा हसन के अपमान के विरोध में आवाज उठाने के लिए तैयार नहीं है। शायद वह करणी सेना व योगी सरकार से डर रहे है।



### तत्काल की जाए आरोपी योगेन्द्र की गिरफ्तारी

उन्होंने कहा कि करणी सेना के उपाध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने जिस तरह का आपत्तिजनक बयान दिया है, वह सांसदों के साथ-साथ सभी पार्टियों के जनप्रतिनिधियों एवं महिला समाज का अपमान है। उन्होंने कहा कि शातिर अपराधी भी इस तरह के बयान सार्वजनिक रूप से नहीं देते है। उन्होंने कहा कि यह तनाव भड़काने एवं सांसद इकरा हसन को डराने की सीधी-सीधी साजिश है। अपराधी योगेन्द्र राणा के खिलाफ संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर अब तक गिरफ्तारी हो जानी चाहिए थी। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि महिलाओं के सम्मान की रक्षा करने का दावा करने वाली भाजपा सरकार में महिला सांसद का अपमान करने वाले आरोपी की अभी तक गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि अगर यही बयान किसी मुस्लिम व्यक्ति ने दूसरे सम्प्रदाय की महिला जनप्रतिनिधि के लिए दे दिया होता, तो अब तक बवाल मच गया होता और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया होता। उन्होंने कहा कि सर्व समाज की महिलाओं के मान-सम्मान की रक्षा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की बहू-बेटी का अपमान नहीं किया जाना चाहिए। यह हमारे भारत की संस्कृति है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय महिला आयोग को इसका संज्ञान लेकर कार्यवाही करानी चाहिए थी। लेकिन दुर्भाग्य से उसकी कार्यप्रणाली भी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि अपनी सांसद के अपमान पर भी सपा के सांसद व विधायक ठंडे पड़े हुए है। अगर पीस पार्टी के इतने सांसद व विधायक होते, तो अब तक आरोपी गिरफ्तार हो गया होता। उन्होंने कहा कि सपा के सांसद व विधायक न जाने किससे डर रहे हैं। उन्हें करणी सेना से डर लग रहा है या योगी सरकार से, इस बारे में जनता के बीच चर्चाओं का बाजार गर्म है।

# इनर व्हील क्लब की अंजली वर्मा बनीं तीज क्वीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** सावन के उल्लास और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर इनर व्हील क्लब स्योहारा का तीज मिलन कार्यक्रम मंगल लिपि फार्म हाउस में धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना से हुआ।

मुख्य अतिथि चन्द्र प्रभा चौधरी, डॉ. रंजना शुक्ला और क्लब संरक्षक डॉ. लिपि सेन वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। क्लब अध्यक्ष बबीता रस्तोगी, सचिव रजनी भारद्वाज, आई.पी.पी. पारुल रस्तोगी व चार्टर अध्यक्ष सुरभि जैन ने भी दीप प्रज्वलन में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में महिलाओं ने झूला झूलते हुए सावन के लोकगीत गाए और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर रोटेरियन डॉ. मनोज कुमार वर्मा, के.पी. पुष्पक, लव रस्तोगी और चमन भारद्वाज को सम्मानित किया गया।



क्लब अध्यक्ष बबीता रस्तोगी ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी समरसता और सांस्कृतिक चेतना को जीवित रखते हैं। क्लब संरक्षक डॉ. लिपि सेन वर्मा के सहयोग के लिए विशेष सराहना की गई। तीज मिलन में होऊ जी जैसे मनोरंजक खेलों का आयोजन भी आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में तीज क्वीन प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें अंजली वर्मा को तीज क्वीन चुना गया।

कार्यक्रम का संचालन दीप्ति जैन और रेनू अरोड़ा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सृष्टि पुष्पक सहित सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## एक नजर

### भागूवाला में वेद प्रतिस्थापना



**नजीबाबाद।** ग्राम भागूवाला में आर्य महासंघ के बैनर तले मुकेश आर्य के आवास पर वेद प्रतिस्थापना कार्यक्रम आयोजित किया गया। आर्या दिव्यांक्षी के पौरोहित्य में वेद प्रतिस्थापना की गई। आर्य नंद, आर्य प्रशांत, राष्ट्रीय आर्य निर्भात्री सभा के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र, प्रदेश मंत्री आर्य रजनीश, लाल सिंह मुजफ्फरनगर, नवभारत सिंह, खेमपाल, यशवीर आदि उपस्थित रहे। राजेंद्र ने वेद प्रतिस्थापन व संगठन के महत्व पर गहनता से प्रकाश डाला और संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया। इस दौरान रमेश, चंद्रपाल प्रसाद, देशबंधु, नंदा नोहर सिंह, विकास कुमार, मणिपाल सिंह, लाल सिंह, राजकुमार, रजनीश, सत्येंद्र आदि मौजूद रहे।

### नगीना का उमर गिरफ्तार

**बिजनौर।** चांदपुर थाने में 20 जुलाई को वादिनी ने तहरीर दी थी कि नगीना के मौहल्ला मानक चंद निवासी उमर पुत्र मौहम्मद शाहिद ने शादी का झांसा देकर उसके साथ बलात्कार किया। विरोध करने पर मारपी करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने उमर को गिरफ्तार कर लिया है।

### नूरपुर में आदित्य गिरफ्तार

**बिजनौर।** थाना नूरपुर में ग्राम नवादा रवाना उर्फ तेलीपुरा विरेश कुमार पुत्र भीम सिंह ने 11 जुलाई को तहरीर दी थी कि नौ जुलाई को उसकी पुत्री बिना बताए घर से कहीं चली गई है। पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर लिया था। विवेचना के दौरान अभियुक्त आदित्य कुमार आर्यन पुत्र राजेश कुमार रवि निवासी कैन्दुआ गढहा थाना बैंगाबाद, जनपद गिरिडीह (झारखण्ड) का नाम प्रकाश में आया है। पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया है। पूछताछ में पता चला कि दोनों आपस में इंस्टाग्राम के माध्यम से पिछले एक साल से बात करते थे। आदित्य किशोरी को दिल्ली से बैंगलौर ले गया था। वहां पर उसकी इज्जत लूटी। पुलिस ने अभियोग में पॉक्सो एक्ट व बलात्कार की धारा बढ़ाई है।

### महिला को सांप ने डसा

**नहटौर।** मौहल्ला नौधा निवासी सर्वेश पत्नी तेजपाल जंगल में काम कर रही थी। आज सायं करीब छह बजे काम करते समय अचानक उसे सांप ने डस लिया। आनन-फानन में उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

### कांवरतियों की गाड़ी फंसी

**बिजनौर।** स्थानीय मौहल्ला काजीपाड़ा में आज रात कांवरतियों की गाड़ी नेशनल ब्रेकरी के सामने पेड़ में फंस गई। जिससे वहां पर अफरा-तफरी मच गई।

### टेंट के गोदाम में लगी आग



**साहनपुर।** ईदगाह रोड स्थित मौहल्ला जरूफसाजान में टेंट की दुकान में आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई। फायर सर्विस यूनिट ने बामुश्किल आग पर काबू पाया। जेसीबी मंगा कर पीछे की तरफ दुकान में होल बनाया गया। यह दुकान व गोदाम रईस अहमद पुत्र मौहम्मद हफीज का है। अग्निकांड में कुर्सी, कारपेट, कपड़ा, भगौना, पंखा, बाइक, शादी का दहेज का सामान आदि जल गया।

### कुराने पाक मुकम्मल



**नजीबाबाद।** आजाद चौक के पास मौजूद मौहल्ला आजाद नगर में तालिबात का कुराने पाक मुकम्मल होने पर मजलिस का आगाज किया गया। इस प्रोग्राम में छोटी-छोटी दो मासूम बच्चियों ने कुराने पाक की तिलावत कर मजलिस में आए सभी खुसूसी मेहमानों का दिल बाग-बाग किया। इस मौके पर तालिबात के उस्ताद ने बताया कि लगभग 10 साल की इन मासूम बच्चियों ने कड़ी मेहनत और लगन के साथ कुरान पाक को पढ़कर हक अदा किया। वहीं मजलिस में आए सभी मेहमानों ने तालिबात और उनके उस्ताद कारी सनव्वर को दिली मुबारकबाद दी और बच्चों की हौंसला अफजाई की।

### मुस्लिमों ने की शिवभक्तों की सेवा



**नूरपुर।** नहटौर चौक पर मौहम्मद मोहसिन द्वारा अपने साथियों के द्वारा कांवरतियों की सेवा के लिए शिविर लगाया गया। यहां पर भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में सुबह से शाम तक हजारों शिव भक्तों ने भोजन किया। मुस्लिम द्वारा शिव भक्तों की गई सेवा की सराहना हो रही है।

### पालिका ने हटवाया अतिक्रमण



**बिजनौर।** नगर पालिका के द्वारा आज सब्जी मंडी में अतिक्रमण हटवाया गया। पालिका का स्टाफ जेसीबी लेकर सब्जी मंडी पहुंचा। वहां पर जैसे ही अतिक्रमण हटाना शुरू किया गया, तो व्यापारियों ने विरोध किया। सब्जी मंडी एसोसिएशन के अध्यक्ष दिलशाद अंसारी ने पक्षपात का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पूंजीपतियों का स्थाई अतिक्रमण नहीं हटवाया जा रहा है और गरीबों के पेट पर लात मारी जा रही है। व्यापारियों ने कहा कि वह पिछले 100 साल से यहां पर सब्जी व फल बेच रहे है।

# किशोरी की इज्जत का लुटेरा मंडावली में अरूण गिरफ्तार

## मुठभेड़ में लगी गोली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मण्डावली पुलिस ने छात्रा की इज्जत लूटने के आरोपी ई-रिक्शा चालक को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार 28 मई को वादी ने मण्डावली थाने में तहरीर दी थी कि उसकी पुत्री को ई-रिक्शा चालक अरूण कुमार पुत्र संजीव कुमार निवासी ग्राम विजयपुर ई-रिक्शा में बैठाकर नजीबाबाद के लिए जा रहा था। उनकी बेटी नजीबाबाद में कोचिंग सैंटर पर पढ़ने के लिए जा रही थी। इस दौरान अरूण ने उनकी बेटी से कहा कि ई-रिक्शा की बैटरी बदलनी है। वह उनकी बेटी को ग्राम राहतपुर खुर्द के किनारे बाग में ले गया और उसकी इज्जत लूट ली। पुलिस ने धारा 64 (1) बीएनएस व धारा 3/4 पॉक्सो एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस ने सबलगढ़ क्षेत्र में नहर के किनारे से अभियुक्त अरूण को गिरफ्तार कर लिया। वह पुलिस को देख कर मोटर साइकिल छोड़कर भाग रहा था।

अपनी जान बचाने के लिए उसने पुलिस पर फायरिंग की। जबाव में पुलिस ने भी गोली चलाई, जो उसके पैर में लगी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से बाइक व तमंचा बरामद किया गया है।

# महिलाओं सहित सात नामजद

**रेहड़।** डेढ़ माह पूर्व ग्राम हर्रावाला में हुए खूनी संघर्ष के मामले में न्यायालय के आदेश पर चार महिलाओं सहित सात लोगों के विरुद्ध थाने में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। जरीफ पुत्र अब्दुल हमीद ने एसीजेएम कोर्ट बिजनौर में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि लगभग डेढ़ माह पूर्व गांव निवासी मुकेश ने ग्राम की ही यामीन की लड़की मुस्कान को बलात्कार करने के उद्देश्य से पकड़ लिया था। जिसका उसने विरोध किया था। ग्राम वालों ने फैसला करा दिया था, परंतु मुकेश और उसके परिजन रंजिश रखने लगे। नौ जून 2025 की सुबह लगभग साढ़े आठ बजे बाइक द्वारा वह वादीगढ़ चौराहे से बर्फ लेकर अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान ग्राम में स्थित धर्मशाला के पास मोड पर पहले से ही घात लगाए बैठे भूदेव सिंह, मुकेश सिंह, अमरजीत सिंह आदि ने जान से मारने के इरादे से लाठी डंडों व धारदार हथियारों से उस पर हमला कर दिया। मारपीट के दौरान अमरजीत की मां कृष्णा देवी व आरोपियों की पत्नियों ने भी उसके साथ मारपीट की। सूचना पर उसके पुत्र मोबिन, मोहसीन व उसकी पुत्रवधू अफसाना व रुबीना आ गई। आरोपियों ने इनको भी मारा पीटा। जिससे उसके पुत्र मोबीन व मोहसीन गंभीर रूप से घायल हो गए। मारपीट के दौरान उसकी पुत्रवधू अफसाना पत्नी मोबीन की लज्जा भंग करते हुए आरोपियों ने सार्वजनिक स्थान पर ही उसके कपड़े फाड़ दिए। जिससे नारी अंगों का प्रदर्शन हुआ। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर जरीफ अहमद द्वारा दी गई तहरीर पर भूदेव, मुकेश, अमरजीत पुत्रगण प्रेम सिंह, कृष्णा देवी पत्नी प्रेम सिंह, रेखा पत्नी भूदेव एवं मुकेश व अमरजीत की अज्ञात पत्नियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# भीम आर्मी का स्थापना दिवस मनाया

## सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन ने रखे भविष्य के लक्ष्य



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** विधानसभा क्षेत्र के गांव हबीबवाला स्थित पार्टी कार्यालय पर भीम आर्मी के 10वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने संगठन की 10 वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए इसे सामाजिक न्याय और परिवर्तन का मजबूत माध्यम बताया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन ने अपने संबोधन में कहा कि भीम आर्मी की स्थापना का उद्देश्य उन दबे-कुचले और वंचित तबकों की आवाज बनना था, जिनकी पीड़ा लंबे समय से अनदेखी होती रही है। उन्होंने कहा कि संगठन ने मात्र 10 वर्षों में लाखों-करोड़ों लोगों को जोड़कर एक जनांदोलन का रूप ले लिया है, जो अब सामाजिक परिवर्तन की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने बताया कि आने वाले समय में भीम आर्मी का मुख्य फोकस शिक्षा के माध्यम से सेवा और गरीब बेटियों की पढ़ाई में सहयोग रहेगा। इसके साथ ही उन्होंने समाज के हर वर्ग तक संगठन की पहुंच सुनिश्चित करने का संकल्प दोहराया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सत्येंद्र चौधरी ने की जबकि मंच संचालन का उत्तरदायित्व इरफान मंसूरी ने निभाया। इस अवसर पर मौलाना आसिफ, संजय कुमार, सलाम शेरकोटी, नगर अध्यक्ष शहजाद, युवा मोर्चा विधानसभा अध्यक्ष सुखबीर सिंह, अतुल कुमार, सविता चौधरी सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं संगठन के पदाधिकारियों ने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि भीम आर्मी ने न केवल सामाजिक जागरूकता को जन्म दिया है, बल्कि हाशिए पर खड़े समुदायों को संगठित कर उन्हें आत्मसम्मान के साथ जीने की प्रेरणा दी है। सभी ने एकमत से कहा कि आने वाले समय में संगठन को और अधिक मजबूती से गांव-गांव, गली-गली तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन संगठन के उद्देश्यों की पुनः प्रतिज्ञा के साथ किया गया।

## जांच उपरांत ही आवासों का आवंटन करना सुनिश्चित करें : जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज शाम पांच बजे कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में जिला नगरीय विकास अभिकरण की शासी निकाय की कार्य योजना-2005-26 की बैठक आयोजित की गई।

इस अवसर पर परियोजना अधिकारी डूडा वंदना कुशवाहा, अधिशासी अधिकारी नगर निकाय सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित एवं मलिन बस्ती विकास योजना तथा मूलभूत नगरीय सुविधाएं एवं आवास योजना की समीक्षा करते हुए परियोजना अधिकारी डूडा को निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्गत दिशा निर्देश अनुरूप प्रस्ताव के सापेक्ष विकास कार्य कराना सुनिश्चित करें और पात्र लोगों को ही योजनाओं का लाभ पहुंचाएं। उन्होंने योजनान्तर्गत नई वित्तीय वर्ष में आवंटित होने वाले प्रधानमंत्री आवास की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिए कि कोई भी अपात्र व्यक्ति आवास प्राप्त न करने पाए पूर्ण जांच उपरांत ही आवासों का आवंटन करना सुनिश्चित करें।

## बाइकों सहित दो चोर गिरफ्तार



**बिजनौर।** हल्दौर पुलिस ने ग्राम नसीरपुर नैंन सिंह निवासी तरूण पुत्र टीकम सिंह एवं अरमान पुत्र मकसूद को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की पांच बाइकें बरामद की गई है। इनके द्वारा जनपद सहारनपुर व मुरादाबाद सहित अन्य स्थानों से बाइकें चोरी की गई थी। मुरादाबाद रोड स्थित विवेक कॉलेज के बाहर से भी इन्होंने बाइक चोरी की थी। तरूण व अरमान आपस में गहरे दोस्त है। इनके साथी छोटू पुत्र निशांत निवासी राजोपुर सादात, थाना कोतवाली देहात भी बाइक चोरी कर बेचता है।

## कांवड़ यात्रा मार्गों पर लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** सावन कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के मद्देनजर पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने रविवार की रात नगीना, नगीना देहात, कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत कांवड यात्रा मार्गो गौसपुर तिराहा, हिंदूपुर बॉर्डर कोतवाली देहात, सेंट मेरी तिराहा नगीना, रावल हेड़ी फाटक नगीना देहात आदि का भ्रमण कर सुरक्षा व यातायात व्यवस्था का निरीक्षण किया।

उन्होंने ड्यूटिरत पुलिस बल को चेक किया। उन्होंने कांवड़ियों के आवागमन के संबंध में जरूरी निर्देश दिए।

यात्रा मार्गों पर सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा कर बैरिकेडिंग, सफाई आदि समेत अन्य व्यवस्थाओं को जाना।

संबंधित अधिकारियों व थाना प्रभारियों को मौके पर ही निर्देशित किया कि कांवड़ मार्ग को सुरक्षित करने के लिए मार्ग उपलब्ध कराए ताकि कावड़ियों को किसी प्रकार की समस्या न हो।

## गालिब अंसारी उर्फ बिट्टू पदमुक्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** गालिब अंसारी उर्फ बिट्टू को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक से पद मुक्त किया गया। समीपवर्ती ग्राम पंचायत मुबारकपुर कल्हेड़ी के रहने वाले युवा किसान नेता गालिब अंसारी उर्फ बिट्टू पिछले काफी समय से भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक से जुड़े हुए थे। वर्तमान में वो ब्लॉक नजीबा. बाद के उपाध्यक्ष पद पर कार्यरत थे। ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी कुलवीर सिंह ने उन्हें पद मुक्त करते हुए इसकी सूचना जारी कर दी है। गालिब अंसारी उर्फ बिट्टू की यूनियन के प्रति गलत नीतियां अपनाने को पदमुक्त किए जाने का मुख्य कारण बताया है। कुल मिलाकर यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

## आशू की मौत की निष्पक्ष जांच की मांग

**बिजनौर।** जिला कारागार में बंद 25 वर्षीय युवक आशू चौहान पुत्र महावीर चौहान की मृत्यु के मामले में डी.के. फाउण्डेशन ऑफ फ्रीडम एण्ड जस्टिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग में केस दर्ज कराया है। डी.के. फाउण्डेशन भारत में कहीं भी मानव अधिकारों के उल्लंघन के मामलों में पैरवी करता है और सामाजिक न्याय और स्वतंत्रता को बढ़ावा देना, गरीब व वंचित समुदायों के लिए मानव अधिकारों की रक्षा व जागरूकता के लिए कार्य करता है। डी.के. फाउण्डेशन की बिजनौर यूनिट के जिलाध्यक्ष डॉ. सलाहउद्दीन, जिला प्रभारी शम्सुद्दीन खान, मास्टर सौपाल सिंह, नरेश कुमार, रईस अहमद, आसिफ खान, दिलशाद पठान, तसलीम अहमद, अनिल कुमार जैन, मुस्तकीम नेता (राष्ट्रीय उप मुख्य रिपोर्टिंग अधिकारी) आदि मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने जेल में बंदी की मृत्यु की निंदा की और निष्पक्ष जांच की मांग की।

## जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता एनएचएआई को निर्देश दिए नजीबाबाद रोड स्थित ग्राम जीवनसराय में जल भराव की समस्या का स्थाई समाधान के लिए तत्काल कार्य योजना बनाकर बजट की उपलब्धता सुनिश्चित करें और धनरा. शि प्राप्त होते ही नाला निर्माण कार्य शुरू कराएं। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित करते हुए कहा कि उद्योग बंधु की बैठक में ब्रुश उद्योग शेरकोट के उद्यमियों को भी अनिवार्य रूप से आमंत्रित किया जाए।

उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित विभागीय प्रकरणों का जल्द से जल्द निस्तारण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि औद्योगिक विकास में गतिशीलता लाने के उद्देश्य से उद्यमियों के सम्मुख आने वाली समस्याओं का प्राथमिकता एवं तत्परता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनपद का औद्योगिक विकास ओर अधिक तेजी से आगे बढ़ सके। उन्होंने एमओयू क्रियान्वयन तंत्र की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में हस्ताक्षरित एमओयू को यथाशीघ्र धरातल पर लाने तथा उन्हें यथाशीघ्र उत्पादनरत बनाने के लिए प्रयास करें। उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष आवे. दनों की संख्या को बढ़ाना सुनिश्चित करें तथा योजना के तहत प्राप्त आवे. दनों के त्वरित गति से निष्पादन करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारी को दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा ने विदुर ब्रांड के अंतर्गत दो नए उत्पाद विदुर वॉटर बॉटल तथा विदुर बिजनौरी जीरा को परिचित कराते हुए उपस्थित उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधुओं का आह्वान किया कि उक्त ब्रांडों को बाजार में प्रचलित करने में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करें तथा विदुर ब्रांड के अन्य उत्पादों का खुद भी उपयोग करें और अपने व्यापारिक प्रतिष्ठानों में बिक्री के लिए भी जरूर रखें।

इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग अमित कुमार सहित जिले के उद्योग बन्धु एवं व्यापार बन्धु मुनीश त्यागी, विकास कुमार अग्रवाल, जुल्फुकार आलम, नितिन अग्रवाल सहित अन्य उद्योग व व्यापार बन्धु मौजूद थे।

**न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) नगीना (बिजनौर)**
सिविल प्रकीर्ण वाद संख्या-117/2025

गीता देवी पत्नी दयाराम सिंह निवासी- ग्राम हाफिजाबाद शर्की, परगना व तहसील-धामपुर, जिला-बिजनौर। **-वादनी**

**बनाम**

1-दयाराम सिंह पुत्र बुद्ध सिंह, 2- उत्तर सिंह पुत्र दयाराम 3-दीक्षा पत्नी उत्तम सिंह निवास. ीगण- ग्राम हाफिजाबाद शर्की, परगना व तहसील-धामपुर, जिला-बिजनौर।

**-प्रतिवादीगण**

दरख्वास्त मुसम्मात गीता देवी वास्ते हुसूल सर्टिफिकेट वसूल कर कर्जा व किफायत व हाय याफ्तनी मुसम्मात गीता देवी मुतवफ्फी दयाराम सिंह आदि अपने बमूजिब एक्ट 7 सन् 1881 ई. बकैद हरगाह मुसम्मा ने दरख्वास्त हुसूल सर्टिफिकेट गुजरानी है। 23.07.2025 ई. वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है। लिहा. जा यह इश्तहार वक्त 10:00 बजे सुबह अदालत मुकाम नगीना व तारीख 23.07.2025 मुकर्रर हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उज्र किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

नियत दिनांक: 23.07.2025

**न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) नगीना (बिजनौर)**

## एक नजर

### कांवरतियों पर पुष्प वर्षा



**नजीबाबाद।** हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर आ रहे कांवरतियों के जनपद में प्रवेश करने पर भागूवाला में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। डीएम श्रीमती जसजीत कौर, एसपी अभिषेक झा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भागूवाला मंडल के अध्यक्ष कमल सैनी की अध्यक्षता व चौधरी ईशम सिंह के संचालन में आयोजित स्वागत समारोह में उन्हें प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर नहटौर विधायक ओम कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान, राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता सरदार बलबीर सिंह, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, अपर पुलिस अधीक्षक नगर संजीव बाजपेई, एडीएम प्रशासन विनय कुमार, एसडीम शैलेंद्र कुमार, तहसीलदार संतोष यादव, नायब तहसीलदार ममता यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह, थाना अध्यक्ष मंडावली राम प्रताप सिंह, मास्टर रमेश सिंह, वरुण आत्रेय, नकुल अग्रवाल, जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा सुधीर भुईयार, रितेश सेन, अरविंद विश्वकर्मा, सरदार जसपाल सिंह, कपिल राजपूत, डॉ. मयंक चौहान, राजेंद्र सिंह, तारा सिंह, संदीप उपाध्याय, योगेंद्र सिंह, शोभित त्यागी, संदीप कुमार, मोहित चौहान, मुकेश राजपूत, चौधरी रोहिताश सिंह, ब्लॉक प्रमुख नहटौर राकेश कुमार, सुधीर कुमार, पूर्व प्रमुख अवधेश कुमार, विशाल चौधरी, अभिषेक यादव, महबूब मलिक, अजीम अहमद, अनुज काकरान, सचिन देशवाल, नरेश सैनी, मनोज जाट, विरेन्द्र शर्मा, संजय सैनी, मयंक चौहान, नरेश शर्मा, नवबहार सिंह, नरपाल सिंह आदि ने शिव भक्तों की सेवा की।?

### नशे से दूर रहने का आह्वान




**बिजनौर।** हिन्द युवा महाशक्ति सेना टीम के द्वारा नगीना तहसील के ग्राम मुगलवाला में युवा चौपाल का आयोजन किया गया। हरवेंद्र राणा राष्ट्रीय अध्यक्ष हिन्द युवा महाशक्ति सेना ने सभी को टीम के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी और बताया कि वर्तमान समय में किस प्रकार जिले में भ्रष्टाचार का खेल खेला जा रहा है। जिसमें अधिकारियों के साथ-साथ कुछ किसान नेता और राजनीतिक नेता भी मिले हुए हैं। खनन, अवैध कब्जे, फर्जी वसीयत, फर्जी बैनामे, पेडों की कटाई, सूखे नशों की तस्करी, महिलाओं पर अत्याचार, झूठे मुकदमे बढ़ते ही जा रहे हैं। जिनके खिलाफ टीम स्वराज और हिन्द युवा टीम ने मोर्चा खोला हुआ है। और इन लोगों को बेनकाब कर इनके असली चेहरे जनता के सामने लाये जायेंगे। वक्ताओं ने युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की। अध्यक्षता सतपाल अमीन ने की और मंच संचालन जिला अध्यक्ष शुभम कटारिया के द्वारा किया गया। युवा चौपाल के दौरान कुछ नये पदाधिकारियों को नियुक्तियां की गयीं। जोगराज सिंह को तहसील अध्यक्ष नगीना, विनोद कुमार उपाध्यक्ष, मोनू कुमार सचिव, सोनवीर सिंह महासचिव, रामेंद्र सिंह ब्लॉक अध्यक्ष कोतवाली, विपिन शर्मा ब्लॉक उपाध्यक्ष कोतवाली, दीपक शर्मा ब्लॉक महासचिव नहटौर, विनोद कुमार ब्लॉक सचिव, युधवीर सिंह ब्लॉक उपाध्यक्ष किरतपुर, सतेंद्र कुमार ब्लॉक सचिव युवा चौपाल में सैकड़ों की संख्या में सदस्य शामिल रहे। जिनमें मुख्य रूप से बबलू चौधरी, डॉ. धर्मेंद्र चिकारा, लोकेंद्र सिंह, विकास कुमार, मनोज कुमार, संजीव चौधरी, प्रेमपाल सिंह, मुकिल कुमार, प्रदीप कुमार, अंकुल कुमार, कैलाश सिंह, शिव प्रसाद, सुरेश कुमार, गजेश राणा, मोहित कुमार, राजवीर सिंह, देशराज सिंह, राम सिंह, लाखन चौधरी, कावेंद्र सिंह, चुन्नु पंडित, नरेंद्र पंडित, भूरे सिंह, संजय सिंह, नसीम अहमद, बन्तू सिंह आदि शामिल रहे।

### मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु



**नजीबाबाद।** क्षेत्र में विभिन्न मंदिरों में सावन के सोमवार के अवसर पर श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। इस दौरान मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना की और जलाभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंडावली के मोटा महादेव मंदिर पर हरिद्वार से गंगाजल लाकर कांवड़ियों के द्वारा जल अभिषेक किया गया। रेलवे स्टेशन शिव मंदिर पर शिव मूर्ति पर गायत्री शक्तिपीठ व्यवस्थापक डॉ. दीपक कुमार के नेतृत्व में गायत्री साधकों के द्वारा जल अभिषेक किया गया।

### स्कूलों में अवकाश घोषित

**बिजनौर।** कांवड़ यात्रा के मद्देनजर जिला प्रशासन ने कक्षा एक से कक्षा आठ तक के सभी स्कूलों में कल (आज) अवकाश घोषित कर दिया है।

### अग्रवाल सभा की बैठक

**नूरपुर।** अग्रवाल सभा की बैठक में संगठन की एकजुटता एवं सामा. जिक हित में कार्य करने का आह्वान किया गया। दीपाली ज्वेलर्स पर संगठन के नगरध्यक्ष डॉ. पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संरक्षक सत्यवीर गुप्ता ने सदस्यों से नियमित रूप से बैठक में भागीदारी की अपील की। उन्होंने कहा कि संगठित होकर ही समाज हित में कार्य संभव है। ताकि समाज के कमजोर लोगों को सहारा मिल सके। डॉ. मनुजेंद्र गुप्ता ने आगामी रामडोल शोभायात्रा में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। प्रणयमनु गुप्ता के संचालन में आयोजित बैठक में मनोज बंसल, गौरव मित्तल, मुकेश रस्तौगी, सिद्धार्थ गुप्ता, राजीव अग्रवाल, सुशील गुप्ता आदि ने हिस्सा लिया।

### नाम परिवर्तन सूचना

मेरी हाईस्कूल की अंकतालिका में मेरा नाम जागेश कुमार (JAGISH KUMAR) अंकित था। अन्य सभी शैक्षिक प्रमाण/दस्तावेजों में मेरा नाम (JAGESH KUMAR) अंकित है, जो कि सही है। मैंने अब विद्यालय के रिकार्ड व हाईस्कूल यू.पी. बोर्ड की अंकतालिका में अपना सही नाम (JAGESH KUMAR) अंकित करा लिया है, जो कि सही है। मेरी सर्विस बुक में मेरा नाम (JAGISH KUMAR) के स्थान पर सही नाम (JAGESH KUMAR) दर्ज कराया जाए। जागेश कुमार पुत्र श्री रामफल सिंह निवासी ग्राम तिरपुड़ा, थाना व तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर, उ.प्र.

### खोया-पाया सूचना

मेरा यूपी बोर्ड का हाईस्कूल वर्ष 2020 अनुक्रमांक 0685717 प्रमाणपत्र-सह-अंकपत्र वास्तव में खो गया है।

**मोहम्मद साहिल पुत्र मोहम्मद शाकिर, मौहल्ला नौधा, थाना नहटौर, जिला बिजनौर**

# कांवड़तियों की डीसीएम केबल से टकराई

## विद्युत पोल ट्रांसफार्मर सहित सड़क पर गिरा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंदक।** आज सुबह कांवड़ियों से भरी डीसीएम सड़क से गुजर रहे विद्युत पोल ट्रांसफार्मर सहित सड़क पर गिर गया। ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारियों से अफरा-तफरी मच गई। डीसीएम से निकलकर कांवड़ियों में भगदड़ मच गई। गनीमत रही कि कोई कांवड़िया या राहगीर करंट की चपेट में नहीं आया। वर्ना बड़ा हादसा हो सकता था।

प्राप्त समाचार के अनुसार सुबह करीब दस बजे हरिद्वार जल लेने जा रहे कांवरतियों से भरी डीसीएम बिजलीघर के सामने विद्युत तार से टकरा गई। डीसीएम पर ऊंचा डीजे बंधा था। वाहन के टकराने से सड़क के दोनों ओर के खंबे गिर गये। खंबों पर रखा कस्बे को सप्लाई देने वाला विद्युत ट्रांसफार्मर भी सड़क किनारे गिर गया। उस समय बिजली आपूर्ति चल रही थी और बारिश भी हो रही थी, जिससे जबरदस्त फाल्ट हुआ। कांवरतियों में अफरा-तफरी और भगदड़ मच गई। गनीमत रही कि कोई करंट की चपेट में नहीं आया। वर्ना बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना पर चंदक चौकी इंचार्ज और बिजली कर्मचारी मौके पर पहुंचे और सड़क से तार हटवाया।

### पुरानी घटना हुई ताजा

**चंदक।** आज सुबह कांवड़ियों की डीसीएम बिजली के तार से टकराने से लोगों के जहन में वर्षों पुरानी घटना ताजा हो गई, जब बिजलीघर के पास ही कांवरतियों का वाहन बिजली के तार से टकरा गया था और कई कांवड़ियों की करंट से मौत हो गई थी।

### विद्युत आपूर्ति ठप

**चंदक।** विद्युत पोल और ट्रांसफार्मर के गिरकर क्षतिग्रस्त हो जाने से कस्बे की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई है, जिससे लोगों को परेशानी हा सामना करना पड़ रहा है।

## टैंट हाउस में आग लगने से लाखों का नुकसान

**नजीबाबाद।** कस्बा साहनपुर के मौहल्ला जरूफसाजान में बीती रात रईस टैंट वाले के गोदाम में अचानक भीषण आग लगने से लाखों रुपए का टैंट का सामान जल गया। आग लगने की वजह बिजली के तारों में फाल्ट होना बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही टैंट व्यापार एसोसिएशन के अध्यक्ष मौहम्मद अख्तर तथा साहनपुर के चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने मौके पर पहुंच कर घटना पर अफसोस जताते हुए प्रशासन से आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की। चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने मौके पर हलका लेखपाल विजय चौधरी को बुलाकर मुआयना कराते हुए रिपोर्ट तैयार कराई।

# सहनशक्ति की कमी और तनाव की मार

## आखिर किस दिशा में जा रहा है हमारा युवा?

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** आज का युवा मानसिक रूप से किस कशमकश से गुजर रहा है, इसका अंदाजा आए दिन सामने आ रही आत्महत्या की खबरों से लगाया जा सकता है। मामूली नाराजगी, परिजनों की डांट-फटकार या छोटी-सी असहमति भी अब कई बच्चों को ऐसा घातक कदम उठाने के लिए प्रेरित कर रही है, जिसकी भरपाई न परिवार कर सकता है और न ही समाज।

हाल ही में किरतपुर क्षेत्र में शनिवार को एक बेहद दुखद घटना घटी, जहां एक किशोर ने परिवार में हुए हल्के-फुल्के मनमुटाव के चलते आत्महत्या जैसा गंभीर कदम उठा लिया। यह कोई पहली घटना नहीं है देश के कोने-कोने से ऐसे समाचार लगातार सामने आ रहे हैं, जो हमें सोचने पर मजबूर करते हैं। सामाजिक व दानिश्वर लोगों का मानना है कि बच्चों में सहनशक्ति की गिरावट, सोशल मीडिया की अंधी दौड़ और पारिवारिक संवाद की कमी इसके प्रमुख कारण हैं। आज का बच्चा छोटी-छोटी बातों को सम्मान और अपमान के तराजू में तोलता है। जो बातें पहले मार्गदर्शन समझी जाती थीं, अब उन्हें टोकाटाकी और हस्तक्षेप माना जाने लगा है।

समाज के दानिश्वर लोगों का कहना है कि सिर्फ स्कूल या कॉलेजों की नहीं, बल्कि मां बाप और पूरे समाज की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को मानसिक रूप से मजबूत बनाएं। बच्चों को हर बात में हाँ कहना, उन्हें हर असफलता से बचाने की कोशिश करना और आलोचना से दूर रखना यह सब उन्हें जीवन की सच्चाइयों के लिए कमजोर बना रहा है।

### बच्चों से खुलकर बात करें

अनुशासन में संतुलन हर बात में सहमति देना सही नहीं, जरूरी है सीमाओं को स्पष्ट करना। स्कूलों और कॉलेजों में मानसिक स्वास्थ्य को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाए। यह वक्त सिर्फ बच्चों को डिग्री या नंबर दिलाने का नहीं है, बल्कि उन्हें जीवन की चुनौतियों से जूझने का हौसला देने का है। अगर अब भी हम नहीं चेते, तो अगली पीढ़ी को एक खोखली मानसिकता और भावनात्मक अस्थिरता का बोझ उठाना पड़ेगा, जिसका अंजाम बहुत भयावह हो सकता है।

## हवन यज्ञ में आहुतियां देने से मनोकामनाएं होती हैं पूर्ण: आचार्य राजेंद्र वशिष्ठ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** बड़ी मंडी स्थित राजगढियों की धर्मशाला में आयोजित मोक्षदायिनी श्री शिव महापुराण कथा मंदाकिनी कथा के समापन पर हवन यज्ञ में आहुतियां डलवाते हुए कथा व्यास पीठाधीश्वर आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ ने हवन-यज्ञ कराते हुए कहा कि जो हवन यज्ञ में आहुतियां देता है और हवन यज्ञ की परिक्रमा करता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती है।

शिव महापुराण कथा के समापन अवसर पर आयोजित हवन यज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे। हवन-यज्ञ के मुख्य यजमान विकल गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी मोनिका गुप्ता, सार्थक गुप्ता, नयना गुप्ता रहे। हवन यज्ञ में राजीव धनोरिया, शिखा धनोरिया, मुकेश कौशिक, मदन राणा, हरिओम अग्रवाल, उमा अग्रवाल, राधा अग्रवाल, उषा अग्रवाल, कल्पना जैन, अनुज वर्मा, रीना वर्मा, मान्य वर्मा, संजय अग्रवाल, राधा अग्रवाल, कुसुम लता, रजनीश चौहान, आदर्श सक्सेना, आयुषी अग्रवाल, मधु, प्रीति, दीपा, निर्मला, डिंपल आदि शामिल रहे। मोक्षदायिनी श्री शिव महापुराण कथा मंदाकिनी का हवन यज्ञ के साथ समापन हो गया। अंत में आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सब ने प्रसाद ग्रहण का धर्म लाभ उठाया।

# अफजलगढ़ में भाकियू सामाजिक की बैठक

## किसानों और स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर उठाई गंभीर समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** भारतीय किसान यूनियन (सामाजिक) की एक अहम बैठक रविवार को भारतीय स्टेट बैंक के पास आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष आरेंद्र कुमार ने की, जबकि संचालन नगर अध्यक्ष अब्दुल बारी ने किया। बैठक में संगठन को मजबूती देने के साथ-साथ क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर गंभीर चर्चा की गई।



बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सचिव ज्ञानचंद प्रजापति ने कहा कि अफजलगढ़ की द्वारिकेश मिल से किसानों को कृषि कार्य के लिए गुणवत्तापूर्ण दवाइयां नहीं मिल पा रही हैं। उन्होंने मांग की कि किसानों का गन्ने का भुगतान समय से किया जाए और मिल को समय पर शुरू किया जाए, ताकि गेहूं की बुवाई में देरी न हो। उन्होंने अफजलगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की खराब स्थिति पर भी रोष जताया। उन्होंने कहा कि सीएचसी में डॉक्टर समय पर नहीं आते और कई बार ड्यूटी से गायब रहते हैं। वार्ड बॉय और फार्मासिस्ट मरीजों का उपचार करते नजर आते हैं, जो कि नियमों के विरुद्ध है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक डॉक्टर सरकारी सेवा में रहते हुए निजी अस्पताल चला रहा है।

प्रजापति ने बताया कि सीएचसी में तैनात पांच डॉक्टरों में से केवल एक ही मरीजों को देखता है, जिससे लंबी कतारें लगती हैं और मरीजों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। फार्मासिस्ट द्वारा मरीजों को बाहर रेफर करने की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि कुछ एंबुलेंस संचालक फार्मासिस्ट के द्वारा कमीशन के लालच में मरीजों को काशीपुर के निजी अस्पतालों में भेज रहे हैं। उन्होंने कहा कि फार्मासिस्ट डॉक्टर की कुर्सी पर बैठकर उपचार करता है तथा सीएचसी से मरीजों को बाहर से दवाई लिखी जाती है। उन्होंने जिला अधिकारी और सीएमओ से सीएचसी का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की। बैठक में जिला उपाध्यक्ष आरेंद्र कुमार ने क्षेत्र में गुलदार (तेंदुए) के बढ़ते हमलों पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि वन विभाग की निष्क्रियता के चलते ग्रामीण और किसान भयभीत हैं, लेकिन विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। नगर अध्यक्ष अब्दुल बारी ने कहा कि अगर किसी भी व्यक्ति को विभागीय स्तर पर अनावश्यक रूप से परेशान किया गया, तो संगठन उसका पुरजोर विरोध करेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन (सामाजिक) किसानों और आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से उठाता रहा है और आगे भी जनहित में संघर्ष करता रहेगा।

बैठक में राष्ट्रीय सचिव ज्ञानचंद प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष आरेंद्र कुमार, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. इकरार, नगर अध्यक्ष अब्दुल बारी, मास्टर सलाउद्दीन, युवा नेता शेख मोहम्मद जैद, नगर उपाध्यक्ष मोहम्मद इब्राहिम, शफीक अहमद, मोहम्मद अहसान, मोहम्मद फारूख, फहद शाहिद, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद शमशाद, मोहम्मद अनीस, मोहम्मद शमीम सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सोमवार को भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** अनन्त श्री शिव शक्तिपीठ एवं संस्कार शाला आश्रम पर श्रावण कृष्ण पक्ष के प्रथम दिन से मास पर्यन्त चल रहे रुद्राभिषेक तथा आध्यात्मिक प्रवचन कार्यक्रम में मुख्य यजमान धामपुर चेयरमैन रवि कुमार सिंह ज्योति सिंह रहीं एवं राजवर्धन सिंह, देव वर्धन सिंह अपने दोनों पुत्रों के साथ भगवान भोलेनाथ का दिव्य अभिषेक कराया।

आश्रम के संस्थापक संस्कृत के प्रकाण्ड विद्वान आचार्य डा. दिनेश चन्द्र भारद्वाज के सानिध्य में सुन्दर कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। आचार्य श्री ने बताया कि शिव पूजन करने से मनुष्य को लौकिक तथा पारलौकिक सुख प्राप्त हो जाता है। धन के इच्छुक को धन, विद्यार्थी को विद्या प्राप्त होती है। रोग-शोक-दु:ख की निवृत्ति होती है। विधि-विधान से षोडशोपचार पूजन सम्पन्न हुआ। दिव्य स्तोत्रों का पाठ सुनकर सभी उपस्थित जन भव विभोर हो गए।

अनन्त नियति वर्ल्डपीस चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष आचार्य डा. दिनेश चन्द्र भारद्वाज ने वर्तमान चेयरमैन रवि कुमार सिंह को परिवार सहित अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। परिवार ने आचार्य श्री से आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर टीकाराम जैन,सौरभ रस्तोगी, निशि रस्तोगी, पप्पू चौहान, अर्चना सिंह, राजेश जोशी, ज्योतसना जोशी, प्रमोद भारद्वाज, मास्टर विनय चौहान, प्रणव भारद्वाज, अनन्त भारद्वाज, शिव हरि माहेश्वरी आदि उपस्थित रहे।

# सांसद इकरा का अपमान निंदनीय और चिंतनीय: मोहम्मद सालिम





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** सपा जिला महासचिव यूथ ब्रिगेड मौहम्मद सालिम ने जारी अपने बयान में कहा कि सांसद इकरा हसन का एक अधिकारी द्वारा अपमान करना प्रोटोकॉल के अनुसार न्याय संगत नहीं सिर्फ निंदनीय बल्कि चिंतनीय भी है।

उन्होंने कहा कि जब एक सांसद का अपमान एक अधिकारी कर सकता है तो अंदाजा लगाया जा सकता है तो फिर आम नागरिकों, प्रधानों, ब्लाक सदस्यों, विधायकों, जिला पंचायत सदस्यों आदि की कहां सुनवाई और उनका सम्मान करते होंगे। मौहम्मद सालिम ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जनता की तो बात छोड़िए अब जनप्रतिनिधियों की भी अधिकारी सुनवाई नहीं कर रहे हैं और जिसकी वजह से अक्सर समस्याओं का समाधान नहीं हो पाता हैं और जनता में निराशा का भाव और माहौल पैदा हो रहा है और जिसका हिसाब किताब जनता आगामी चुनाव में चुकता कर करेगी। मौहम्मद सालिम ने कहा कि सांसद इकरा हसन एक सुशील, शिक्षित और सभ्य व्यक्तित्व की मालिक हैं, उनको यह सब चीज अपने परिवार से विरासत में मिली हैं। वह हमेशा ही सर्व समाज का सम्मान करती हैं। लिहाजा अधिकारी को उनका भी सम्मान करना चाहिए था क्योंकि लाखों लोगों ने उन्हें अपना प्रतिनिधि चुनकर संसद में भेजा है। उन्होंने उक्त अधिकारी के विरुद्ध सरकार से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# दीक्षांत समारोह में आशुतोष सम्मानित

## मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी की डिग्री सौंपी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कहा जाता है कि जीवन में सफलता का मिलना कोई कठिन कार्य नहीं होता है। जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए मनुष्य के अंदर हौसला, हिम्मत व कठिन परिश्रम करने के साथ - साथ जीवन में एक निश्चित लक्ष्य चुनने की क्षमता होनी चाहिए। यदि किसी मनुष्य में ये सब गुण उपलब्ध हैं तो सफलता निश्चित ही उनके कदम चूमेगी।

जनपद बिजनौर के बिजनौर नगर की श्याम विहार कॉलोनी किरतपुर रोड निवासी साधारण परिवार में जन्मे आशुतोष राजपूत ने इसी कथन को सार्थक कर दिखाया है। आपको बता दे की बिजनौर नगर की श्याम विहार कॉलोनी किरतपुर रोड निवासी विनीत राजपूत एवं सुरेखा राजपूत के होनहार बेटे के व्यक्तित्व में उसके माता-पिता को उसके बाल्यकाल से ही आशुतोष राजपूत के द्वारा जीवन में कुछ कर गुजरने के गुण दिखाई देने लगे थे। आशुतोष की प्रारंभिक शिक्षा सेंट मैरी स्कूल बिजनौर में आरंभ हुई जहां पर आशुतोष राजपूत द्वारा इंटरमीडिएट की शिक्षा पूर्ण की गई। इसके उपरांत आशुतोष राजपूत के मन में टेक्नोलॉजी क्षेत्र को अपनाने की भावना जागृत हुई। इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत आशुतोष राजपूत ने रुड़की (उत्तराखंड) के लोकप्रिय इंस्टिट्यूट कोर कॉलेज से कंप्यूटर साइंस में बीटेक की डिग्री प्राप्त की। बीटेक की डिग्री प्राप्त करने के उपरांत आशुतोष राजपूत द्वारा गेट की परीक्षा उत्तीर्ण कर आईआईटी हैदराबाद में एडमिशन लेकर एमटेक की परीक्षा उत्तीर्ण की गई।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान हैदराबाद को चौदहवें दीक्षांत समारोह में आशुतोष राणा को मुख्य अतिथि केंद्रीय रेल मंत्री, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री भारत सरकार अश्वनी वैष्णव की गरिमामयी उपस्थिति में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान हैदराबाद के निदेशक प्रोफेसर बी.एस मूर्ति द्वारा आशुतोष राजपूत को सम्मानित करते हुए कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट से नेटवर्क एंड इनफॉरमेशन सिक्योरिटी में मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी की डिग्री प्रदान की गई। वर्तमान समय में आशुतोष राजपूत सैमसंग कंपनी में कार्यरत हैं। इस अवसर पर आशुतोष राजपूत ने कहा है कि उनकी इस सफलता के पीछे उनके माता-पिता के आशीर्वाद एवं सहयोग तथा गुरुजनों की प्रेरणा एवं आशीर्वाद है।

## एक नजर

### श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक



नजीबाबाद। श्रावण मास के दूसरे सोमवार को बारिश के बीच श्रद्धालुओं ने मोटा महादेव मंदिर पर पूजा अर्चना की। बारिश की रिमझिम फुव्वारों के बीच भी हरिद्वार से गंगा जल लेकर आने वाले कांवड़तियों का आवागमन जारी रहा। श्रावण मास का महीना बड़ा ही पवित्र महीना माना जाता है। आज श्रावण मास के दूसरे सोमवार को क्षेत्र के मोटा महादेव मंदिर पर श्रद्धालुओं ने काफी संख्या में सुबह सवेरे से ही जलाभिषेक किया। कांवड़तियों ने बारिश में भी लाइन में लगकर मोटा महादेव मंदिर पर बाबा का गुणगान करते हुए पूजा-अर्जना की। शिव भक्तों ने सोमवार को व्रत रखकर शिव चालीसा का पाठ किया। सुरक्षा की दृष्टि से काफी संख्या में मोटा महादेव मंदिर पर मंडावली पुलिस मौजूद रही। मंदिर के पुजारी शशिनाथ श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना कराने में लगे रहे।

### स्कूटी सवार गंभीर घायल



**अफजलगढ़।** रविवार की देर शाम द्वारिकेश शुगर में कार्यरत कर्मचारी पंडित सनातन त्रिपाठी का पुत्र शशांक पुत्र सनातन त्रिपाठी स्कूटी द्वारा कहीं जा रहा था कि राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित पुलिस क्षेत्राधिकार कार्यालय के सामने खालसा ढाबा के समीप आवारा पशु गौवंश आ जाने से स्कूटी सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को राहगीरों की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहा उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई।

### सड़क हादसे में दो कांवरती घायल



**अफजलगढ़।** जनपद मुरादाबाद के कस्बा नाखूनका निवासी सोनू चंद्र और आकाश कुमार बाइक द्वारा हरिद्वार से कांवड़ लेकर वापसी कर रहे थे। जैसे ही वह भूतपुरी के पास पहुंचे, तो सड़क हादसे का शिकार हो गए। उनकी बाइक अचानक सड़क पर जमी हुई मिट्टी पर फिसल कर अनियंत्रित होकर गिरने से दोनों युवक घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से पीएचसी अस्पताल कासमपुर गढ़ी भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद दोनों कांवरियों को छुट्टी दे दी गई।

### गुलदार ने कुत्ते को बनाया निवाला

**कोतवाली देहात।** ग्राम पमडावली निवासी रोहित चौधरी की गांव के बाहर डेयरी है। डेयरी में उन्होंने गाय पाल रखी है। रोहित चौधरी के यहां डेयरी पर एक कुत्ता भी रहता था। शनिवार की रात्रि एक गुलदार डेयरी में घुस गया। वह वहां मौजूद पशुओं को तो नुकसान नहीं पहुंचा पाया, लेकिन कुत्ते पर हमला करके उसे उठा लिया तथा निवाला बना लिया। सारी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। गुलदार के आने की खबर सुनकर ग्रामीण भयभीत है। ग्रामीणों ने पिंजरा लगाने की मांग की है। ग्रामीण शैंकी चौधरी ने बताया कि पहले भी कई बार गुलदार देखा जा चुका है। ग्रामीणों ने गुलदार को पकड़वाने की मांग की है।

# मंडलीय गजेटियर लेखन समिति के लेखक सम्मानित



## जिलाधिकारी ने लेखकों को प्रशस्ति पत्र सौंपे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी कार्यालय में स्थित विदुर सभागार में आयोजित एक सादे समारोह में जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा मुरादाबाद मंडलीय गजेटियर लेखन समिति के साहित्यकारों, इतिहासकारों एवं विद्वान लेखकों अशोक मधुप, डॉ. निशांत यादव, चंद्रमणि रघुवंशी, इंजी. हेमंत कुमार, डॉ. महेंद्र सिंह त्यागी, चंद्रहास सिंह, स्वाती मिश्रा, वंदना कनौजिया, डॉ. ऋचा शर्मा, आत्माराम, वीरेंद्र कुमार, मनोज कुमार यादव को प्रशस्ति पत्र एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि मुरादाबाद मंडलीय गजेटियर भाग 1 एवं भाग 2 का प्रकाशन मंडल आयुक्त आन्जनैय कुमार के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ। जनपद बिजनौर की ऐतिहासिक सांस्कृतिक, पौराणिक, धार्मिक एवं राजनीतिक पृष्ठभूमि पर आधारित अति प्रसंसनीय एवं सारगर्भित लेख लिखने हेतु समिति के सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने लेखकों से आह्वान किया कि वे अपने जनपद के संबंध में अपना शोध कार्य जारी रखें।

जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव ने कहा कि मंडलीय गजेटियर टीम का कार्य बहुत ही प्रशंसनीय एवं महत्वपूर्ण रहा है। मुरादाबाद मंडलीय गजेटियर भाग 2 एक महत्वपूर्ण ग्रंथ है जो विद्वान लेखकों एवं अधिकारियों के बौद्धिक एवं शारीरिक परिश्रम का प्रतिबिंब है।

इस अवसर पर सह जिला विद्यालय निरीक्षक जितेंद्र कुमार, जीआईसी बिजनौर प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह एवं शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉक्टर निशांत कुमार यादव ने किया।

डॉ. ऋचा शर्मा ने जिला अधिकारी जसजीत कौर को पेंटिंग भेंट की।

# लो वोल्टेज से नगरवासी परेशान

**अफजलगढ़।** नगर में इन दिनों बार-बार बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या ने आमजन की परेशानी बढ़ा दी है। खासतौर पर बुजुर्गों और छोटे बच्चों को गर्मी और अंधेरे के कारण भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मौहल्ला मियां जी मौखा, मौहल्ला जैनुल आबिदीन और मौहल्ला बेगम सराय के निवासियों ने बताया कि पिछले कई दिनों से रोजाना कई बार बिजली गुल हो रही है और जब आती भी है, तो वोल्टेज इतना कम होता है कि पंखे और कूलर भी ठीक से नहीं चल पाते।

# सुंदर झाकियां बनीं आकर्षण का केंद्र

**नजीबाबाद।** श्रावण मास का महीना कांवड़ का महीना शिव की आराधना का विशेष महीना माना जाता है। दूर दराज से शिव भक्त हरिद्वार कांवड़ लेने जाते है। सुंदर-सुंदर आकृतियों की कांवड़ बड़ी ही मनमोहक लग रही हैं। बारिश के बीच मंडावली में सुन्दर आकृति की कांवड़ निकली जिले सभी ने सराहा। बरेली निवासी सुरेश, हरिओम, राधेश्याम, कमल, मिंटू ने बताया कि उनकी ये पांचवीं पैदल कांवड़ यात्रा है। भोले बाबा के आशीर्वाद से बारिश में भी हम कदम से कदम मिलाकर शिव महिमा का गुणगान करते हुए चल रहे है।

# ...दवा मरीज को इतनी न दे के मर जाए

## शेरी नशिस्त में शायरों ने पेश किए उम्दा कलाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** बज्म ए जिगर नजीबाबाद की ओर से मशहूर शायर मौसूफ अहमद वासिफ के नाम से जश्न ए सोज व महफिल ए मुशायरे का आयोजन किया गया। इस मौके पर शायरों ने उम्दा कलाम पेश कर खूब दाद हासिल की।

रविवार को मौहल्ला रमपुरा में काफी दिनों से बीमार चल रहे मशहूर उस्ताद शायर मौसूफ अहमद वासिफ की सेहत में सुधार होने पर बज्म ए जिगर नजीबाबाद की ओर से जश्न ए सेहत मौसूफ अहमद वासिफ व महफिल ए मुशायरे का आयोजन शाम 6 बजे किया गया। इस मौके पर शेरी नशिस्त से पहले सभी शायरों ने शायर मौसूफ अहमद वासिफ के लिए अल्लाह से उनकी सेहतमंदी की दुआ की। इस मौके पर उस्ताद बुजुर्ग शायर डा. रईस भारती ने कहा कि मौसूफ अहमद वासिफ जहां एक बाकमाल शायर है, वहीं बेहद गरीब परवर भी है। वो हमेशा मजबूर और जरूरत मंदों की मदद को आगे रहते हैं।



इस मौके पर महफिल ए मुशायरे का आगाज तरन्नुम के बेहतरीन शायर अकरम जलालाबादी ने हम्द ए पाक से कुछ यूं किया- कही चांद तारो में है चमक, कही पे जलवा ए तूर है, ये शजल हजल ये बहार ए गुल, तेरा जर्र जर्र में नूर है।

शायर सूफीयान मुल्तानी ने कहा - रब के इस खजाने में और भी करिश्मे है, सिर्फ इस समंदर में मछलियाँ नही होती। शायर आसिफ मिर्जा ने कहा- जरा ठहर के तबीअत मेरी सुधर जाये, दवा मरीज को इतनी न दे के मर जाये। शायर उबैद नजीबाबादी ने कहा- हमारे जख्म भर जायेंगें यार आहिस्ता आहिस्ता, खिजा पर जैसे आती है बहार आहिस्ता आहिस्ता। सहाफी और शायर शादाब जफर शादाब ने कह- जब कभी इश्क पे संवाद करेगी दुनियां, हा मेरे अज्म को बुनियाद करेगी दुनियां। नगर के मशहूर शायर डाक्टर तैय्यब जमाल ने कहा- अजब ये इश्क में आशिक का हाल ए जार होता है, जरा सी देर में शिकवा घड़ी में प्यार होता है। जलालाबाद से आये उम्दा तरन्नुम के मालिक शायर अकरम जलालाबादी ने कह- प्यार जब पहली बार होता है, वो समा पुरबहार होता है। शायर मौसूफ अहमद वासिफ ने गजल के दौर में पढा... एक लड़की फीदा चांद पर हो गई। बैठे बैठे उसे रात भर हो गई। शेरी नशिस्त की सदारत कर रहे उस्ताद शायर डाक्टर रईस अहमद भारती ने कहा- छाव मैं बैठ के कुछ देर सुस्ताले गरीब, दिल के विराने में वो पेड़ ऊगा दो यारों।

शेरी नशिस्त में नसीम खां, जुबैर खां, मोनिस खां, फैसल खां, अब्दुल तालिब आदि सामइन मौजूद रहे। शेरी नशिस्त की अध्यक्षता डा. रईस अहमद भारती ने की व संचालन आसिफ मिर्जा ने किया।

# इकरा पर टिप्पणी करने वाले का चेहरा चम्बल के डाकू जैसा: इकबाल

शाह टाइम्स ब्यूरो



**सम्भल।** समाजवादी पार्टी से सदर विधायक इकबाल महमूद ने कांवरियों पर तोड़फोड़ करने के आरोप लगाते हुए योगी सरकार पर हमला बोला है। उन्होने कांवरियों को लेकर दिए गए बयान पर सफाई दी। कहा कि कांवड़ियों को नही कांवर यात्रा की आड़ में उपद्रव मचाने वालों पर कार्रवाई की मांग की।

सोमवार को मियां सराय स्थित आवास पर मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व काबीना मंत्री सदर विधायक नवाब इकबाल महमूद ने कहा कि मुख्यमंत्री ने कांवड़ियों पर फूल बरसाये यह अच्छी बात है लेकिन इसी के साथ हज से आने वाले ज़ायरीनों पर भी फूल बरसकार स्वागत करना चाहिये तभी साम्प्रदायिक सदभाव का नजारा सामने आयेगा,क्योंकि वह किसी एक वर्ग के नहीं बल्कि पूरे प्रदेश की जनता के मुख्यमंत्री हैं। मुख्यमंत्री ने कांवड़ यात्रा में उपद्रव मचाने वालों को चिन्हित कर उनके फोटो लगाने का बयान दिया है। मुजफरनगर में महिला के साथ मारपीट ओर अन्य कई स्थानों पर तोड-फोड़ और उपद्रव मचाया, बसें तोड़ी, स्कूली बच्चों को परेशान किया। जिनके फोटो और वीडियो पुलिस के साथ मौजूद हैं सरकार कार्यवाही करे। उन्होने कहा कि प्रदेश में सरकार बनने पर अखिलेश यादव ने कांवड़ियों के लिए अलग रास्ता बनाने का वादा किया ह। अखिलेश यादव जो कहते हैं वह करते हैं। उनके कार्यकाल की आज भी जनता प्रशंसा करती है। हमारी सरकार बनी तो ऐसा नहीं होगा हम रास्ते बनायेंगे, व्यवस्था करेंगें। इकरा हसन पर करणी सेना के पदाधिकारी द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी पर कहा कि बड़ी शर्मनाक बात है। इकरा हसन एक सम्मानित एवं विदेश में पढ़ी लिखी सांसद लिख हैं। उनके पिता हमारे साथ विधायक रहे हैं। करणी सेना का वो आदमी जो दिखने मे चंबल का डाकू जैसा दिखायी देता है। उसने इस तरह टिप्पणी की उस पर सख्त कार्यवाही होनी चाहिए। ऐसी आदमी की जगह जेल होनी चाहिए। बिहार चुनाव मे बोलते हुए कहा कि बिहार मे लालू यादव की सरकार बनेगी।

# ग्राम पंचायत सचिव को मिली प्रतिकूल प्रविष्टि

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की समीक्षा में ग्राम पंचायत सचिव को प्रतिकूल प्रविष्ट व एडीओ पंचायत को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 जुलाई से प्रारम्भ हो चुका है तथा 31 जुलाई तक चलेगा एवं दस्तक अभियान 11 जुलाई से प्रारंभ हो चुका है 31 जुलाई तक चलाया जाएगा। यूनीसेफ से डा. प्रवीन द्वारा विकास खण्ड जुनावई, गुन्नौर के ग्रामों में साफ सफाई न कराने की जिलाधिकारी को जानकारी दी।

## डीएम ने की विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा

जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत सचिव को प्रतिकूल प्रविष्टि तथा एडीओ पंचायत को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में पंचायती राज विभाग की प्रगति खराबी पायी गयी। जिसको लेकर जिलाधिकारी ने जिला पंचायती राज अधिकारी को स्पष्टीकरण जारी करने को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा की संचारी रोग अभियान का जिला स्तरीय कंट्रोल रूम बनाया जाए। उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम के माध्यम से जानकारी प्राप्त करें और जो संबंधित विभाग माइक्रो प्लान के अनुसार अपना कार्य नहीं कर रहा है उसके खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि संचारी रोग अभियान की प्रगति रिपोर्ट प्रत्येक दिन प्राप्त कर उसका अवलोकन किया जाए अगर किसी विभाग के द्वारा प्रतिदिन की प्रगति में बढ़ोतरी नहीं होती है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तरुण पाठक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. पंकज विश्नोई तथा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. शैलेन्द्र सिंह, जिला पंचायती राज अधिकारी उपेंद्र कुमार पांडे, बीएसए अलका शर्मा, डीपीओ महेश कुमार, आदि मौजूद रहे।

# मिलावट के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के दिए गए निर्देश

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, सम्भल के सहायक आयुक्त खाद्य ग्रेड मानवेन्द्र सिंह ने पिछले वित्तीय वर्ष सहित चालू वित्तीय वर्ष में विभाग द्वारा जनपद सम्भल में प्रवर्तन सम्बन्धी कार्यवाही सहित खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, नई दिल्ली व खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा प्रचलित व संचालित विभिन्न प्रकार के आम जनमानस के हित में चलाये जा रहे ईट राईट कार्यक्रमों के सफलतापूर्वक किये गये आयोजनों का विवरण प्रस्तुत किया गया।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जनपद में खाद्य पदार्थों विशेषकर घी, पनीर, दूध, मिठाइयों में मिलावट के विरूद्व सतत अभियान चलाने के निर्देश दिये गये। साथ ही खाद्य पदार्थों की निर्माण इकाईयों, थोक/ फुटकर विक्रेताओं का निरीक्षण किये जाने के निर्देश दिये। इसके अलावा विभाग द्वारा किये जाने वाली प्रवर्तन कार्यवाही में नमूना संग्रहण बढ़ाये जाने एवं मिलावट के विरूद्व प्रभावी कार्यवाही करने कोु निर्देशित किया गया जिससे आम जनमानस को गुणवत्तापरक खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

# पुलिस ने रोडवेज बस में छूटा बैग बरामद कर किया सुपुर्द

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** थाना गुन्नौर में संचालित यूपी-112 पुलिस पीआरवी दीपक पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी रानीखेत उत्तराखण्ड ने बताया कि मेरा बैग रोड वेज बस मे छूट गया है। पुलिस सहायता चाहिए। उक्त इवेंट पर पीआरवी कर्मियों द्वारा अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए बिना देरी किये तत्काल कॉलर के मो.न. से वार्ताकर जानकारी की गयी तो कालर ने बरैली से दिल्ली जाने वाली रोडवेज बस में नूरपुर तिराहे पर उतरते समय बैग बस में ही रह जाने की जानकारी दी। पीआरवी कर्मियों ने इन्द्राचौक बबराला थाना गुन्नौर के पास बस को आते देख रूकवा कर बेग बरामद कर सुपुर्द किया।

# जींस कारखानों पर नगर मजिस्ट्रेट ने की छापमारी

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** नगर मजिस्ट्रेट के के नेतृत्व में जींस की पेंटस के वाशिंग प्लांट पर छापामार कार्यवाही करते हुए जनरेटर सील किया गया। जबकि अन्य उपकरणों और जीएसटी को लेकर जानकारी करते हुए आगे की कार्यवाही के आदेश दिए।



सोमवार को सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने हयातनगर क्षेत्र मे बिजली विभाग, सप्लाई, प्रदूषण, जीएसटी ,नगर पालिका द्वारा संयुक्त रूप से छापामार कार्वाई की। फैक्ट्री के दूषित पानी से फैल रहे प्रदूषण, जीएसटी का रजिस्ट्रेशन को लेकर जानकारी की गई। अनियमितताओं को देखते हुए बिजली की सप्लाई भी काटी गई तो वहीं यूनिट चालू न कर सकें इसलिए जनरेट सील किया गया। छापामारी के दौरान घरेलू सिलेंडर का कमर्शियल प्रयोग किया जा रहा था। जिस पर सप्लाई विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। छापामारी से जींस के वॉशिग प्लांट संचालकों मे हड़कम्प मचा हुआ है। बता दें कि तीन दिन पूर्व हयात नगर स्थित जींस सिलाइ कारीगर कर अपने ही कारखाने में करंट लगने से उसकी मौत हो गयी थी। हालांकि परिजनों की ओर से काई कार्रवाई नहीं की गयी थी। अचानक जींस कारखानों पर हुई छापमार कार्रवाई इसी का नतीजा माना जा रहा है। फिलहाल जगह-जगह संचालित जींस कारखानों पर आगे भी छापमार कार्रवाई किए जाने की सम्भावनाएं जतायी जाने लगी हैं।

# हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत हो गयी। जिससे घर मे कोहराम मच गया। गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव कैल निवासी बृजेश कुमार उर्फ भगवान सिंह (24) वर्ष अपने पिता नवल सिंह के साथ बीते 17 जुलाई शाम को गांव में ही आगरा मुरादाबाद हाइवे किनारे खड़े थे। तभी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे पिता पुत्र दोनों घायल हो गए। जिनको मौके पर ग्रामीणों ने गुन्नौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था। जिसके बाद दोनों को प्राथमिक उपचार देने के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। जिसमें घायल बृजेश कुमार की रविवार दोपहर 3 बजे इलाज के दौरान मौत हो गई जबकि उसके घायल पिता का घर पर ही उपचार चल रहा है। मृतक के परिजनों ने बताया कि नोएडा सेक्टर 12 भारत हॉस्पिटल में घायल बृजेश कुमार का इलाज चल रहा था। उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक बृजेश उर्फ भगवान सिंह का बड़ा बेटा हर्षित व छोटा बेटा गोविंद, पत्नी अंशु व मां सत्यवती सहित परिजनों को रोते बिलखते छोड़कर गया। मृतक मजदूरी कर अपने परिवार की गुजर बसर कर रहा था। उसकी पूरी गृहस्थी बिगड़ गयी।

# जिला स्तरीय दिव्यांगजन समिति की बैठक में वोटर लिस्ट पर चर्चा

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** डीएम डा. राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में जिला दिव्यांगता समिति की बैठक में त्रिस्तरीय सर्वे के विषय में प्रधानमंत्री दिव्याशा केन्द्र की स्थापना पर चर्चा की गयी।

बैठक में वोटर लिस्ट सत्यापन को लेकर चर्चा की गयी तथा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि बूथ वार चैक किया जाए। ग्राम प्रधान एवं सचिव तथा राशन डीलर से प्रमाण पत्र लिया जाए कि गांव वोटर लिस्ट में जो लोग अंकित हैं उन लोगों के अलावा कोई अन्य दिव्यांगजन नहीं है।

# तीन साल बाद भी नहीं बना वेलनेस सेन्टर

शाह टाइम्स,संवाददाता

**सिरसी।** स्वास्थ्य विभाग ने कस्बे में वेलनेस सेन्टर खोले जाने की घोषणा की थी। लेकिन तीन वर्ष से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी घोषणा पर अमल नहीं किया गया। जिस कारण कस्बेवासी वेलनेस सेन्टर से मिलने वाली चिकित्सा सुविधा से वंचित हैं।

मालूम हो कि कस्बेवासी आज़ादी के 77 साल भी सरकारी चिकित्सा सेवाओं से वंचित है। कस्बे में सरकारी चिकित्सा सुविधाओं के नाम पर यूनानी एवं आर्यवेदिक व होम्यापैथिक चिकित्सालय के अलावा राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर कुछ माह पहले ही किराए के भवन में खोला गया है। यह सब चिकित्सा केन्द्र सुबह दस बजे से दो और शाम पॉच बजे तक ही खोले जाते है। इस समय के बाद कभी जरूरत पड़ने पर निजी चिकित्सकों की शरण में जाना पड़ता है। कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द की मॉग लम्बे समय से कस्बेवासी करते रहे हैं,लेकिन जनता के मौलिक अधिकारों में शामिल स्वास्थ्य चिकित्सा सेवाओं की ओर से स्वास्थ्य विभाग के साथ ही क्षेत्रीय सांसद,विधायक व स्थानीय नेता चुप्पी साधे हुए हैं। जबकि कस्बे में आयुर्वेद एवं यूनानी चिकित्सालय को सतत्तर वर्ष बाद भी अपना भवन नहीं मिल सका। यह नगर पंचायत कार्यालय के एक कमरे से संचालित किया जा रहा है। इसकी विशेषता है कि यह चिकित्सालय दवाई न होने के कारण अधिकतर समय स्वयं ही बीमार रहता है। होम्योपैथीक चिकित्सालय की प्रभारी असपताल में तीन दिन बेठती है। अन्य दिन वे अन्य अस्पताल में सेवाएं देती हैं। यह दोनो अस्पताल दोपहर दो बजे बन्द हो जाते हैं। आरोग्य मन्दिर भी शाम पॉच बजे बन्द हो जाता है। गम्भीर मरीजों व लड़ाई-झगड़े में घायलों का मेडिकल परीक्षण कराने में पुलिस को जिला संयुक्त चिकित्सालय जाना पड़ता है। जिससे समय पर प्राथमिक चिकित्सा नहीं मिल पाती, जो कभी जान लेवा भी साबित हो जाती है। लगभग पचास हज़ार की आबादी और दर्जन भर से अधिक गॉवो की कई लाख की आबादी का केन्द्र न्दि भी है और कस्बे में नेताओं की लम्बी कतार है लेकिन खजूर के पेड़ की तरह लगते हैं। जो ऊँचा बहुत होता, लेकिन उसका साया (छॉव) किसी को। इसी को लकर किसी ने कहा था कि बड़ा हुआ तो क्या हुआ पंथ खजूर। पन्थी को साया नहीं, फल लागे अति दूर।।



सम्भल। मुख्स बिजलीघर पर मेगा कैम्प में उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण करते अधिकारी।

# शिवालयों पर गूंजे बम-बम भोले के जयघोष

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल/बबराला।** गुन्नौर तहसील क्षेत्र के शिवालयों में बम बम भोले के जयघोष गूंजे। सभी कष्टों को हरने बाले भगवान शिव के प्रिय माह सावन के दूसरे सोमवार था। भगवान शिव को यह माह इसलिये प्रिय है। पँडित रवि शर्मा ने बताया कि समुद्र मंथन के समय निकले को भगवान ने लोक कल्याण के लिये जिस बिष का पान किया था। उस तपन से प्रभु को इस माह बारिश के चलते ठंडक और सकून मिला था। जिससे उन्हें ये माह ज्यादा प्रिय है। शिव जी को सावन माह में जलाभिषेक का बड़ा महत्व पंचामृत दूध का अभिषेक करे तो



उनकी सभी मनोकामना पूर्ण हो सकती है। सावन माह के प्रत्येक सोमवार का अपना महत्व है। इस माह का हिन्दू धर्म मे विशेष महत्व है। भगवान शिव की अराधना से कष्टों से छुटकारा मिलता है। गुन्नौर के पाताली मँदिर व बबराला के सभी शिवालयो मे भक्तों की भारी भीड रही। भक्तों ने भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिये पूरी श्रृद्धा के साथ कांवर चढ़कर पूजा अर्चना की और अपनी मनोकामना पूर्ण करने की प्रार्थना की। मँदिर बम बम भोले,जय भोले की, हर हर महादेव के जयकारे से गूंज उठा।

# योगेन्द्र के खिलाफ सपाइयों का फूटा गुस्सा

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** सांसद इकरा हसन पर की गई अशोभ्नीय टिप्पणी पर समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने सख्त कार्यवाही की मांग की।

मौहल्ला हिलाली सराय स्थित आवास पर आयोजित बैठक मे जिला सचिव सइद अख्तर इसराइली ने कहा कि सांसद इकरा हसन एक सम्मानीय पढ़ी लिखी महिला सांसद है। जिन्होने 543 लोकसभा सांसदों और 250 राज्यसभा सांसद में अपनी जगह बनाकर हम सबाके गौरवान्वित ही नहीं किया बल्कि देश का नाम रौशन किया है। लेकिन करणी सेना अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह राणा ने सांसद इकरा हसन के साथ जिस असभ्य और शर्मनाक भाषा का प्रयोग किया है। वह निंदनीय है और उस पर कार्यवाही की जाना जरूरी हो गया है। उन्होने सरकार से योगेन्द्र राणा पर ऐंसी कार्यवाही की जाये जो एक मिसाल बने और आगे कोई ऐंसा साहस नहीं कर सके।

# मेगा शिविर मे उपभोक्ताओं की सुनी गई समस्यायें

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** नगर के मुख्य बिजली घर पर तीन दिवसीय मेगा कैम्प मे उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण किया गया। जबकि बिल की समस्याओं को निपटाकर बकाया बिल जमा कराये।

सोमवार को नगर के मुख्य बिजली घर पर विधुत वितरण सुधार मैगा कैम्प तीसरे दिन बड़ी संख्या मे बिजली उपभोक्ताओं ने अपने कम, बढ़ती बिजली के बिल, मीटर की खराबी तथा बिजली लाईन समस्याओं से विधुत विभाग के अफसरान को अवगत कराया। तीसरे दिन भी दिन एक्सईएन नवीन गौतम, एसडीओ प्रथम जेपी वार्ष्णेय, एसडीओ द्वितीय जीके गुप्ता, एसडीओ तृतीय इंजीनियर राहुल सिंह, सरफराज कम्पयूटर ऑपरेटर आदि लोगों ने विभिन्न कर्मचारियों की उपस्थिति मे मैगा कैम्प मे उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुनते हुए उनका निस्तारण किया। जबकि कुछ ऐसी समस्यायें आयी जिनको सम्बंधित विभाग को निर्देशित करते हुए नियमानुसार कार्यवाही कर निस्तारण करने के निर्देश दिए।

# भाकियू टिकैत ने ज्ञापन देकर बिजली की उठाई मॉग

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के जिलाध्यक्ष कुवंरपाल सिंह यादव के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया।

उपजिलाधिकारी गुन्नौर वंदना मिश्रा को दिए ज्ञापन में गंगाघाट राजघाट के शमशान घाट पर बिजली व्यवस्था कराये जाने की और किसानों की फसलों को समय से बिजली आपूर्ति की मांग की गयी।जिससे फसलें बर्बाद न हों। इस दौरान जिलाध्यक्ष कुंवरपाल सिंह यादव, सत्यपाल सिंह, हरिओम, नरेशपाल सिंह, रामेश्वर, तेजपाल, नन्द किशोर आदि मौजूद रहे।

# बस की टक्कर लगने से टेंपू पलटा, आधा दर्जन घायल

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**बबराला।** बस की साइड लगने से टेम्पो पलट गया। जिसमें चालक सहित 6 लोग घायल हो गये। मेरठ बदायूं मार्ग पर गांव सैंजना मुस्लिम पर बस की साइड लगने से टेंपो पलट गया। जिसमें चालक सहित बैठे 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लाया गया। जहां चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए तीन लोगों को रेफर कर दिया। मधु पुत्री योगेंद्र कुमार निवासी मोहल्ला जुलेहपुरा, महेंद्र पुत्र धनीराम निवासी जगन्नाथपुर, ओमपाल पुत्र रोशन सिंह निवासी कुहेरा, रामकली पत्नी चंद्रपाल निवासी जुलेहपुरा इरशाद पुत्र सांवलन अली निवासी हीरापुर थाना गुन्नौर की टीकम पुत्र दयाराम निवासी बहीपुर थाना धनारी बैठकर बबराला से जुनावई जा रहे थे तभी पीछे से रोडवेज बस आ रही थी। पीछे से साइड लगने से टैम्पो पलट गया। मौके पर पहुंची गुन्नौर पुलिस ने घायलों को देखा। तीन घायलों को हायर सेंटर रैफर कर दिया।

# उद्योग व व्यापार बंधुओं की बैठक में सुनी समस्याएं

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** उद्योग बंधु एवं व्यापार व व्यापार बंधुओं की बैठक में एमएसएमई के अंतर्गत लक्ष्य के सापेक्ष मिले आवेदनों पर जिलाधिकारी ने आवश्यक कार्रवाई करने की निर्देश दिए। कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में हिंदुस्तान मिंट जल भराव की समस्या के की जानकारी देने पर जिलाधिकारी ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पीएम विश्वकर्मा योजना को लेकर निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार किया जाए। डीएम ने जिला अग्रणीय प्रबंधक केनरा बैंक को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के लोन स्वीकृत किए गए हैं उनका यथाशीघ्र वितरण किया जाए। साथ ही उद्योग विभाग एवं जिला अग्रणीय प्रबंधक को जो आवेदन अभी तक बैंकों के द्वारा स्वीकृत नहीं किए गए हैं या कोई कार्रवाई नहीं की गई है उसको गहनता से देखें और उन आवेदनों को छाटें किस बैंक का है संबंधित बैंक प्रबंधक को बुलाया जाए।

# भीम आर्मी जिला उपाध्यक्ष पर मुकदमे से उबले कार्यकर्ता सीओ से मिले

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन के कार्यकर्ताओं की एक यूनिट ने सहायक पुलिस अधीक्षक/पुलिस उपाधीक्षक से मिलकर भीम आर्मी के जिला उपाध्यक्ष के खिलाफ बिना जांच पड़ताल के रिपोर्ट दर्ज करने पर रोष जताया। क्षेत्राधिकारी ने जांच कराकर कार्रवाई का आशवासन दिया।

सोमवार को भीम आर्मी एकता मिशन के कार्यकर्ता जिला संयोजक राजीव कुमार के नेतृत्व में सहायक पुलिस अधीक्षक/पुलिस उपाधीक्षक आलोक कुमार से मिले। कार्यकर्ताओं ने 19 जुलाई को जिला उपाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह निवासी मुजफ्फरपुर के



खिलाफ बिना जॉच पड़ताल के थाना हयातनगर पुलिस बीडीओ पंवासा के हस्तक्षेप पर सरकारी काम में बाधा डालने का मुकदमा दर्ज करने पर रोष जताया। जबकि गजेंद्र सिंह द्वारा बताया गया कि रोजगार सेवक से किसी बात पूछने को उनके साथ रोजगार सेवक ने मारपीट की थी। इसके बाद वह प्रार्थना पत्र लेकर थाना हयातनगर पहुंचे थे। मगर थाना प्रभारी हयात नगर के द्वारा उनका प्रार्थना पत्र यह कहकर रख लिया गया कि एक लोक सेवक से किसी कार्य के बारे में पूछने पर उस पर कार्रवाई करवाने का आपके पास कोई अधिकार नहीं है। इस मामल जब भीम आर्मी जिला अध्यक्ष राजीव कुमार ने थाना हयातनगर प्रभारी से वार्ता की तो कहा कि आप इस मामले से दूर रहे और किसी तरह का कोई हस्तक्षेप न करने को कहा। क्षेत्राधिकारी से मिले कार्यकर्ताओं ने घटना की जुड़ी वीडियो को देखकर मामले की गंभीरता को देखते हुए निष्पक्ष जांच का आशवासन दिया। इस मौके एडवोकेट आदर्श कुमार, सरोज, एड चंदन सैनी,बॉबी गौतम, किशन कुमार, गोविंदा सागर, नन्हे कुमार, प्रेम पाल सिंह, अजय कुमार, राजकुमार, आसिफ आदि मौजूद रहे।

# 24 घंटे बाद भी नहीं हो सकी मृतक की शिनाख्त

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** धनारी थाना क्षेत्रांनर्तगत ग्राम रामनगर उर्फ कनुआ नगला के समीप रेलवे ट्रैक पर शुक्रवार शाम एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई थी। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पीएम को भेजा था,लेकिन 24 घंटे बीत जाने के बाद भी मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

शुक्रवार शाम लगभग 4 बजे बहजोई-बबराला रेलवे ट्रैक पर एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया था, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। पास ही खेतों पर काम कर रहे किसानों ने ट्रैक पर शव पड़ा देखा तो तुरंत पुलिस को

## शुक्रवार की सांय ट्रेन की चपेट में आकर हुई थी मौत

सूचना दी। सूचना मिलने पर धनारी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस द्वारा युवक की शिनाख्त के प्रयास किए गए, लेकिन खबर लिखे जाने तक कोई भी पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। हादसे में युवक की मौत को 24 घंटे बीत जाने के बाद भी जब शव की शिनाख्त नहीं हो सकी, तो उसे मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया गया है। फिलहाल पुलिस गांव और आसपास के क्षेत्रों में गुमशुदगी से संबंधित रिपोर्टों को खंगाल रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की परिस्थितियों पर स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी। स्थानीय लोगों में घटना को लेकर चर्चा का विषय बना हुआ है, जबकि पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# कांवड़ यात्रियों के ज़ख्मों पर चिकित्सकों की टीम ने लगाया मरहम

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** कांवड़ यात्रा में शामिल शिव भक्तों की सुरक्षा को जहां पुलिस ने इंतेजाम किए, वहीं नगर पालिका ने कैम्प मे ठहरने और आराम की व्यवस्था की। जबकि स्वास्थ्य विभाग ने नंगे पैर चलने वाले शिव भक्तों के छिले पांव और छालो के उपचार को चिकित्सकां की टीम लगाई। कावड़ यात्रा को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सम्भल की मोबाइल एम्बुलेंस हेल्थ टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर स्वास्थ्य सेवायें प्रदान की गयीं। डा. नीरज शर्मा ने बताया कि कावड़ यात्रा के दौरान भोलेनाथ के भक्ततों की सेवा एक अलग ही आत्म संतुष्टी प्रदान करती है। चिकित्सकां की टीम ने शिव भक्तों का उपचार उन्हे जरूरत के हिसाब से दवाईयां भी दी।

# सावन के दूसरे सोमवार पर पाताली शिव मंदिर पर भंडारा

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** भंडारे का हुआ आयोजन बबराला सावन के दूसरे सोमवार को पाताली शिव मँदिर पर भंडारे का आयोजन किया गया।जिसमें श्रृद्वालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

नगर गुन्नौर के पाताली शिव मन्दिर पर व्यवसायियों ने भंडारे का आयोजन कराया। जिसमे श्रृद्वालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।इस दौरान नरेशचंद्र, प्रशान्त वार्ष्णेय, संदीप, कुमोद कुमार, वीरेंद्र वार्ष्णेय, अंशुल कुमार आदि रहे।

# 10 अगस्त तक मिलेगा कार्ड धारकों को राशन

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत माह अगस्त 2025 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण कराये जाने को वितरण तिथि निर्धारित की गयी है। माह अगस्त 2025 के सापेक्ष उक्त निर्धारित वितरण तिथियों में अन्त्योदय कार्ड पर प्रति कार्ड 14 किग्रा गेहूँ एवं 21 किग्रा फोर्टिफाइड चावल (कुल) 35 किग्रा. खाद्यान्न तथा पात्र गृहस्थी कार्डो से सम्बद्व प्रत्येक राशन कार्डधारकों/लाभार्थियों को 02 किग्रा गेहूँ एवं 03 किग्रा. फोर्टिफाइड चावल कुल 05 किग्रा प्रति यूनिट खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण नियमानुसार कराया जा रहा है। खाद्यान्न के नि:शुल्क वितरण मे 'पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी।उक्त योजनान्तर्गत गेहूँ एवं चावल के वितरण की अन्तिम तिथि 10 अगस्त है।

# कासमपुर के पिंजरे में फंसे तेंदुए को ले गया वन विभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** कासमपुर के पास पिंजरे में फंसे तेंदुए को सुबह सवेरे ही बंन विभाग ले गया। बतादे की कासमपुर के पास नईम सैफी के निर्माणाधीन प्रतिष्ठान पर 3 दिन पहले एक तेंदुए को छत पर बैठे देखा गया था। सुबह इसकी सूचना वन विभाग को दी गई वन विभाग ने तेंदुआ पकड़ने के लिए वहां पिंजरा लगा दिया एक रात तो तेंदुआ पिंजरे में नहीं आ पाया लेकिन रविवार की रात को तेंदुआ पिंजरे में फंस गया।



तेंदुए के फंसने की सूचना मिलते ही सुबह को ही वन विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंच गई और तेंदुए को अपने साथ ले गई। तेंदुए के पकड़े जाने से लोगों ने राहत की सांस ली है। मगर पेली बिश्नोई गांव के पास लगाए गए पिंजरे में अभी तेंदुआ न फंसने से लोगों में दहशत बरकरार है। उन्होंने वन विभाग से तेंदुए के आतंक से निजाद दिलाए जाने की मांग उठाई है।

# जनता दरबार लगाकर सपा विधायक ने सुनी जन समस्याएं



**बिलारी।** नगर के डाक बंगला के निकट स्थित सपा कैंप कार्यालय एमआई हाउस पर सोमवार को सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने जनता दरबार लगाकर जन समस्याएं सुनी। इस दौरान मुख्य रूप से आपसी विवाद, राशन कार्ड, पेंशन, बिजली के बिल में सुधार, बिजली कटौती, मुरादाबाद आगरा नेशनल हाईवे पर दुर्घटना बाहुल्य स्थान चिन्हित कर स्पीड नियन्त्रण बोर्ड एवं गतिरोधक लगवाने, आदि लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण किया गया। इस दौरान विश्वजीत सिंह यादव, संजीव यादव, मुजीब अहमद, रविप्रकाश , रविन्द्र, नितिन, आफताब आदि मौजूद रहे।

# दो हिस्सों में बंटी मालगाड़ी रेलवे ने शुरू की जांच



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूढ़ापांडे।** मुरादाबाद से सीतापुर जा रही एक मालगाड़ी के डिब्बे दलपतपुर रेलवे स्टेशन से आगे चमरौआ रेलवे फाटक संख्या 410 के पास इंजन से अचानक अलग हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इंजन आगे निकल गया, जबकि डिब्बे ट्रैक पर खड़े रह गए। ट्रेन चालक सुनील कुमार ने बताया, मुझे अचानक पता चला कि डिब्बे पीछे छूट गए हैं। मैंने तुरंत कंट्रोल रूम को सूचित किया। रेलवे की तकनीकी टीम ने मौके पर पहुँचकर स्थिति को नियंत्रित किया। इस घटना के कारण मालगाड़ी कई घंटों तक रुकी रही, जिससे कई ट्रेनें 2-3 घंटे विलंबित हुईं। स्थानीय व्यक्ति अफसर अली ने कहा, यह बहुत खतरनाक स्थिति थी। गनीमत रही कि कोई दूसरी ट्रेन पास नहीं थी। रेलवे ने इस घटना की जांच के लिए एक समिति गठित की है, जो कपलिंग सिस्टम की तकनीकी खराबी या रखरखाव में चूक की जाँच करेगी। रेलवे अधिकारी ने कहा, हम इस मामले को गंभीरता से ले रहे हैं और जल्द ही जांच रिपोर्ट साझा की जाएगी।

# काउंसिल इंडिया सर्विसेज प्रा. लि. ने किया टिमिट के 14 विद्यार्थियों का इंटर्नशिप के लिए चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट में एमबीए, बीबीए व बी.कॉम के प्रीफाईनल ईयर के विद्यार्थियों के लिये देश की प्रतिष्ठित कम्पनी काउंसिल इंडिया सर्विसेज प्रा. लि. ने इंटर्नशिप के लिए रिक्रूटमेंट ड्राइव का आयोजन किया। कम्पनी की ओर से सीनियर ऐग्जीक्यूटिव-एच.आर. ने कम्पनी व जॉब के बारें में सम्पूर्ण जानकारी प्रेजेन्टेशन के माध्यम से दी और विद्यार्थियों की जॉब सम्बन्धित जिज्ञासाओं का समाधान दिया। सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों के सेल्स ऐप्टीट्यूड व पर्सनल इन्टरव्यू लिये गये। सभी कठिन चयन प्रक्रियाओं के बाद टिमिट के 14 विद्यार्थियों को अंतिम रूप से इंटर्नशिप के लिए ज्वाइनिंग प्रदान की गयी। सभी चयनित छात्रो को कंपनी ने अपने ऑफिस ज्वाइन करने हेतु आमंत्रित किया है। भाग्यशाली चयनित विद्यार्थी एमबीए की खुशी जैन, कुणाल, नेहा कुमारी बीबीए के अभिषेक कुमार, अदिति पाल, मनीष दिवाकर, सिद्धि जैन, तान्या भारद्वाज और बीकॉम के मनीष जैन, महक सहगल, रोशनी वर्मा, साधवी रहेजा, प्रज्ञान ओझा, स्वप्निल रस्तोगी ने इस उपलब्धि का श्रेय टिमिट के सर्वोत्तम स्लेबस, प्रैक्टिकल ज्ञानपरख शिक्षा व सर्वोत्तम फैकल्टिज के साथ उत्तम प्लेसमेंट सेल की क्रिया प्रणाली को प्रदान किया और कहा कि टिमिट से शिक्षा ग्रहण करने के साथ उनके सपनों की मजिल मिल गई हैइस अवसर पर टिमिट के प्रो. विपिन जैन डीन-फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड




मैनेजमेंट ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि टिमिट हमेशा इंडस्ट्रिज व कंपनियों की मांग के अनुसार बेहतरीन मैनेजमेंट प्रोफेशनल को तैयार करता आया है। हमने अपने मैनेजमेंट कोर्स में उद्योग-उन्मुख एकीकृत पाठ्यक्रम उन पेशेवरों द्वारा राय लेकर डिजाइन किए हैं जो उद्योग का हिस्सा हैं और जानते हैं कि छात्रों को क्या पढ़ाया जाना चाहिए। ये पाठ्यक्रम सुनिश्चित करते हैं कि छात्र पेशेवर दुनिया में छाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।टिमिट अपने विद्यार्थियों को रोजगार परक ज्ञान, सम्यक चरित्र व सम्यक दर्शन देने को कटिबद्ध है विद्यार्थियों को हर उपलब्ध अवसर का भरपूर लाभ उठाना चाहिये और उन्हे पूरी लगन व मेहनत से अपने सपनों को साकार करना चाहिये। इस अवसर पर टिमिट कार्पोरेट रिसोर्स सेन्टर के असि0 डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर और टीएमयू कार्पोरेट रिसोर्स सेन्टर के जॉइंट डायरेक्टर श्री सिद्धार्थ सिंह ने कम्पनी के अधिकारियों का धन्यवाद व्यक्त किया व चयनित विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक बधाई दी व कहा कि टिमिट पूरे मंडल में सर्वोत्तम है व हमारे छात्रों को वैश्विक महामारी में भी उत्तम प्लेसमेंट दिया जा रहा है।

## एक नजर

### 175 बाल वैज्ञानिकों की प्रतिभा का इंस्पायर अवार्ड में होगा प्रदर्शन

**कांठ।** इंस्पायर अवार्ड मानक योजना में जिलास्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में जनपद के 175 चयनित छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगे। इसके लिए शिक्षा विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। प्रतियोगिता का आयोजन 26 जुलाई को स्वरूपी देवी इंटर कॉलेज लाइनपार में किया जाएगा।इस प्रदर्शनी में वर्ष 2023-24 के चयनित 80 और वर्ष 2024-25 में चयनित 95 छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगे। प्रदर्शनी में जिले के चयनित बाल वैज्ञानिक अपने हुनर को दिखाते हुए नवाचारी विज्ञान मॉडल और प्रोजेक्ट प्रस्तुत करेंगे। प्रस्तुति के जरिए वैज्ञानिकों को विज्ञान, तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में प्रतिभा दिखाने का मंच मिलेगा।

जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि शासन के निर्देश पर प्रदर्शनी की तैयारी शुरू कर दी है। प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं को सरकार से प्रोत्साहन राशि दस हजार रुपये उनके खातों में भेजी जा चुकी है। इंस्पायर अवार्ड योजना की जनपदीय नोडल प्रभारी बबिता मेहरोत्रा ने बताया प्रदर्शनी को एनआईएफ अहमदाबाद से दो सदस्यीय टीम भी आ रही है।

### एस्ट्रोनॉमी और एआई लैब पीएम श्री विद्यालय में बनाने की तैयारी

**कांठ।** पीएमश्री विद्यालय में एस्ट्रोनॉमी व एआई लैब बनाया जाएगा। इसको लेकर राज्य परियोजना निदेशक के आदेश के बाद बीएसए ने भी आदेश जारी कर दिए हैं। जिले में संचालित आठ पीएमश्री विद्यालयों में से अभी किसी एक में एस्ट्रोनॉमी व एआई लैब की स्थापना की जाएगी। इसके लिए विद्यालय में कम से कम दो अतिरिक्त कक्ष होना चाहिए। इसको लेकर बीएसए विमलेश कुमार ने सभी खंड शिक्षाधिकारियों को पत्र लिखकर एक उत्कृष्ट पीएमश्री विद्यालय का चयन करने को कहा है, जिसमें सुविधाएं हों और वहां पर इस तरह के लैब का निर्माण हो सके। सरकार परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को शिक्षा की मूलधारा से जोड़ने के साथ ही उनमें अभी से वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है। लाखों रुपये की लागत से जिले के विद्यालय में इस तरह के लैब का निर्माण कराया जाएगा।

### चन्दौसी के आराध्य सिंह कलर्स के शिव-शक्ति सीरियल में आएंगे नजर

**चन्दौसी।** नगर के अनेक युवा विभिन्न क्षेत्रों में अपना बेहतर प्रदर्शन कर नगर का नाम रोशन कर रहे हैं। इसी तरह चन्दौसी के गणेश कॉलोनी निवासी आराध्य सिंह ने बचपन से ही मंचों पर अपनी प्रस्तुति से लोगों का मन मोहने वाले आराध्य ने आज मुंबई की मायानगरी में अपनी जगह बना ली है। वे जूनियर आर्टिस्ट के रूप में फिल्म व टेलीविजन जगत में कार्य कर रहे हैं और कथक नृत्य में भी निपुणता हासिल की है। आराध्य सिंह ने बताया कि शुरुआती समय संघर्षपूर्ण रहा। महानगर मुंबई जैसे प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में अपनी पहचान बनाना आसान नहीं था, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। मेहनत, लगन और धैर्य के बल पर धीरे-धीरे उन्होंने अपने अभिनय और नृत्य प्रतिभा से मंच और कैमरे दोनों के सामने स्थान बना लिया। आज वे कई टीवी सीरियल्स में अभिनय कर चुके हैं, और इस महीने वे विशेष रूप से कलर्स टीवी के लोकप्रिय शो 'शिव शक्ति' में 25 से 28 जुलाई तक नजर आएंगे।

# उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री पहुंचे श्री मेहंदीपुर धाम



**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री और नगर विधायक रितेश गुप्ता के मीडिया प्रभारी विपिन गुप्ता ने परिवार के साथ बाला जी धाम राजस्थान पहुचकर श्री बाला जी महाराज के दर्शन किए और पूज्य गुरुदेव श्री मोहनपुरी गोस्वामी जी का गुरु कृपा आश्रम पहुचकर आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरुदेव ने ज्ञान की प्राप्ति हेतु बाते बताते हुए कहा कि मनुष्य को सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए जिससे उसके जीवन में सुख और समृद्धि बनी रहे। इस मौके पर श्री मोहनपुरी गोस्वामी जी ने परिवार के सदस्यों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर विपिन गुप्ता के साथ उनकी पत्नी प्रीति गुप्ता,डॉक्टर आशीष गुप्ता ,नीतू गुप्ता ,आराध्या ,अरनब और अनुष्का रही।

# सावन के दूसरे सोमवार को भंडारे का आयोजन गुरु अरविंद ने वितरण कराया प्रसाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** सावन के दूसरे सोमवार को लाडला बाद मंदिर पर श्रद्धालुओं ने पूरे आस्था और विश्वास के साथ भगवान शिव का जिला अभिषेक किया और समाज एवं देश की खुशहाली के लिए ईश्वर से प्रार्थना की इस दौरान मंदिर प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया गया।

जिसमें पहुंचे श्री सिद्धबली गुरुजी सेवा संस्थान के संस्थापक गुरु अरविंद ने भक्तों को प्रसाद का वितरण कराया जला अभिषेक करने के लिए क्षेत्र से बड़ी संख्या में पहुंचे महिला पुरुष और बच्चों की मंदिर में भारी भीड़ इकट्ठा हो गई बच्चों ने



मंदिर के पास लगे मेले का भरपूर आनंद लिया पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था संभाली।

इस मौके पर सुभाष चंद्र शर्मा कांता प्रसाद बंटी शर्मा पवन शर्मा मनीष चंद्र अर्पित विपिन चौधरी राम रतन एवं मंदिर कमेटी के पदाधिकारी, सदस्य, महंत मौजूद रहे।

## सावन शिवरात्रि से पूर्व नगर में निकाली भव्य महाकाल शोभायात्रा

**चन्दौसी।** सावन का पावन महीना शिवभक्तों के लिए विशेष महत्व रखता है। इसी क्रम में सोमवार को नगर में भगवान शिव की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालु भक्तिभाव में सराबोर नजर आए। यह शोभायात्रा हर वर्ष सावन शिवरात्रि से पूर्व महाकाल के भक्तों द्वारा पारंपरिक रूप से निकाली जाती है। शोभायात्रा की शुरुआत हनुमान मंदिर से हुई, जहां महाकाल रथ पर भगवान महाकाल विराजमान थे। पूरे मार्ग में बम-बम भोले, हर हर महादेव के जयघोष गूंजते रहे और माहौल शिवमय हो गया। शोभायात्रा हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर गणेश मंदिर, मनिहार चौक, सुंदर मोहल्ला होते हुए बड़ा बाजार पहुंची। युवाओं ने भी उत्साह से भाग लिया। सुरक्षा की दृष्टि से स्थानीय पुलिस बल मौजूद रहा।

# जीरो प्वाइंट पर शिव भक्तों के लिए लगा स्वास्थ्य शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे स्थित जीरो प्वाइंट चौकी पर श्रावण मास में कांवर यात्रा में शामिल शिव भक्तों के मूंढापांडे सीएचसी केंद्र की तरफ से स्वास्थ्य के लिए शिविर लगाया गया है।

मूंढापांडे स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी अशरफ अली के तत्वावधान में विशेष नि:शुल्क प्राथमिक स्वास्थ्य शिविर की शुरुआत मूंढापांडे में की गई।डाक्टरों की टीम द्वारा 300 कांवरियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित की गयी। चिकित्सकों द्वारा कांवरियों के पैर मे पड़े छालों पर दवा लगाई गयी, इसके साथ ही यात्रा के दौरान उन्हें उचित खान पान की सलाह भी दी गई।

डाक्टरों ने बताया कि कांवरियों की सुविधा के लिए हर सम्भव प्रयास किए जा रहे हैं। मूंढापांडे थाना प्रभारी राजीव कुमार शर्मा कांवरियों की देखरेख में लगातार हाइवे पर तैनात हैं, कांवरियों की देख-रेख के लिए जीरो प्वाइंट से लेकर कोशी नदी तक शीशी टीवी कैमरे भी पुलिस प्रशासन की तरफ से लगाएं गए हैं।

# शिक्षक संघ ने भाजपा जिलाध्यक्ष को ज्ञापन देकर उठाई सावन माह में स्कूलों के अवकाश की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ मुरादाबाद के जिला अध्यक्ष रोहित कुमार मिश्रा के नेतृत्व में जिला प्रतिनिधि मंडल एवं समस्त ब्लॉक इकाइयों के अध्यक्ष एवं मंत्रियों ने सावन माह में कावड़ यात्रा के कारण समस्त परिषदीय विद्यालयों में अवकाश हेतु बीजेपी के जिलाध्यक्ष आकाश पाल को ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों की समस्या से अवगत कराया। कहा कि कांवड़ यात्रा के कारण यातायात बाधित होने से उन्हें दूर ग्रामीण परिवेश में जाने में घोर कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है ।जिला अधिकारी के आदेश के अनुसार केवल महानगर और महानगर क्षेत्र की 5 किलोमीटर की परिधि के विद्यालयों का अवकाश घोषित किया है ।अध्यापकों को कांवड़ यात्रा में स्कूल आने में काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। अध्यक्ष आकाशपाल द्वारा



जिलाधिकारी को फोन पर संपर्क कर समस्या से अवगत कराया और अवकाश घोषित करने को कहा। उन्होंने एक पत्र भी जिला अधिकारी मुरादाबाद को जारी कर जनपद के समस्त विद्यालयों में अवकाश घोषित कराने का अनुरोध किया।संगठन ने जिला अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सम्बद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ मुरादाबाद के जिलाध्यक्ष रोहित मिश्रा जिला मंत्री रविकांत गहलोत वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी कोषाध्यक्ष पंकज दिवाकर संयुक्त मंत्री संदीप जट्टराना ब्लॉक मंत्री बिलारी चरित्र कुमार ब्लॉक अध्यक्ष भगतपुर टांडा टीकाराम ब्लॉक अध्यक्ष बिलारी सतपाल, आदेश आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सूचना

सैयद काजिम रजा पुत्र स्वर्गीय श्री काजिम हसनैन निवासी मकान नंबर 98 एफ/12 मुगलपुरा प्रथम निकट शिया मस्जिद जिला मुरादाबाद उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हू, मेरे नाबालिग पुत्र का सही नाम सय्यद मुस्तफा रजा है जिसकी उर्फियत आबिद रजा है, मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र कक्षा-8 तक की स्कूल की अंकन तालिका में उसका नाम सय्यद मुस्तफा रजा अंकित चला आता है जो की सही नाम है त्रुटिवश मेरे पुत्र के सही नाम सय्यद मुस्तफा रजा के स्थान पर आधार कार्ड पर आबिद रजा अंकित हो गया है, जो कि गलत है मैं अपने पुत्र का नाम आबिद रजा के स्थान पर सही नाम सय्यद मुस्तफा रजा अंकित कराना चाहता हूं जो कि मेरे पुत्र के भविष्य के लिए अति आवश्यक है।

गवाह नम्बर-1 ऐजाज़ हैदर
गवाह नम्बर-2 नसीम हैदर

## सार्वजनिक सूचना

मेरे पक्षकार श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड मुरादाबाद द्वारा मोहम्मद अकरम पुत्र मोहम्मद शौकत निबासी रहमत नगर गली नंबर 1 नियर मुस्लिम डिग्री कॉलेज मुरादाबाद को एक ऋृण संपत्ति पर दिया जा रहा है। संपत्ति स्थित गाटा न० 469 वाके ग्राम भदौरा परगना व जिला मुरादाबाद मोहम्मद यासीन पुत्र श्री अच्छन निवासी मो० किसरोल निकट रहीमुल्ला वाली मस्जिद मुरादाबाद जिसकी रजिस्ट्री नंबर 11036 दिनाक 30/08/2007 बही नं. 1 जिल्द नंबर 5866 पेज नंबर 329 से 352 है। हदुदअरबा पूर्व - प्लाट लाइक पश्चिम - आरजी आरिफ, उत्तर-आरजी हाजी मुमताज , दक्षिण- रास्ता 8 फिट चौड़ा मुशका विक्रेय पत्र 17.07.2025 में कहीं खो गया है जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट 21.07.2025 को ऑनलाइन माध्यम से थाना कटघर मुरादाबाद में करा दी गई है अगर किसी को ये विक्रय पत्र मिले या किसी बैंक में ये विक्रय पत्र रखे हो तो निम्नलिखित पते पर 7 दिन के भीतर सूचित करे या आपत्ति दर्ज करें।

**राजीव चौधरी एड. पता-चेम्बर नंबर सी 17 अधिवक्ता भवन के पीछे कचरी परिसर, मुरादाबाद।**

## हरियाली तीज महोत्सव में उमड़ा महिलाओं का उल्लास

**चन्दौसी।** लायंस क्लब चंदौसी विशाल हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन एक रेस्टोरेंट में किया गया जिसमें शहर की अनेक लायनेड्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम संयोजिका लायनेड मंजू गुप्ता और सह संयोजिका लायनेड गीता वार्ष्णेय के मार्गदर्शन में तीज के पारंपरिक लोकगीत, नृत्य, श्रृंगार प्रतियोगिताएं व हास्य-व्यंग्य कार्यक्रमों ने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण रही। गीता अग्रवाल को तीज क्वीन का ताज पहनाया गया।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( सी0 डि0 ) महोदय, मुरादाबाद।**

उत्तराधिकार वाद सं.-178/2025

**तारीख पेशी:** 04.08.2025

अनिल कुमार तोमर उम्र 70 वर्ष पुत्र ओम प्रकाश तोमर निवासी मकान नं० एम आई जी निकट गुप्ता नर्सिंग होम रामगंगा विहार द्वितीय तहसील व जिला मुरादाबाद। **-प्रार्थी/वादी**

**बनाम**

1. अजय कुमार तोमर पुत्र ओम प्रकाश तोमर निवासी मकान नं0 जी 526 डी डी पी एस गोविन्दपुरम गाजियाबाद उ० प्र०।
2. **जनता आम- विपक्षीगण**

यह कि वादी/प्रार्थी अनिल कुमार तोमर ने अपने स्व0 अविवाहित भाई मनोज कुमार तोमर की चल सम्पत्ति (खाता सं0 1016051505 जो कि मूख्य डाकघर गाजियाबाद में जमा धनराशि 6,83,448/-रुपये) की बाबत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र लेने हेतु इस न्यायालय में आवेदन किया है। इस केस में दिनांक 04.08.2025 सुनवायी हेतु लगी है। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो नियत तिथि पर दाखिल करे। आज यह कोर्ट की मुद्रा/ जारी किया गया।

**वाद लिपिक**
**न्यायालय सिविल जज ( सी० डि० ), मुरादाबाद।**

# मैक्स हॉस्पिटल वैशाली ने शुरू की लिवर ट्रांसप्लांट और बिलियरी साइंसेज ओपीडी सेवाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल वैशाली ने आज मुरादाबाद स्थित मैक्स मेडसेंटर में लिवर ट्रांसप्लांट और बिलियरी साइंसेज की विशेष ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की।इस ओपीडी सेवा की शुरुआत मैक्स हॉस्पिटल वैशाली के लिवर ट्रांसप्लांट और बिलियरी साइंसेज,रोबोटिक सर्जरी व पीडियाट्रिक लिवर ट्रांसप्लांट के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. राजेश डे और कंसल्टेंट डॉ. तेजल भोई की उपस्थिति में की गई। ये दोनों विशेषज्ञ हर माह के तीसरे सोमवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक मरीजों को परामर्श देंगे।ओपीडी के उद्घाटन के अवसर पर मैक्स हॉस्पिटल वैशाली के लिवर ट्रांसप्लांट और बिलियरी साइंसेज, रोबोटिक सर्जरी व पीडियाट्रिक लिवर ट्रांसप्लांट के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. राजेश डे ने कहा, "हम मुरादाबाद में अपनी विशेष लिवर और बिलियरी देखभाल सेवाएं शुरू कर बेहद उत्साहित हैं। यह नई ओपीडी इस क्षेत्र के मरीजों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता



का प्रमाण है। हमारा उद्देश्य है कि हम विशेषज्ञ देखभाल और एडवांस इलाज की सुविधाएं नजदीक ही उपलब्ध कराएं। इस ओपीडी में अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक टूल्स और इलाज की सुविधा मौजूद रहेगी ताकि मरीजों को उच्चतम गुणवत्ता की देखभाल मिल सके।"मैक्स हॉस्पिटल वैशाली के लिवर ट्रांसप्लांट और बिलियरी साइंसेज, रोबोटिक सर्जरी व पीडियाट्रिक लिवर ट्रांसप्लांट के कंसल्टेंट डॉ. तेजल भोई ने कहा, "यह ओपीडी लिवर, पैंक्रियास, गॉलब्लैडर और बिलियरी से जुड़ी बीमारियों के मरीजों को संपूर्ण डायग्नोस्टिक, थेरैप्यूटिक और कंसल्टेशन सेवाएं प्रदान करेगी। इनमें सभी प्रकार के लिवर ट्रांसप्लांट, हेपेटाइटिस, सिरोसिस, लिवर कैंसर और एक्यूट लिवर फेल्योर जैसी स्थितियों का इलाज शामिल है। हमारा लक्ष्य है कि हम समुदाय के स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार लाएं और यह ओपीडी उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।"उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, वैशाली का फोकस मरीजों को लिवर स्वास्थ्य, लिवर रोगों की समय रहते पहचान और समय पर इलाज के महत्व के बारे में जागरूक करने पर भी है।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, दो माह पूर्व ही हुई थी शादी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर में घरेलू विवाद के बाद एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने उसके पति पर गला घोंटकर हत्या करने का आरोप हुए हंगामा किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जबकि आरोपी पति फरार है। बताया जा रहा है कि मृतका की शादी महज दो माह पूर्व ही हुई थी। नई बस्ती निवासी उमर फारुख पुत्र रईस का सोमवार दोपहर अपनी पत्नी मन्तशा से किसी घरेलू बात को लेकर विवाद हो गया। मामूली कहा. सुनी ने देखते ही देखते उग्र रूप ले लिया और आरोप है कि उमर फारुख ने मन्तशा का गला घोंट दिया। जिसमे वह मौके पर ही बेसुध होकर गिर पड़ी। आरोपी पति घटना के तुरंत बाद घर से फरार हो गया। मौके पर पहुचे मृतका के परिजनों की चीख-पुकार



सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और मृतका को आनन-फानन में नगर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन उसे बेहतर इलाज की उम्मीद में काशीपुर के एक अन्य निजी अस्पताल भी ले गए, लेकिन वहां भी चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जिसमें मृतका के परिजनों ने पति उमर फारुख पर हत्या का आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की। परिजनों का कहना है कि शादी को अभी दो महीने ही हुए थे और आए दिन घरेलू विवाद होता रहता था। मृतका के पिता इरशाद ने बताया कि काफी बार समझने के बावजूद भी उमर फारूक विवाहिता का करता था। उत्पीड़ित सूचना पाकर मौके पर पहुँचे डिप्टी एसपी रुद्र कुमार सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। और उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। वही घटना के बाद मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया तो उधर मोहल्ले में भी शोक और आक्रोश का माहौल है।

## उमर फारूख की थी यह दूसरी शादी

**ठाकुरद्वारा।** जानकारी के अनुसार, उमर फारुख की यह दूसरी शादी थी। इससे पहले उसकी शादी थाना डिलारी क्षेत्र की एक युवती के साथ हुई थी, जिसके साथ वह अक्सर मारपीट करता था। कुछ समय बाद उसने अपनी पहली पत्नी को तलाक दे दिया। लगभग दो माह पहले ही उमर फारुख की शादी मन्तशा, पुत्री इरशाद, के साथ हुई थी, जो उसके पड़ोस में रहती थी। मन्तशा के परिवार का आरोप है कि शादी के बाद से ही उमर फारुख उनकी बेटी के साथ आए दिन मारपीट करता था। परिवार का कहना है कि उमर का व्यवहार शुरू से ही हिंसक रहा है।

# जटपुरा में निकाली श्रावण माह के दूसरे सोमवार को कलश यात्रा, जगह-जगह पुष्प वर्षा कर हुआ स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ होने से पूर्व भव्य कलश यात्रा हर्षोल्लास व ढोल-नगाड़ों के साथ निकाली गई। यात्रा के मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। धार्मिक उद्घोष से क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया। सोमवार को जटपुरा स्थित धर्मशाला में पंडित प्रदीप शर्मा व कथा वाचक उमेश कुमार शास्त्री द्वारा विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर नंगे पांव सिर पर जल भरे कलश के साथ माता भगवती का गुणगान करते हुए यात्रा में सहभागिता की। अन्य श्रद्धालु डीजे की धार्मिक धुनों पर भक्ति रस में झूमते चल रहे थे। यात्रा के विभिन्न मोहल्लों में पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने मकानों की छतों से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। सुरक्षा की दृष्टि से भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। यात्रा जटपुरा स्थित शिव मंदिर, दुर्गा देवी मंदिर, चौराहे वाली माता मंदिर सहित विभिन्न स्थानों से होते हुए गुजरी। चौराहे वाली माता मंदिर पर विधि-विधान के साथ कलश स्थापना की गई। इस अवसर पर प्रधान खूब सिंह चौहान, भाजपा किसान मोर्चा



मंडल अध्यक्ष राम सिंह चौहान, कमेटी अध्यक्ष रामवीर सिंह, खिलेंदर सिंह, राजपाल सिंह प्रजा. पति, अरविंद चौहान (राशन डीलर), दानवीर सिंह, धीरज प्रजापति, नीरज प्रजापति, अभिषेक, नन्हे लक्कड़, अमन कुमार, लल्लू सिंह, सोनू सिंह, ग्रंथ चौहान, रंजीत कुमार, राहुल कुमार, रितिक कुमार, डॉक्टर विपिन चौहान, जटपुरा सेक्टर संयोजक गिरवर सिंह, मोहन सिंह प्रजा. पति, अशोक प्रजापति, सुधीर कुमार एडवोकेट, महेश प्रजापति, राजेन्द्र सिंह, मुनेश कुमार, अरविंद कुमार उर्फ संजय, संजीव कुमार, कुंव. रपाल सिंह एडवोकेट, दीपक चौहान, चंद्रपाल सिंह, नरोत्तम, मोनू पंडित, लोकेश शर्मा, भूमि चौहान, रश्मि, निशा, कामिनी देवी, संजना, रेखा देवी, नीतू, शिवानी, विनीता, पलक, नेहा, दीप्ति आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# मुस्लिम युवकों ने कांवड़ यात्रियों पर बरसाए फूल

### बांटी कोल्ड्रिंग और ठंडा पानी, जोरदार स्वागत से दिखा हिन्दू-मुस्लिम सौहार्द



**कुन्दरकी।** मुरादाबाद जनपद के कुन्दरकी नगर के गुड़हल तिराहे पर मुस्लिम नोजवानों ने कावड़ यात्रियों पर फूल बरसाकर उनका स्वागत किया। साथ ही कोल्ड ड्रिंक और ठंडे पानी का बितरण किया। कावड़ यात्रियों के जोरदार स्वागत से हिन्दू मुस्लिम सौहार्द की झलक देखने को मिली। कावड़ यात्रियों ने भी मुस्लिम युवकों के हाथ से जल ग्रहण किया। युवकों ने कहा हमारा देश गंगा जमुनी तहजीब का गहवारा है। हमें इस देश की एकता अखंडता और संस्कृति को बनाए रखना है। हाजी असहाद सुहैल अंसारी ने कहा हम सब एक हैं।

# श्रावण माह के दूसरे सोमवार को शिव भक्तों ने भगवान शिव का किया जलाभिषेक

**ठाकुरद्वारा।** शिव भक्तों ने डाक कांवड़ में गंगा जलकर शिव मंदिर पर श्रावण माह के दूसरे सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक कर मंदिर पर कलश स्थापित किए। इस दौरान शिव के जयकारों से क्षेत्र का माहौल शिवमय हो गया। बीते रविवार को ब्लाक क्षेत्र के गांव मानावाला में शिव महंत अनिल प्रजापति के नेतृत्व में भारी संख्या में शिव भक्त सावन माह के दूसरे सोमवार को भगवान शिव का गंगा जल से जलाभिषेक करने के लिए अपने निजी वाहनों से हरिद्वार के लिए गंगाजल लेने के लिए रवाना हुए थे। सोमवार को शिव भक्त डाक कांवड में हरिद्वार से गंगा जल लेकर अपने गांव पहुंचे। जहां पर शिव भक्तों ने विधि विधान से भगवान शिव की आराधना कर गंगा जल से



भगवान शिव का जलाभिषेक किया और इसके बाद मंदिर पर गंगा जल से भरकर कलश स्थापित किए। कांवड़ लाने में शिव भक्त मोनू प्रजापति, विकाश प्रजापति,अंकित, महेश, अंकुर, नरेश, विनीत , राजन, सागर, सतीश, रितेश प्रजा. पति, दीपू, प्रजापति ,हिमांशु, राजीव प्रजापति, पिन्टू, नितिन प्रजा. पति, राजाराम सिंह प्रजापति, मुकेश प्रजापति , राजेश प्रजापति आदि ने शामिल रहे। इसके बाद मंदिर पर प्रसाद में हलावे का प्रसाद वितरण किया गया।

## एक नजर

### सावन के दूसरे सोमवार पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**ठाकुरद्वारा।** सावन मास के दूसरे सोमवार को शिवभक्तों की भारी भीड़ स्थानीय व ग्रामीण शिवालयों में उमड़ पड़ी। सुबह से ही भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें मंदिरों में देखी गईं। हर-हर बम-बम के जयघोषों से क्षेत्र का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर शिवलिंग पर जल, बेलपत्र, पुष्प आदि अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की।

नगर के मुरादाबाद रोड स्थित प्राचीन शिवमणि मंदिर, फैजुल्लागंज स्थित खोखरा ताल शिव मंदिर, रतुपुरा, शिव नगर, गोपी वाला, निर्मलपुर, मानपुर दतराम, तिलकपुर, लौगी कला, फसियापुर, पदार्थ, सुल्तानपुर दोस्त, असलेमपुर, शरीफनगर, भायपुर, राघूवाला व सन्यासी वाला समेत कई ग्रामीण शिवालयों में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। नगर के खाकेश्वर मंदिर, हरिहर मंदिर, पिपल टोला के पंचशील मंदिर और चित्रगुप्त मंदिर में भी सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। वहीं दोपहर बाद महिलाओं ने विभिन्न मंदिरों में भजन-कीर्तन कर शिवभक्ति का रंग और गाढ़ा कर दिया।

### भारत विकास परिषद का तीज उत्सव 23 को

**कांठ।** भारत विकास परिषद की स्थानीय शाखा के तत्वाधान तीज उत्सव 23 जुलाई को नगर में मुख्य बाजार स्थित वैश्य धर्मशाला में आयोजित करने का निर्णय किया गया है स यह जानकारी सोमवार की देर शाम शाखा की महिला सहभागिता मनीष माहेश्वरी ने देते हुए बताया कि तीज उत्सव में विभिन्न कार्यक्रम महिलाओं के लिए रखे गए हैं विजेता महिलाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगास तीज उत्सव में हाउजी गेम, तीज क्वीन का भी चयन किया जाएगा स उन्होंने महिलाओं से इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया है।

### एसडीएच इंटर कॉलेज के पूर्व शिक्षक कामरेड रामपाल सिंह का निधन

**ठाकुरद्वारा।** नगर के सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज के पूर्व शिक्षक कामरेड रामपाल सिंह का सोमवार को निधन हो गया।

निधन की सूचना पर क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई । सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज के शिक्षकों के साथ-साथ पूर्व विधायक डॉ मोहम्मद उल्ला चौधरी , कामरेड करन सिंह, अखिल भारतीय मजदूर सभा के कामरेड धर्मपाल सिंह , प्रीतम सिंह , सादिक सिद्दीकी, याकूब कुरैशी, डॉ मोहम्मद हनीफ, संयुक्त भारी जनसंख्या में लोग उनके पैतृक आवास काला झंडा गांव में पहुंचे । वहां पर शोक संवेदनाएं व्यक्ति की । कामरेड धर्मपाल सिंह ने कहा कि उन्होंने अपने जीवन काल में शिक्षक का पूर्ण दायित्व निभाने के बाद वह राजनीति से जुड़े रहे । निस्वार्थ लोगों की सेवा की।

### वीरेंद्र सिंह यादव बने अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा उप्र के मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष

**ठाकुरद्वारा।** अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा उत्तर प्रदेश का नगर निवासी पूर्व सपा विधान सभा अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह यादव को प्रदेश अध्यक्ष कप्तान सिंह यादव की संस्तुति पर मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष यादव महासभा का बनाया गया है। वीरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि वह समाजहित में काम करके समाज को एकत्र करने का काम करेगें।

# रंजिशन युवक पर किया जानलेवा हमला, केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** पुरानी रंजिश को लेकर बाइक सवार युवकों ने युवक का पीछा कर लोहे की राडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।घ्पुलिस ने पीड़ीत की तहरीर पर तीन नामजद व चार पांच अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमला करने के आरोप में केस दर्ज किया है।

प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में थाना सिविल लाइन के मौरा की मिलक निवासी कपिल पुत्र अनार सिंह ने कहा है कि कुछ दिनों पहले पैतृक गांव चिंता वाली मड़ैय्या में खेतों की देखभाल करने आया था। खेत पर गांव गौहरपुर सुल्तानपुर निवासी नितेश उर्फ छोटू से मौखिक कहासुनी हो गई थी। 16जुलाई को खेतों की देखभाल करने के बाद रात को गांव से बाइक से मौरा की मिलक स्थित घर को लौट रहा था। रात को करीब सवा नौ बजे गांव से तीन बाइकों पर सवार सात आठ युवकों ने पीछा शुरू कर दिया।घ शक होने पर बाइक की गति तेज कर इस्लामनगर चौराहे पर स्थित सैनी मेडिकल स्टोर पर जाकर रूक गया। तभी आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से लोहे की राडों से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। दुकानदार एवं ग्रामीणों के बीच-बचाव करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पीड़ित ने तीन हमलावरों की पहचान गांव गौहरपुर सुल्तानपुर निवासी नितेश उर्फ छोटू अंशुल उर्फ गोलू व किशनलाल पाल उर्फ भूरा के रूप में की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन नामजद एवं चार पांच अज्ञात युवकों के खिलाफ जान लेवा हमला करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कब्रिस्तान की भूमि पर तीनों भाइयों ने किया अवैध कब्जा: बसपा

**ठाकुरद्वारा/मुरादाबाद।** बसपा के प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी अनुज कुमार सिंह से मुलाकात कर अवगत कराया कि ग्राम गझेड़ा आलम मौजा घोंटो की मढैया तहसील ठाकुरद्वारा की गाटा संख्या-231 जो एक मात्र कब्रिस्तान है। गांव के ही व्यक्ति ओमप्रकाश, महेंद्र, मुरारी पुत्रगण रामस्वरूप ने कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया है। तीनों भाई दबंग किस्म के लोग हैं और अवैध कब्जा कर कब्रिस्तान की भूमि पर अपने कृषि यंत्र खड़े कर रखे हैं और अपने मकान की पिछली दीवार काट कर कब्रिस्तान की भूमि में आम रास्ता बना लिया है। शिकायत पूर्व में उप जिलाधिकारी से भी की गई थी तब हल्का लेखपाल के द्वारा मौके पर पैमाइश कर गेट को हटवा दिया गया था और दीवार को बंद कर दिया था लेकिन उपजिलाधिकारी का तबादला होने के बाद दोबारा से तीनों भाइयों ने कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया। जिलाधिकारी अनुज कुमार सिंह ने आश्वासन दिया है कि पूरे मामले की जांच कर उक्त व्यक्ति के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी और भूमि को कब्जा मुक्त कराया जाएगा। इस अवसर पर निर्मल सिंह सागर एडवोकेट जिलाध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी मुरादाबाद, शिवशंकर सागर एडवोकेट जिला प्रभारी मुरादाबाद, अमर सिंह पूर्व जिला प्रभारी मुरादाबाद, सतपाल कश्यप जिला संयोजक भाईचारा,




ऋषिपाल प्रधान एडवोकेट जिला संयोजक भाईचारा, विक्रम सिंह पूर्व मण्डल कोर्डिनेटर, ऋषिपाल सिंह पूर्व पार्षद चंद्रपाल सैनी जिला महासचिव, अरुण कुमार रिंटू अध्यक्ष नगर विधानसभा,राजेश सागर सदस्य जिला कार्यकारिणी,खुर्शीद मलिक, अमीर बक्से पुत्र फकीरा,इरफान पुत्र मोहम्मद उमर,कल्लू बख्श पुत्र शब्बीर, लियाकत पुत्र सुबराती, इस्माइल पुत्र अमीरबक्स आदि ग्राम गझेड़ा आलम मौजा घोंटो की मड़ैया तहसील ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद के लोग मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने केक काटकर मनाया राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे का जन्मदिन

**ठाकुरद्वारा।** नगर में रविवार को यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का जन्मदिन केक काटकर मनाया और उनकी लंबी आयु की कामना की।

नगर में कांग्रेसियों ने सोमवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का जन्मदिन मनाया .नगर के यूथ कांग्रेस कार्यालय व पूर्व नगर कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित समारोह में कार्यकर्ताओं ने केक काटकर खुशियां मनाई और राष्ट्रीय अध्यक्ष के दीर्घायु की कामना की. इस दौरान जिला उपाध्यक्ष वसीम अहमद ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में लोकसभा व उपचुनाव में पार्टी व इंडिया गठबंधन का बेहतर प्रदर्शन रहा हैं। और खड़गे जी कई दशकों से राजनीति में सक्रिय हैं। जिनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिल रही हैं। पूर्व नगर अध्यक्ष शमीम चौधरी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की लंबी आयु व हमेशा स्वस्थ होने की कामना की। उनके लंबे जीवन के बारे में बताते हुए कहा कि उनका जन्म 21 जुलाई 1942 में हुआ था। खड़गे जी कई दशकों से राजनीति में सक्रिय हैं और पार्टी में तथा अपने गृह राज्य और केंद्र की सरकारों में कई अहम पदों पर रह चुके हैं। यहीं नहीं, दो दशक बाद भी वे पहले ऐसे कांग्रेस अध्यक्ष बने, जो गांधी परिवार से नहीं हैं। उन्होंने कहा कि खरगे 2021 से राज्यसभा में विपक्ष के नेता हैं। इसके अलावा 2020 से कर्नाटक से राज्यसभा सांसद भी हैं। उनका जन्म वरावट्टी, भालकी तालुक, बीदर जिला कर्नाटक में एक दलित जाति परिवार में हुआ था वही यूथ कांग्रेस अध्यक्ष लारिव मंसूरी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के जन्मदिन पर लंबी आयु की कामना की। उन्होंने कहा हैं कि मल्लिकार्जुन खड़गे काफी लंबे अरसे से कांग्रेस से जुड़े हैं। उनके नेतृत्व में पार्टी दिन प्रतिदिन प्रगति कर रही है। ये हर कांग्रेस जन के लिए सौभाग्य का पल हैं। इस दौरान हाजी मुस्तकीम, मोहम्मददीन सिद्दीकी, इंतजार कुरैशी, मोइन कुरैशी, मोहम्मद, आरिफ ,शरीफ आजाद, सलमा आगा, रईस खा, राजकुमार पंडा, एडवोकेट मोशिन अख्तर, जाखिर अंसारी,विधानसभा अध्यक्ष नोशाद अंसारी,आरिफ वसीम सैफी विधानसभा उपाध्यक्ष जुबेर आलम जिला महासचिव अब्दुल्लाह अंसारी सोहेल अंसारी सेवा दल ब्लॉग अध्यक्ष अनुज वाल्मीकि सुधीर अग्रवाल नाजिम गाँधी मास्टर रईस नईम मंसूरी दबीर अंसारी, बाजिद अंसारी इमरान, अनवर हुसैन शमशाद हुसैन हाजी भूरा, आदि मौजूद रहे।

**तारीख पेशी:** 31.07.2025 W.S.Issues
**वाद के निपटारे के लिए सम्मन**
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
**न्यायालय M.A.C.T.( जनपद न्यायाधीश )** महादेय, मुरादाबाद।
**M.A.C.P. No.:** 137 सन् 2022
**श्रीमती बवीता आदि बनाम गोकुल सिंह आदि।**
1. गोकुल सिंह पुत्र चेतराम निवासी हिमगिरी कालोनी कांठ रोड सोनकपुर थाना सिविल लाइंस, मुरादाबाद, 2. विनोद कुमार पुत्र लक्ष्मन निवासी मौहल्ला लालबाग रामगंगा कालोनी थाना मुगलपुरा, जिला मुरादाबाद।
**श्रीमती बवीता** ने आपको विरूद्व मुआवजा के लिए बाद संस्थित किया है। जो आपको इस न्यायालय में तारीख 31.07.2025 **W.S.Issues** को दिन में 10.30 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए सम्मन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हों और जो इस बात से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सके जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। न्यायालय में आपकों उपसजाति के लिए जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिए नियत दिन के इसलिए आपको उस दिन अपने उन सब साथियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गयी तारीख को इस न्यायालय में उपसजात नहीं जो बाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपको अनुपस्थित में किया जाएगा। यह आज तारीख 21 जुलाई 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय को मुद्रा लगाकर दिया गया।
**READER**
**M.A.C.T.**
**MORADABAD.**

# शिव भक्तों ने कोतवाली पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** सावन माह के दूसरे सोमवार को शिव भक्त नगर से भारी संख्या में गुजर अपने गतव्य स्थानों पर पहुंचे। शिव भक्तों ने ठाकुरद्वारा कोतवाली पुलिस पर अपनी डयूटी के प्रति लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया और उच्चाधिकारियों से लापरवाह पुलिस कर्मियो के खिलाफ जांच कराकर कार्रवाई की मांग की। सावन माह में शिव भक्तों की सुरक्षा के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री से पुलिस के आला अधिकारियों को शिव भक्तों की सुरक्षा के लिए सख्त निर्देश दे रखे है। इसके बाद ठाकुरद्वारा कोतवाली पुलिस पर मुख्यमंत्री के आदेश का कोई असर नही दिखयी दिया। कोतवाली पुलिस की लाप. रवाही का नजारा जब सामने आया , जब कोतवाली क्षेत्र के गांव अस्लेमपुर के शिव भक्त हरिद्वार कांवड में गंगाजल लेकर ठाकुरद्वारा पहुंचे। जहां पर शिव भक्तों ने पुलिस ने अपनी सुरक्षा में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। शिव भक्तों का कहना है कि सावन माह के दूसरे सोमवार को क्षेत्र से भारी संख्या में शिव भक्त भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए गंगाजल लेकर आए है।

हरिद्वार से चलने के बाद जगह-जगह शिव भक्तों की सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात मिली, लेकिन ठाकुरद्वारा में जसपुर मोड़ से तिको. निया बस स्टैड तक एक भी पुलिस कर्मी शिव भक्तों की सुरक्षा के लिए डयूटी पर तैनात नही था। इससे साफ जाहिर है कि ठाकुरद्वारा कोतवाली पुलिस के सामने मुख्यमंत्री का आद. ेश कोई मायने नही रखता है।

जबकि पूरे दिन कोतवाली पुलिस कोतवाली में जोड़ तोड़ लगी नजर आती है। कोतवाली पुलिस सुरक्षा में जीरो और कमाई में हीरो, वाह रे कोतवाली पुलिस।

### टीला मोड़ से 10 दिन से लापता युवक का सुराग नहीं

**गाजियाबाद।** टीला मोड़ थाना क्षेत्र स्थित अली प्रेम गार्डन से 13 जुलाई को एक युवक 'छोटे' रहस्यमय तरीके से लापता हो गया। युवक तीन भाइयों में सबसे छोटा है और उसकी शादी की बातचीत चल रही थी।

**संबंध सूचना**

मेरा पुत्र दीपक अग्रवाल पिछले 6 वर्षों से लापता है। तथा उसका हमारे से कोई संबंध नहीं है। उसके इस आचरण के कारण मैंने तथा मेरे परिवार ने अपने समस्त सम्बंध विच्छेद कर उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके किसी लेनदेन की मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **प्रमोद कुमार पुत्र जय प्रकाश निवासी एसडीएम कोर्ट के पास, नहटौर तिराहा, धामपुर, जिला-बिजनौर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत फत्तेहपुर विश्नोई**
**विकास खण्ड-छजलैट ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक मीमो/मनरेगा/ग्रा.पं./निविदा/2025-26 दिनांक: 21.07.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत फत्तेहपुर विश्नोई विकास खण्ड छजलैट मुरादाबाद की ग्राम सभा की आयोजित बैठक में पारित कार्ययोजना के सापेक्ष मनरेगा योजनान्तर्गत निर्माण कार्य ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार सामाग्री आपूर्ति दिनांक 30.07.2025 को 2.00 बजे तक अपनी अपनी निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/ व्यापार कर विभाग में पंजीकरण की छायाप्रति सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ एफ०डी०आर० आदि संलग्न करते हुए अपनी अपनी निविदायें सामाग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदायें ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 30.07.2025 को अपराहन 3.30 बजे खोली जायेंगीं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | जमानत राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत फत्तेहपुर विश्नोई में सरकारी उचित दर की दुकान एवं जनसुविधा केन्द्र का निर्माण कार्य। | 9.25 | 2% | 500/- | 3 माह |

शर्ते-
1. आयकर, व्यापार कर नियमानुसार देय होगा। ठेकेदारों को आयकर एवं व्यापार कर एवं टिन नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देना होगा।
2. निविदा को निरस्त करने का पूरा अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।
3. कोई भी निविदा सशर्त स्वीकार नहीं की जायेगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत फत्तेहपुर विश्नोई**
**विकास खण्ड छजलैट, मुरादाबाद**

**कार्यालय ग्राम पंचायत दाढ़ी महमूदपुर**
**विकास खण्ड-छजलैट ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक मीमो/मनरेगा/ग्रा.पं./निविदा/2025-26 दिनांक: 21.07.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत दाढ़ी महमूदपुर विकास खण्ड छजलैट मुरादाबाद की ग्राम सभा की आयोजित बैठक में पारित कार्ययोजना के सापेक्ष मनरेगा योजनान्तर्गत निर्माण कार्य ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार सामाग्री आपूर्ति दिनांक 30.07.2025 को 2.00 बजे तक अपनी अपनी निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/ व्यापार कर विभाग में पंजीकरण की छायाप्रति सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ एफ०डी०आर० आदि संलग्न करते हुए अपनी अपनी निविदायें सामाग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदायें ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 30.07.2025 को अपराहन 3.30 बजे खोली जायेंगीं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | जमानत राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत दाढ़ी महमूदपुर में सरकारी उचित दर की दुकान एवं जनसुविधा केन्द्र का निर्माण कार्य। | 9.25 | 2% | 500/- | 3 माह |

शर्ते-
1. आयकर, व्यापार कर नियमानुसार देय होगा। ठेकेदारों को आयकर एवं व्यापार कर एवं टिन नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देना होगा।
2. निविदा को निरस्त करने का पूरा अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।
3. कोई भी निविदा सशर्त स्वीकार नहीं की जायेगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत दाढ़ी महमूदपुर**
**विकास खण्ड छजलैट, मुरादाबाद**

# फारुख-क्लाइव के नाम ओल्डट्रैफर्ड में स्टैंड होंगे



● **भारत-इंग्लैंड चौथे टेस्ट में सम्मान मिलेगा, लंकाशायर के लिए भारत के पूर्व विकेटकीपर 175 मैच खेले**

**मैनचेस्टर, वार्ता।** भारत के पूर्व विकेटकीपर फारुख इंजीनियर और वेस्टइंडीज के दिग्गज कप्तान क्लाइव लायड के नाम पर अब इंग्लैंड के ऐतिहासिक ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान में स्टैंड होंगे। यह सम्मान उन्हें उनकी पूर्व काउंटी टीम लंकाशायर द्वारा दिया जाएगा।

सूत्रों के मुताबिक, यह स्टैंड- नामकरण समारोह भारत और इंग्लैंड के बीच 23 जुलाई से शुरू हो रहे चौथे टेस्ट के पहले दिन आयोजित हो सकता है। इंग्लैंड पांच मैचों की सीरीज में फिलहाल 2-1 से आगे है। इंग्लैंड क्रिकेट के एक अधिकारी ने कहा, यह दोनों दिग्गजों के लिए एक उपयुक्त और सम्मानजनक पहल है। फारुख इंजीनियर ने 1968 से 1976 के बीच लंकाशायर के लिए 175 मैच खेले, जिसमें उन्होंने 5942 रन, 429 कैच और 35 स्टंपिंग कीं। उनके आने से पहले लंकाशायर ने 15 सालों में कोई बड़ा खिताब नहीं जीता था, लेकिन उनकी मौजूदगी में टीम ने 1970 से 1975 के बीच गिलेट कप चार बार जीता।

दो बार के वर्ल्ड कप विजेता कप्तान क्लाइव लायड ने लंकाशायर के साथ करीब दो दशक बिताए और टीम के खेल में क्रांतिकारी बदलाव लाए। वे 1970 के दशक में एक विदेशी खिलाड़ी के रूप में क्लब में शामिल हुए थे। 87 साल के फारुख इंजीनियर ने मैनचेस्टर को ही अपना स्थायी निवास बना लिया है। उन्होंने क्लब की वेबसाइट को एक पुराने इंटरव्यू में बताया था, ओल्ड ट्रैफर्ड एक शानदार जगह थी, लोग हमें देखने के लिए दूर-दूर से आते थे। उन्होंने आगे कहा, ड्रेसिंग रूम से हम वारविक रोड रेलवे स्टेशन को देख सकते थे, और मैच से पहले ट्रेनों से भीड़ उतरती थी, उत्साहित आवाजें और हंसी की गूंज सुनाई देती थी। हमारे लाकर आटोग्राफ और पार्टी इन्विटेशन से भरे रहते थे। क्लाइव लायड, हैरी पिलिंग, पीटर लेवर और केन शटलवर्थ जैसे नामों से टीम की खूब चर्चा होती थी।

हम उस दौर की सबसे फेमस वनडे टीम बन गए थे। दिलचस्प बात यह है कि जहां फारुख इंजीनियर ने भारत में ब्रेबार्न स्टेडियम में सबसे ज्यादा क्रिकेट खेला, वहां उनके नाम पर कोई स्टैंड नहीं है। भारत के पूर्व कप्तान दिलीप वेंगसरकर, जो निजी दौरे पर मैनचेस्टर में हैं, इस समारोह में शामिल हो सकते हैं। क्लब के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।




# सुमित ने जीता 60 किग्रा ग्रीको-रोमन वर्ग में रजत पदक

● **टूर्नामेंट में भारत ने तीन स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य सहित कुल 10 पदकों के साथ अभियान खत्म किया**

**बुडापेस्ट, वार्ता।** अंडर-23 एशियाई चैंपियन सुमित ने पॉलीक इमरे और वर्गा जानोस मेमोरियल 2025 कुश्ती चैंपियनशिप के 60 किग्रा ग्रीको-रोमन वर्ग में रजत और अनिल मोर ने 55 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। टूर्नामेंट में भारत ने तीन स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य सहित कुल 10 पदकों के साथ अपने अभियान का समापन किया। चैंपियनशिप के आखिरी दिन रविवार को हुए फाइनल मुकाबले में भारतीय पहलवान को अजरबैजान के यूरोपीय चैंपियन और गैर-ओलंपिक 60 किग्रा वर्ल्ड चैंपियन निहात माम्मदली से 1-5 से हार के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। सुमित ने प्री-क्वार्टर फाइनल में सादिक लालाईव को 9-3, क्वार्टर फाइनल में कोरिया के डेहयूम किम को 7-4 से फॉल के जरिए शिकस्त दी थी और सेमीफाइनल में कजाकिस्तान के गालिम कबदुनास्सारोव को 10-1 से हराया। वहीं, भारत के अनिल मोर ने ग्रीको-रोमन 55 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। उन्होंने उज्बेकिस्तान के इक्थियोर बोटिरोव को 7-4 से हराया। इससे पहले अनिल ने मई में उलानबतार ओपन में इसी कैटेगरी में स्वर्ण पदक जीता था। हालांकि, क्वार्टर फाइनल में अनिल को यूरोपीय चैंपियन एमिन सेफरशायेव से 1-6 से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन उन्होंने रेपेचेज में मोल्डोवा के अर्तिओम डेलीअनु को 7-0 से हराकर कांस्य पदक मैच में जगह बनाई।

## एशिया कप पाक टीम भारत नहीं आएगी

● **सुरक्षा को लेकर चिंता जताई, भारतीय टीम भी पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी खेलने नहीं गई थी**

● **विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में भारत-पाक मैच भी रद्द, वालीबाल टूर्नामेंट पाक से उज्बेकिस्तान ट्रांसफर**

**नई दिल्ली/कराची, वार्ता।** पाकिस्तान हॉकी टीम भारत में होने वाले एशिया कप में भाग लेने के लिए नहीं आएगी। पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन (पीएचएफ) ने अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) को बताया कि भारत में मौजूदा हालात और सुरक्षा चिंताओं के कारण यह फैसला लिया है। हॉकी एशिया कप 27 अगस्त से होना है, जो 7 सितम्बर तक बिहार के राजगीर स्टेडियम में खेला जाएगा। इससे पहले भारतीय क्रिकेट टीम इस साल फरवरी-मार्च में हुए चैंपियंस ट्राफी में पाकिस्तान खेलने के लिए नहीं गई थी। भारत ने अपने सभी मैच न्यूट्रल वेन्यू दुबई में खेले थे। पीएचएफ के अध्यक्ष तारिक बुगती ने बताया कि हमारे खिलाड़ी भी भारत में होने वाले एशिया कप में हिस्सा लेने के लिए उत्सुक नहीं हैं। यह टूर्नामेंट वर्ल्ड कप का क्वालिफिकेशन भी है।

बुगती ने यह भी बताया कि एफआईएच और एएचएफ को यह तय करना है कि टूर्नामेंट और पाकिस्तान के मैचों को लेकर क्या करना है। भारत ने साल 2024 में चीन में खेले गए एशियन चैंपियंस ट्राफी के फाइनल में चीन को हराया था। पीएचएफ प्रमुख ने यह भी सवाल उठाया कि भारत में उनकी टीम की सुरक्षा की क्या गारंटी है।

# भारत 'ए' पुरुष हॉकी टीम को नीदरलैंड ने रौंदा



**नीदरलैंड, वार्ता।** भारत ए पुरुष हॉकी टीम को यूरोपीय दौरे के अपने आखिरी मुकाबले में नीदरलैंड के खिलाफ 2-8 से हार का सामना करना पड़ा। रविवार को खेले गए यूरोपीय दौरे अंतिम मैच में भारतीय मिडफील्डर रालजदर सिंह और फॉरवर्ड सेल्वम कार्थी ने अपनी टीम के लिए एक-एक गोल किए। भारत ए ने इससे पहले 18 जुलाई को नीदरलैंड के खिलाफ अपना पिछला मैच 0-3 के स्कोर से गंवा दिया था।

भारत ए ने 8 जुलाई, 2025 को अपने यूरो दौरे की शुरुआत की थी और इस दौरे के दौरान पांच यूरोपीय टीमों के खिलाफ कुल आठ मैच खेले। इस दौरान भारत की ए टीम ने दुनिया की कुछ शीर्ष हॉकी टीमों, जिनमें विश्व की नंबर वन नीदरलैंड और विश्व की नंबर तीन बेल्जियम के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिए तीन शहरों की यात्रा की। इस दौरान भारतीय टीम ने आठ मैचों में से तीन में जीत दर्ज की। भारत ए के कोच शिवेंद्र सिंह ने कहा कि हालांकि इस यूरोपीय दौरे में हमें जीत से ज्यादा हार मिली होगी, लेकिन यह नतीजों के बारे में नहीं था, बल्कि एक टीम के रूप में इस दौरे से मिली सीख और अनुभव के बारे में था। उन्होंने कहा कि भारत ए में सीनियर और जूनियर खिलाड़ियों का मिश्रण था और उन्होंने पिछले दो हफ्तो दौरान बहुत मूल्यवान अनुभव प्राप्त किया। अब जब हम भारत वापस आ रहे हैं, मुझे विश्वास है कि ये सभी खिलाड़ी इस मूल्यवान अनुभव का उपयोग करेंगे और अपने भविष्य के सभी मैचों में अपने खेल को बेहतर बनाने के लिए इसका उपयोग करेंगे।

## बांग्लादेश ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराया

**मीरपुर, वार्ता।** तस्कीन अहमद (तीन विकेट) और मुस्तफिजुर रहमान (दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद परवेज हुसैन इमॉन (नाबाद 56 ) मो- तौहीद हृदोय (36) की शानदार पारियों के दम पर बांग्लादेश ने पहले टी-20 मुकाबले में 27 गेंदें शेष रहते पाक को सात विकेट से हरा दिया। 111 रनों के लक्ष्य पीछा करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसने सात रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिए। तंजिद हसन और कप्तान लिटन कुमार दास एक-एक रन बनाकर आउट हुए। दोनों ही बल्लेबाजों को सलमान मिर्जा ने आउट किया। तीसरे विकेट के रूप में तौहीद हृदोय 37 गेंदों में 36 रन बनाकर आउट हुए। बांग्लादेश ने 15-3 ओवर में तीन विकेट पर 112 रन बनाकर मैच सात विकेट से जीत लिया। परवेज हुसैन ने 39 गेंदों में तीन चौके और पांच छक्कों की मदद से 56 रनों की नाबाद पारी खेली।

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### अगले तीन डब्ल्यूटीए फाइनल मैच इंग्लैंड में होंगे

**सिंगापुर, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने इंग्लैंड को 2027, 2029 और 2031 में होने वाले तीन विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की मेजबानी सौंपी है। इससे पहले वह 2021 से लगातार तीनों फाइनल की मेजबानी कर चुका है। आईसीसी की सिंगापुर में हुई वार्षिक बैठक में यह फैसला लिया गया। आईसीसी ने 2027 के फाइनल भारत में स्थानांतरित किए जाने की अटकलों को विराम देते हुए ईसीबी के 'सफल मेजबानी रिकार्ड' का हवाला देते हुए इंग्लैंड को फिर से तीन बार के लिए इसकी जिम्मेदारी दी है। हालांकि यह अभी तय नहीं हुआ है कि भविष्य में भी लॉर्ड्स को प्राथमिक मेजबान के तौर पर बरकरार रखा जाएगा या नहीं।

#### अमेरिका ने जीता फीबा अंडर-19 महिला विश्वकप का खिताब

**प्राग, वार्ता।** अमेरिका ने फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 88-76 से हराकर फीबा अंडर-19 महिला विश्वकप का खिताब अपने नाम किया। चेक गणराज्य के ब्रनो में रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में अमेरिका ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पहले हाफ में 50-40 की बढ़त हासिल की। ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे क्वार्टर में वापसी करते हुए 17-14 से हराकर अंतर कम कर दिया। हालांकि, चौथे क्वार्टर में अमेरिका ने 24-19 की बढ़त बनाकर अपना दबदबा और मजबूत करते हुए चैंपियनशिप पर अपनी पकड़ मजबूत बना ली। अमेरिका की सानिया हॉल ने 25 अंक, नौ रिबाउंड और सात असिस्ट के साथ तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। जैस्मीन ने 21 अंक जोड़े। ऑस्ट्रेलिया की ओर से बोनी डेस ने 13 अंक लिए।

# बैडमिंटन एशिया: जापान ने भारत को हराया



● **करीब से हार के बावजूद भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन किया, भार्गव राम और विश्व तेज गोब्बरू की जोड़ी प्रभावशाली रही**

**इंडोनेशिया, वार्ता।** बैडमिंटन एशिया जूनियर मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में भारतीय टीम को पूर्व चैंपियन जापान से 110-104 से हार का सामना करना पड़ा। रिले स्कोरिंग प्रणाली के तहत हुए एक करीबी मुकाबले में भारत ने शुरुआती मैच में 11-9 से मिली मामूली हार के बाद शानदार वापसी की।

भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू की लड़कों की युगल जोड़ी ने भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद वेन्नाला कलागोटला और रेशिका उथयासूरियन की लड़कियों की जोड़ी ने संयमित जीत हासिल कर भारत को 33-26 से आगे कर दिया। इसके बाद रेशिका ने भव्या छाबड़ा के साथ मिलकर 44-35 की बढ़त बनाए रखी और रौनक चौहान ने एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए बढ़त को और मजबूत कर दिया। भारत ने मुकाबले के अधिकांश समय बढ़त बनाए रखी, लेकिन 2023 के चैंपियन जापान ने अंतिम पांच मैच लगातार जीतते हुए बढ़त बना ली।

इनमें से कई मैच बेहद रोमांचक रहे, जो भारतीय टीम के जज्बे को दर्शाता है। करीब से हार के बावजूद भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने हांगकांग, चीन, संयुक्त अरब अमीरात और श्रीलंका पर जीत के साथ ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल किया, जिससे एकल और युगल में गहराई और संतुलन का प्रदर्शन हुआ। भार्गव-विश्व तेज और रेशिका-वेन्नाला की जोड़ी लगातार प्रभावशाली रही, जबकि सी लालरामसांगा ने भी युगल मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया, उन्होंने पुरुष युगल में भव्या और मिश्रित युगल में तारिणी सूरी के साथ जोड़ी बनाई। एकल में, रौनक ने विश्व जूनियर नंबर 5 लाम का टो को हराया और रुजुला रामू ने शीर्ष 20 में शामिल दो खिलाड़ियों पर जीत दर्ज की।

# चोटिल नीतीश रेड्डी इंग्लैंड सीरीज से बाहर



**मैनचेस्टर, वार्ता।** भारतीय ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी घुटने की चोट के कारण एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को बताया कि नीतीश कुमार रेड्डी को बाएं घुटने में चोट लगी है। यह चोट उन्हें रविवार को मैनचेस्टर में जिम में अभ्यास के दौरान लगी और स्कैन में लिगामेंट डैमेज की पुष्टि हुई है। बुधवार से शुरु होने वाले तीसरे टेस्ट से पहले भारत को नीतीश कुमार के चोटिल होने से एक और झटका लगा है। इससे पहले तेज गेंदबाज आकाश दीप और अर्शदीप सिंह भी चोटिल हैं और इनमें से अर्शदीप चौथे टेस्ट से बाहर हो चुके हैं। इस बीच अंशुल कम्बोज को तेज गेंदबाजी विकल्प के तौर पर टीम में शामिल किया गया है। लीड्स में पहले टेस्ट से बाहर रहने के बाद रेड्डी ने दूसरा और तीसरा टेस्ट खेला। बर्मिंघम में वह खास असर नहीं छोड़ पाए। उन्होंने मैच में केवल दो रन बनाए और छह ओवर की गेंदबाजी में उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। हालांकि लॉर्ड्स में उन्होंने इंग्लैंड के शीर्षक्रम के विकेट चटकाए। पहली पारी में इंग्लैंड के दोनों सलामी बल्लेबाज बेन डकेट और जैक क्रॉली को एक ही ओवर में आउट किया।

## भारतीय बैडमिंटन मिश्रित टीम ने जीता कांस्य पदक

**जर्मनी, वार्ता।** भारत की मिश्रित टीम ने रविवार को जर्मनी के राइन-रुहर में चल रहे एफआईएसयू वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में बैडमिंटन में ऐतिहासिक कांस्य पदक अपने नाम किया। यह इस स्पर्धा में भारत का बैडमिंटन में पहला पदक है। एफआईएसयू वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में बैडमिंटन को 2007 से शामिल किया गया था, लेकिन यह पहली बार है जब भारत ने इस खेल में पोडियम पर जगह बनाई है। भारत ने क्वार्टरफाइनल में मलेशिया को कड़े मुकाबले में 3-2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जिससे कांस्य पदक पक्का हो गया। प्रतियोगिता में दोनों सेमीफाइनल हारने वाली टीमों को कांस्य पदक दिया जाता है। यह इस बार के एफआईएसयू वर्ल्ड विवि गेम्स में भारत का पहला पदक भी है।

# टेस्ट क्रिकेट में दो-डिवीजन सिस्टम की संभावना

● **आईसीसी एनुअल मीटिंग में 8 सदस्यीय टीम बनी चैंपियंस लीग टी-20 की अगले साल वापसी संभव**

**दुबई, वार्ता।** टेस्ट क्रिकेट में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2027 से 2-टियर सिस्टम लागू हो सकता है। इसके लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को एनुअल जनरल मीटिंग (ळड) में 8 सदस्यीय टीम बनाई हैं। इस समिति की अध्यक्षता आईसीसी के नए सीईओ संजोग गुप्ता कर रहे हैं। टेस्ट टियर सिस्टम में मौजूदा 9 टीमों की जगह 6-6 टीमों की दो डिवीजन बनाई जाएंगी। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया पहले से इस फार्मेट के समर्थन में रहे हैं और चाहते हैं कि ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और भारत आपस में हर तीन साल में दो बार भिड़ें, जो मौजूदा चार साल में दो बार की तुलना में अधिक है। 2009 से 2014 के बीच खेले जाने वाली चैंपियंस लीग टी-20 अगले साल से दोबारा शुरू हो सकती हैं। पिछले साल ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच खेली गई 5 मैचों की बार्डर-गावस्कर ट्राफी में भारी भीड़ देखने को मिली। फैंस के अलावा, ब्राडकास्टिंग और लाइव स्ट्रीमिंग पर भी बड़ी संख्या में फैंस इस सीरीज से जुड़े। बीजीटी ऑस्ट्रेलिया में अब तक की चौथी सर्वाधिक देखी गई सीरीज है। इस सीरीज के 8 लाख से ज्यादा मुकाबले फैंस ने मैदान पर आकर देखे हैं। ये आंकड़े क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपने सोशल प्लेटफार्म ग पर जारी किए। सबसे बड़ी बात इस बार भारत भी इसके सपोर्ट में है। करीब 10 साल बाद चैंपियंस लीग टी-20 टूर्नामेंट एक बार फिर लौट सकता है। आईसीसी इस अंतर्राष्ट्रीय क्लब आधारित टी-20 प्रतियोगिता को फिर से शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रहा है। भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्डों ने इस विषय में चर्चा की है और ळड में कई अहम सदस्य देशों से इस प्रस्ताव को समर्थन भी मिला है। पिछली बार यह टूर्नामेंट 2014 में भारत में हुआ था, जहां चेन्नई सुपर किंग्स ने फाइनल में कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर खिताब जीता था। 2009 से 2014 के बीच सीएलटी-20 के 6 सीजन आयोजित हुए थे। चार भारत में और दो दक्षिण अफ्रीका में। चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस ने यह टूर्नामेंट दो-दो बार, जबकि ऑस्ट्रेलिया की न्यू साउथ वेल्स और सिडनी सिक्सर्स ने एक-एक बार जीता था।

## ऑस्ट्रेलिया ने विंडीज को तीन विकेट से हराया

**किंगस्टन, वार्ता।** बेन ड्वारशिवस (चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद कैमरन ग्रीन (51) और मिचेल ओवेन (50) की अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को पहले टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को सात गेंदे शेष रहते तीन विकेट से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। मिचेल ओवेन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। 190 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में जेक फ्रेजर-मक्गार्क (दो) का विकेट गवां दिया। ऑस्ट्रेलिया का दूसरा विकेट कप्तान मिचेल मार्श 17 गेंदों में (24) रन के रूप में गिरा। इसके बाद जॉश इंग्लिस आठ गेंदों में (18) रन बनाकर पवेलियन लौट गए। ग्लेन मैक्सवेल (11) रन बनाकर आउट हुए। कैमरन ग्रीन और मिचेल ओवेन ने तूफानी बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। दोनों बल्लेबाजों की बीच पांचवें विकेट के लिए 80 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी हुई। 15वें ओवर में गुडाकेश मोती ने कैमरन ग्रीन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। कैमरन ग्रीन ने 26 गेंदों में पांच छक्के और दो चौके लगाते हुए (51) रन बनाये। मिचेल ओवेन ने 27 गेंदों में छह छक्के लगाते हुए (50) रनों की पारी खेली।

# कोनेरू हम्पी फिडे महिला शतरंज विश्व कप के सेमीफाइनल में



**जॉर्जिया, वार्ता।** भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने चीनी खिलाड़ी के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए फिडे महिला शतरंज विश्वकप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इसी के साथ हम्पी इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुँचने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बन गई। हम्पी ने रविवार को खेले गए मुकाबले में चीन की आईएम युक्सिन सोंग के खिलाफ पहले गेम में जीत के बाद, दूसरे गेम में ड्रॉ खेलकर अंतिम चार में जगह बनाई। हम्पी का अब सेमीफाइनल में चीन की लेई लटगजी से मुकाबला होगा।

अंतिम चार में हम्पी के पहुंचने के साथ यह पक्का हो गया कि उन्हें शीर्ष तीन में पहुंचने के दो मौके मिलेंगे जिससे उन्हें अगले महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह भी मिल जाएगी जिसके लिए शीर्ष तीन खिलाड़ी क्वालिफाई करेंगी। वहीं हरिका और हमवतन दिव्या देशमुख के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। दोनों खिलाड़ी अब टाई-ब्रेक में भिड़ेंगी।

# सावन के दूसरे सोमवार पर उमड़ा श्रद्धा व शिवभक्ति का सैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** सावन माह के दूसरे सोमवार को चन्दौसी समेत पूरे संभल जनपद में भक्ति, श्रद्धा और सेवा का अद्वितीय संगम देखने को मिला। प्रात: 04 बजे से ही श्रद्धालु विभिन्न शिवालयों पर गंगाजल लेकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने पहुंचने लगे। नंगे पांव आए हजारों कांवडिय्यों की सेवा में स्वयं प्रशासनिक अधिकारी भी उतर आए। चन्दौसी क्षेत्र में स्थित शिव मंदिरों पर दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ रही और हर ओर "हर-हर महादेव" की गूंज सुनाई दी। चन्दौसी की प्रमुख धार्मिक स्थलों जैसे सादातवाड़ी स्थित भोले बाबा का प्राचीन मंदिर, बेरनी शिव मंदिर, मौलागढ़ स्थित शिव मंदिर और सीतारोड पर स्थित मूंछों वाले बाबा मंदिर पर भक्तों की कतारें सुबह से ही लगनी शुरू हो गई थीं। श्रद्धालुओं ने पूरे अनुशासन के साथ शिवलिंग पर जलाभिषेक किया, बेलपत्र चढ़ाए और मंदिरों में आरती की। अधिकतर भक्त पैदल यात्रा कर दूर-दूर से गंगाजल लाए थे। इस अवसर पर चन्दौसी सीओ अनुज चौधरी ने जो उदाहरण प्रस्तुत किया, वह सभी के लिए प्रेरणादायक बन गया। उन्होंने न सिर्फ शिवभक्तों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया, बल्कि मार्ग में थके और सूजनयुक्त पैरों वाले कांवडिय्यों के पैरों को स्वयं गर्म पानी से धोया और उन पर मलहम भी लगाया।

इसके साथ ही उन्होंने भक्तों पर पुष्पवर्षा कर उनका मनोबल बढ़ाया। सीओ चन्दौसी ने कहा, "इन श्रद्धालुओं की आस्था अतुलनीय है। इनकी सेवा करना हमारे लिए सौभाग्य है।" वहीं चन्दौसी इंस्पेक्टर एवं पुलिस बल भी सेवा कार्य में पीछे नहीं रहे। जगह-जगह श्रद्धालुओं को फल वितरित किए गए और उन्हें





जलपान उपलब्ध कराया गया। पुलिस कर्मियों ने शिवभक्तों के मार्गों पर अनुशासन बनाए रखा, जिससे कोई दुर्घटना न हो और किसी को असुविधा का सामना न करना पड़े। सभी प्रमुख शिवालयों और मार्गों पर पुलिस बल तैनात रहा। पूरे दिन शिवालयों में भजन-कीर्तन और आरती के स्वर गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्ण ढंग से जलाभिषेक किया और प्रशासन की व्यवस्थाओं की सराहना की।

शिवभक्तों के चेहरों पर जहाँ थकावट थी, वहीं सेवा एवं सत्कार से उनका मन आनंदित होता दिखाई दिया। आमजन ने ऐसे अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि यह सेवा भाव सिर्फ प्रशासनिक कर्तव्य नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना का परिचायक है। सावन के इस दूसरे सोमवार ने चन्दौसी में यह साबित कर दिया कि जब श्रद्धा और सेवा एक साथ चलें, तो समाज में एक नई चेतना का संचार होता है। प्रशासन का यह मानवीय और संवेदनशील पहलू निश्चित ही अनुकरणीय है, जो आने वाले आयोजनों के लिए एक श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करता है।

## श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक




**कुंदरकी।** ब्लॉक क्षेत्र ग्राम ईंधन पर नगला में प्राचीन शिव मंदिर झारखंड पाताल फोड़ मोटेश्वर महादेव शिव मंदिर पर सावन के प्रथम सोमवार को सुबह 4 बजे से दोपहर तक बड़ी संख्या में दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया, और कांवरियों ने डाक कांवर व अन्य पैदल कंवर चढ़ाई, मंदिर पर पुलिस प्रशासन के साथ कमेटी अध्यक्ष भूराज सिंह, प्रबंधक शिवलाल सैनी, सचिव धर्मेंद्र लाठर, डॉ वेदप्रकाश, विपिन वाल्मीकि, भोजराम सैनी, भगवानदास कश्यप, संतरलाल कश्यप, ऋषिपाल सिंह, देवी प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे।

# विधायक रामवीर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की शिष्टाचार भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूढ़ापांडे।** कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से चर्चा करते हुए बताया कि नगर पंचायत कुन्दरकी में जल निकासी हेतु आर.सी.सी. नाले नही होने कारण, नालों की स्थिति अत्यन्त दयनीय बनी हुई है। जिस कारण सड़कों पर जल भराव एवं गन्दगी रहती है और बरसात के समय नालों का पानी नागरिकों के घरों में भर जाने पर नागरिकों को आने-जाने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।



जल निकासी की समुचित व्यवस्था हेतु विभिन्न नालों के निर्माण हेतु पाँच करोड़ एवं अमृत योजना के अंतर्गत 1200 किलोलीटर छमता का एक ओवरहैड टैंक एवं एक ट्यूबवैल स्वीकृत कराये जाने और कुंदरकी विधानसभा के अनेक गाँवो में आबादी के बीचो-बीच मकानों के ऊपर से जा रही 4000 के०वी०ए० की विद्युत लाईन जिससे इन ग्रामों में अनेक लोगों की विद्युत करंट लगने से मृत्यु तथा कई बार लोगों के घरों में आग लगकर काफी नुकसान भी हो चुका है। उक्त 4000 के०वी०ए० की विद्युत लाईन को उक्त ग्रामों की आबादी से हटाकर अन्य समुचित स्थान पर शिफ्ट कराये जाने का अनुरोध किया।

विधायक ने आगे बताया की विधानसभा के विभिन्न गाँवों नबाबपुरा, समदा, गनेशघाट, रनियाठेर, गतौरा, महेशपुर भीला, ताहरपुर अब्बल, गदई खेड़ा, रतनपुर कला एवं नानपुर में शमशान घाट की सुविधा न होने के कारण स्थानीय निवासियों को अपने प्रियजनों के अंतिम संस्कार हेतु अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है तथा दूरस्थ स्थानों पर जाकर अंतिम संस्कार करना पड़ता है, बरसात के मौसम में स्थिति अत्यन्त दयनीय हो जाती है। जिससे समय पर धार्मिक विधियों का पालन करना भी असंभव हो जाता है। अत: इन गाँवों में शीघ्र शमशान घाटों के निर्माण का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी विकास कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर कराने का आश्वासन दिया।

# जितेन्द्र कमल आनन्द को दिग्गज मुरादाबादी स्मृति सम्मान से किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** साहित्य के प्रसार एवं संरक्षण को पूर्ण रूप से समर्पित संस्था साहित्यिक की ओर से साहित्यकार स्मृतिशेष दिग्गज मुरादाबादी की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर सम्मान समारोह एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें हिन्दी साहित्य में उल्लेखनीय योगदान के लिए रामपुर के प्रतिष्ठित साहित्यकार जितेन्द्र कमल आनन्द को अंगवस्त्र, मानपत्र, श्रीफल भेंट कर दिग्गज मुरादाबादी स्मृति सम्मान से अलंकृत किया गया। वंदेभारत संस्था की ओर से धवल दीक्षित और मयंक शर्मा द्वारा उन्हें भारत माता का चित्र भेंट किया गया।समारोह का शुभारंभ सह संयोजक मनोज मनु द्वारा मां सरस्वती वंदना की प्रस्तुति से हुआ। साहित्यिक के संस्थापक डॉ मनोज रस्तोगी ने स्मृतिशेष दिग्गज मुरादाबादी का जीवन परिचय प्रस्तुत करते हुए कहा कि 5 जनवरी 1930 को जन्में दिग्गज मुरादाबादी की दो काव्य कृतियां सीता का अंतर्द्वंद्व और श्री करवाचौथ व्रत कथा प्रकाशित हो चुकी हैं। उनका देहावसान 21 जुलाई 2009 को हुआ।वरिष्ठ साहित्यकार राम किशोर वर्मा ने सम्मानित विभूति जितेन्द्र कमल आनन्द का परिचय प्रस्तुत करते हुए कहा आपकी प्रकाशित काव्य कृतियों में जयबाला जी, आनंद प्रवाह, श्री हनुमत उपासना- श्रीशुभ संवत, ब्रह्म कृपा हि केवलम्, राजयोग महागीता (परम पुनीता), गीत आनंद के, मधुशाला -हाला-प्याला, आनंद छंद माला (तीन भाग) उल्लेखनीय हैं।

संयोजक राजीव सक्सेना ने कहा कि जहाँ एक ओर उनका व्यक्तित्व बेहद सहज, भव्य और विराट था वहीं दूसरी ओर उनका कृतित्व सरल, प्रवाहमय किंतु मौलिक था।दिग्गज जी एक अद्वितीय बालकवि थे।समारोह के अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार उमाकांत गुप्त ने कहा




दिग्गज जी की बाल कविताओं में बच्चों का मनोवैज्ञानिक चित्रण मिलता है।इस अवसर पर दिग्गज मुरादाबादी की रचनाओं की सस्वर प्रस्तुति भी की गई। डॉ पूनम बंसल ने उनका गीत तुम गुलाब की कोमल कलिका श्वेत सारिका रूपनगर की, अनुराग रुहेला ने कांवर भरने जाना है तो कुछ मत सोच विचार करो, डॉ रीता सिंह ने सबसे श्रेष्ठ सबसे पावन मैया का दरबार है , डॉ पुनीत कुमार ने उनकी बाल कविता रिक्शा वाला प्रस्तुत की। डा. महेश शदिवाकरश ने कहा कि वे छंदप्रिय साहित्यकार थे। स्वच्छंद रचनाओ के वे कतई पक्षधर नहीं थे। उर्दू साहित्य शोध केंद्र के संस्थापक डॉ मुहम्मद आसिफ हुसैन ने कहा कि दिग्गज मुरादाबादी ऐसे एक मात्र शायर हैं जिसने गजल के बजाय उर्दू में बाल साहित्य की रचना की।डॉ प्रेमवती उपाध्याय ने कहा वे राष्ट्र के प्रति भावुक और प्रचंड कट्टरचिन्तन के धनी थे।स्वदेश भटनागर ने कहा दिग्गज जी ने समूचे अर्थों में अपनी कविता को जिया। श्री कृष्ण शुक्ल ने कहा उनकी रचनाओं में श्रंगार, अंतर्द्वंद, पीड़ा और जीवन का यथार्थवादी चित्रण मिलता है।उदय प्रकाश सक्सेना उदय ने कहा उनकी रचनाओं में आम आदमी की भाषा में हास्य व्यंग्य का समावेश है।मीनाक्षी ठाकुर ने कहा दिग्गज जी ने अपनी बाल रचनाओं में बालकों के मन में उतर कर उनके भीतर छिपे भावों को कागज पर बहुत सादगी से उकेरा है।

दुष्यंत बाबा ने कहा उन्होंने बाल कविताएं लिखी, गीत गजल नज्में लिखी और अध्यात्म दर्शन से ओतप्रोत रचनाएं भी लिखीं। डॉ प्रीति हुंकार ने कहा उन्होंने अपनी रचना प्रतिभा से जीवन मूल्यों को पुनर्स्थापित करने का कार्य किया है ।

राजीव श्प्रखरश ने कहा उनकी रचनाएं बच्चों के साथ बड़ों के हृदय को भी भीतर तक स्पर्श करने की क्षमता रखती हैं।योगेन्द्र पाल सिंह विश्नोई, फक्कड़ मुरादाबादी, डॉ राकेश चक्र, रघुराज सिंह निश्चल, के डी शर्मा, काले सिंह साल्टा, वीरेंद्र सिंह बृजवासी, डॉ कृष्ण कुमार नाज, जिया जमीर, राजकुमार वर्मा, सोहनलाल भारती आदि ने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर योगेंद्र वर्मा व्योम, कमल शर्मा, राशिद हुसैन, शिव ओम वर्मा, डॉ राकेश जैसवाल, नकुल त्यागी, वंशी लाल बंसी, समीर तिवारी, गायत्री शर्मा, अनूप भटनागर, अमित सक्सेना, राम सिंह कश्यप, घनश्याम सिंह चौहान, सतीश आदि उपस्थित रहे। आभार राजीव सक्सेना ने व्यक्त किया।

# नगरपालिका का सीमा विस्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर निकाय क्षेत्रों के पुनर्गठन और विस्तार की प्रक्रिया के तहत चन्दौसी नगरपालिका का भी दायरा शीघ्र ही विस्तारित होने जा रहा है।

प्रशासनिक स्तर पर जनसंख्या निर्धारण का कार्य जोर-शोर से जारी है, जिसके पूर्ण होते ही वार्डों के पुनर्गठन की दिशा में अगला कदम उठाया जाएगा। अधिशासी अधिकारी के अनुसार, यह कार्य 22 जुलाई तक पूरा कर लिया जाएगा, जिसके पश्चात 23 से 28 जुलाई के मध्य वार्डों की प्रस्तावित सूचियों का प्रकाशन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि चन्दौसी नगर के चारों ओर बसे कई गांव वर्तमान में नगरपालिका सीमा में सम्मिलित हो चुके हैं, किंतु कागजी प्रक्रिया और परिसीमन अधिसूचना का इंतजार किया जा रहा है जिसमें मौलागढ़, देवरखेड़ा, आटा, असालतपुर जारई, मई, कैथल आदि ये सभी गांव भौगोलिक रूप से नगर से एकीकृत हो चुके हैं जबकि प्रशासनिक रूप से अभी भी ग्राम पंचायतों के अंतर्गत आते हैं। प्रदेश सरकार द्वारा नगर निकायों के सीमा विस्तार और नये नगर निकाय सृजन की दिशा में एक व्यापक कार्ययोजना पर काम किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सबसे पहले प्रत्येक ग्राम पंचायत की जनसंख्या का आंकलन किया जा रहा है, जो परिसीमन की नींव बनेगा। जनसंख्या के आधार पर ही न केवल वार्डों की संख्या तय होगी, बल्कि उनके भौगोलिक क्षेत्र, नाम और प्रतिनिधित्व के स्वरूप में भी बदलाव होगा।

जिस पर आपत्तियाँ लेने के लिए भी समय निर्धारित किया जाएगा।" बता दें कि चन्दौसी नगरपालिका का यह विस्तार न केवल भौगोलिक परिवर्तन है, बल्कि प्रशासनिक दक्षता, संसाधन पहुंच और स्थानीय विकास की दृष्टि से एक बड़ा कदम माना जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों को शहरी ढांचे में शामिल करने से उनके विकास को गति मिलेगी, वहीं नगरीय व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित और समावेशी स्वरूप प्रदान होगा।

# हरिद्वार रवाना हुआ शिवभक्तों का जत्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** सावन माह की भक्ति लहर ने जनपद में एक बार फिर आस्था का रंग घोल दिया है। चन्दौसी क्षेत्र के बहजोई कस्बे के ग्राम रम्पुरा से सोमवार को 14 शिवभक्तों का कांवड़ जत्था पवित्र गंगाजल लेने के लिए हरिद्वार रवाना हुआ।

इस अवसर पर पूरे वातावरण में शबम-बम भोलेश् और शहर-हर महादेवश् के जयघोष गूंज उठे। यह जत्था सोमवार प्रात: गांव से कांवड़ लेकर हरिद्वार के लिए रवाना हुआ। जत्थे में शामिल मनोज कुमार ने बताया कि 22 जुलाई को यह कांवड़ यात्रा अपने गंतव्य रम्पुरा वापस पहुंचेगी, जहां शिवालय में गंगाजल से भगवान शिव का जलाभिषेक किया जाएगा। कांवड़ यात्रा के लिए रवाना होते समय भक्तों में विशेष जोश और श्रद्धा देखने को मिली। सिर पर केसरिया पट्टी, हाथों में गंगाजल के पात्र और नंगे पांव चलने की दृढ़ भावना के साथ यह श्रद्धालु भक्तिभाव में लीन दिखे।

गांववासियों ने फूल बरसाकर और नारियल फोड़कर भक्तों को विदाई दी। कांवडिय्यों के इस श्रद्धालु जत्थे में मनोज कुमार के साथ गौरव वार्ष्णेय, मयंक वार्ष्णेय, कृष्णा प्रकाश महेश्वरी, विनय वार्ष्णेय, मिथुन वार्ष्णेय समेत अन्य 14 शिवभक्त शामिल हैं। यात्रा की व्यवस्था और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया है। यात्रा की समाप्ति के पश्चात 22 जुलाई को गांव रम्पुरा में विशेष जलाभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय श्रद्धालु भी सम्मिलित होंगे। मंदिर को विशेष रूप से सजाया जाएगा और यह समय भगवान शिव की आराधना का होता है और कांवड़ यात्रा श्रद्धा, संयम व तपस्या का प्रतीक मानी जाती है। इस दौरान भक्त दूर-दराज से गंगाजल लाकर शिवालयों में जलाभिषेक करते हैं। रम्पुरा गांव से हरिद्वार जा रहा यह जत्था न केवल परंपरा को निभा रहा है, बल्कि युवा पीढ़ी को धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने का भी कार्य कर रहा है।

# विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

**■ विद्यार्थियों की सुरक्षा से सम्बंधित मुद्दों पर किया गया विचार-विमर्श**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** ब्लॉक के प्राइमरी विद्यालय जटपुरा में 'विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी। इसमें विद्यार्थियों की सुरक्षा से सम्बंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। हर साल सड़क दुर्घटनाओं में लाखों लोगों की जान चली जाती है और करोड़ों लोग गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। भारत में ही हर साल लगभग अस्सी हजार लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं जो पूरी दुनिया में होने वाली कुल मृत्यु का तेरह प्रतिशत है। अधिकांश दुर्घटनाओं में चालक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।इसे सुनें हर साल सड़क दुर्घटनाओं में लाखों लोगों की जान चली जाती है और करोड़ों लोग गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। भारत में ही हर साल लगभग अस्सी हजार लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं जो पूरी दुनिया में होने वाली कुल मृत्यु का तेरह प्रतिशत है। अधिकांश दुर्घटनाओं में चालक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।सड़क सुरक्षा जागरूकता का मतलब है, सड़क पर सुरक्षित रहने के लिए नियमों और सावधानियों के बारे में जानना और उनका पालन करना। इसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना और लोगों की जान बचाना है। सड़क सुरक्षा के कुछ महत्वपूर्ण पहलू: यातायात नियमों का पालन: लाल




बत्ती, स्टॉप साइन, गति सीमा, और अन्य संकेतों का पालन करना। सीट बेल्ट और हेलमेट का उपयोग: गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट और दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना। शराब पीकर गाड़ी न चलाना: शराब या नशीली दवाओं के प्रभाव में गाड़ी चलाना खतरनाक है। ध्यान भटकाने वाली चीजों से बचें: गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन या अन्य चीजों का उपयोग न करें। सुरक्षित दूरी बनाए रखें: आगे चल रही गाड़ी से सुरक्षित दूरी बनाए रखें। पैदल यात्रियों और साइकिल चालकों के लिए सम्मान: पैदल यात्रियों और साइकिल चालकों को रास्ता दें और उनके प्रति सम्मान दिखाएं। सड़क पार करते समय सावधानी: सड़क पार करते समय दोनों तरफ देखकर सुनिश्चित करें कि कोई वाहन नहीं आ रहा है। बच्चों को सड़क सुरक्षा के बारे में सिखाना: बच्चों को बचपन से ही सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में सिखाना। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में भाग लेना: सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए चलाए जा रहे अभियानों में भाग लेना। सड़क सुरक्षा जागरूकता क्यों महत्वपूर्ण है? दुर्घटनाओं को कम करना: सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करके, हम सड़क दुर्घटनाओं और चोटों की संख्या को कम कर सकते हैं। जान बचाना: सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करके, हम अपनी और दूसरों की जान बचा सकते हैं। सुरक्षित वातावरण बनाना: सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाकर, हम एक सुरक्षित वातावरण बना सकते हैं जहाँ सभी लोग सुरक्षित रूप से यात्रा कर सकें। सड़क सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है। हमें सभी को मिलकर सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

## एक नजर

### महिला की फसल जोतकर उसे धमकाने के आरोप में तहसील दिवस के प्रार्थना पत्र से एफआईआर

कांठ। थाना क्षेत्र के गांव मधपुरी निवासी वीरवती का कहना है कि गाटा सं0 17/2 मि0 में उसकी खेती की भूमि है जिसमें गन्ने व धान की फसल खडी हुई थी खेत के वटवारे का मुकदमा उच्च न्यायालय इलाहाबाद में विचाराधीन है । आरोप है कि विपक्षीगण गोविन्दा पुत्र प्रताप, चन्द्रसैन, सोमवीर, राधेश व ओमपाल पुत्रगण गोविन्दा ने राजस्व निरीक्षक को गुमराह करके उक्त भूमि की दौराने मुकदमा पेमाईश करा ली ओर पेमाईश के तुरन्त वाद ही उक्त लोगो ने उसकी गन्ने व धान की खडी फसल को जोत दिया। पुत्रियो ने उन्हे रोकने का प्रयास किया तो उन्होने उनके साथ भी मारपीट की ओर माँ बहन की गन्दी 2 गालियां दी । उक्त लोगो के खिलाफ थाना दिवस में प्राथर्ना पत्र दिया जिसकी लेखपाल ने स्थलीय जाँच की और उक्त लोगो द्वारा गन्ना व धान की फसल को जोतना लेखपाल द्वारा स्पष्ट किया गया। परन्तु उक्त लोगो के विरुद्ध कोई भी कानूनी कार्यवाही नही हुई। जिससे उनके हौसलें बढ़ गए और अब उन्होंने ऐलानियाँ धमकी देनी शुरू कर दी। महिला फिर संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंची और एफआईआर दर्ज कराने की मांग की महिला के प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### अमेजन इंडिया का प्राइम-डे अब तक का सबसे ज्यादा खरीदारी वाला प्राइम-डे इवेंट बना

**मुरादाबाद।** इस साल प्राइम डे पर अधिक सदस्यों ने पिछले किसी भी प्राइम डे इवेंट की तुलना में अधिक खरीदारी की। इस साल का प्राइम डे इवेंट पिछले प्राइम डे इवेंट से बड़ा था, जिसमें रिकॉर्ड बिक्री और तीन दिनों में अधिक आइटम बिके। विशेष रूप से, इवेंट से पहले 70प्रतिशत नए प्राइम साइन-अप टियर 2 और 3 शहरों और कस्बों से आए। प्राइम डे 2025 भारत भर में छोटे और मध्यम व्यवसायों के लिए भी शानदार सफलता थी। प्राइम डे 2025 के दौरान बिक्री प्राप्त करने वाले एसएमबी की संख्या अब तक की सबसे अधिक थी, जो पिछले साल की तुलना में 30प्रतिशत अधिक थी। प्राइम डे 2025 के दौरान बिक्री प्राप्त करने वाले छोटे और मध्यम व्यवसायों की संख्या सभी संस्करणों में अब तक की सबसे अधिक रही। इसके अलावा, इस आयोजन में भाग लेने वाले 68 फीसद से अधिक एसएमबी टियर 2-3 शहरों और उससे आगे के क्षेत्रों से थे। अक्षय साही, हेड ऑफ अमेजन प्राइम, डिलीवरी और रिटर्न्स एक्सपीरियंस, इंडिया और इमर्जिंग मार्केट्स ने कहा हम अपने विक्रेताओं, ब्रांड्स और बैंक पार्टनर्स को धन्यवाद देना चाहते हैं जिन्होंने भारत में अब तक का सबसे बड़ा प्राइम डे देने में हमारी मदद की। प्राइम मेंबर्स ने पिछले किसी भी प्राइम डे खरीदारी आयोजन की तुलना में अधिक वस्तुओं की खरीदारी की, जबकि हमने सबसे अधिक सेम-डे डिलीवरी के साथ स्पीड के नए रिकॉर्ड बनाए। हमें अपने ग्राहकों को बड़ी बचत करने में मदद करना पसंद है।

तेज डिलीवरी, शानदार डील्स, नए लॉन्च और ब्लॉकबस्टर मनोरंजन का अंतिम उत्सव है। उन्होंने आगे कहा हमारे सहयोगियों की भलाई और परिचालन को बढ़ाने के लिए हाल ही में किए गए 2000 करोड़ रुपए के निवेश के कारण, हम इस साल और तेजी से और सुरक्षित डिलीवरी करने में सक्षम हुए. मैं हमारे डिलीवरी भागीदारों को भी धन्यवाद देना चाहूंगा, जो पूरे भारत में तेज और विश्वसनीय डिलीवरी के साथ हमारे प्राइम सदस्यों की खुशियों को बढ़ाने का काम करते हैं।"अमेजन बिजनेस के साथ व्यवसायिक ग्राहकों में वृद्धि: अमेजन बिजनेस ने प्राइम डे के दौरान नए ग्राहक पंजीकरण में 3 गुना वृद्धि देखी, जिसमें 'प्राइम साइन-अप्स' में 7 गुना वृद्धि हुई क्योंकि व्यवसायों ने शुरुआती डील्स, मुफ्त और तेज शिपिंग का लाभ उठाने के लिए नामांकन किया। अमेजन बिजनेस ने प्राइम डे के दौरान बल्क ऑर्डर में करीब 7 गुना वृद्धि देखी, जिसमें टॉप श्रेणियों जैसे टेलीविजन (13 गुना), रोबोटिक वैक्यूम क्लीनर (8 गुना), टैबलेट (9 गुना), प्रिंटर (7.5गुना से ज्यादा) और लैपटॉप (5 गुना) शामिल थे।

### विद्यार्थी परिषद के पूर्व सह जिला प्रमुख को मातृ शोक

**बिलारी।** नगर निवासी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व सह जिला प्रमुख महेंद्र सिंह चौहान की माता का लंबी बीमारी के बाद आज निधन हो गया वह 90 वर्ष की थी और अपने पीछे हस्ता खेलता परिवार छोड़कर गई है खबर सुनकर भारतीय जनता पार्टी व अन्य सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने उनके घर पर जाकर शोक संवेदना व्यक्त की इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष विकास गुप्ता धर्मेंद्र गांधी मनोज राहुल जैन एसपी कंडेरा लवली यादव वीरपाल सिंह कोरी नीरज सक्सेना डॉ मदन बंसल चंद्रभान सिंह भारत सिंह यादव आदि लोग उपस्थित रहे जबकि विश्व हिंदू परिषद की ओर से नगर अध्यक्ष रजनीश गर्ग सुरेंद्र शर्मा अनूप सिंह विजय सक्सेना परमेश्वरी नाथ गोस्वामी आदि कार्यकर्ता शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे।

### जिनसकिसार कर अध्यक्षता में कर करेत्तर व राजस्व संग्रह के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न




**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर करेत्तर एवं राजस्व संग्रह के सम्बन्ध में सभी एसडीएम और विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक में मनोरंजन कर और श्रम विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग न करने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देश दिए कि तहसील स्तर से संपादित होने वाले विभिन्न सरकारी कार्यों को समयबद्ध और पारदर्शी बनाने को लेकर गंभीरता दिखाएं। विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्रों को जारी करने से पूर्व नियमानुसार सत्यापन होना चाहिए। प्रमाण पत्रों को जारी करने के लिए निर्धारित पोर्टल की तहसीलदार और एसडीएम स्वयं मॉनिटरिंग करें और यह सुनिश्चित कराएं कि तय समय सीमा में प्रमाण पत्र जारी किए जाएं। कावड़ मार्गों पर संचालित शराब की दुकानों को ढकने के बारे में शासन के निर्देशों का सख्ती से पालन कराने के लिए जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिए और कहा कि आबकारी विभाग की टीमें लगातार सक्रिय रहें तथा कहीं से भी ओवररेटिंग की शिकायत न आए। ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले मेलों के बारे में फायर और सुरक्षा सहित प्रत्येक विभाग की अनुमति मिलने के बाद ही इन मेलों का आयोजन होना चाहिए क्योंकि भीड़ प्रबंधन, अग्निशमन, झूले एवं अन्य मनोरंजन के साधनों की मजबूती और आमजन की सुरक्षा सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। ओवरलोडिंग के संबंध में जिलाधिकारी ने एसडीएम, खान अधिकारी और एआरटीओ को कार्यवाही कराने के निर्देश दिए। जनपद में संचालित मंडियों में राजस्व वृद्धि के लिए संभावनाओं को लेकर उन्होंने सभी एसडीएम और मंडी सचिव से चर्चा की। उन्होंने मंडी सचिव को निर्देशित किया कि मुरादाबाद मंडी के आसपास अवैध अतिक्रमण चिन्हित कराकर हटवाएं और अराजक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करें। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिले में 15 उचित दर वितरण दुकानों का आवंटन होना है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि यथाशीघ्र सभी लंबित दुकानों का आवंटन हो जाए तथा आवंटन हेतु बैठक हेतु नियत तिथि के बारे में संबंधित एसडीएम को भी सूचित किया जाए। उन्होंने आबकारी, मनोरंजन, बिक्री एवं व्यापार कर, परिवहन, स्टाम्प सहित विभिन्न विभागों में राजस्व प्राप्तियों की मासिक प्रगति को लेकर समीक्षा की। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन श्री गुलाब चंद्र, एडीएम वित्त एवं राजस्व श्रीमती ममता मालवीय सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी गण मौजूद रहे।



## सम्पादकीय

मंगलवार, 22 जुलाई 2025

# न्याय की जीत

सोमवार को मुंबई उच्च न्यायालय से एक बड़ा फैसला आया। जिसमें 2006 में हुए मुंबई लोकल ट्रेन सिलसिलेवार बम विस्फोट मामले के सभी 12 आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया। इनमें पांच अभियुक्त वह थे, जिनको निचली अदालत से फांसी की सजा मिल चुकी थी। बाकी सात को आजीवन कारावास की सजा हुई थी। यह फैसला विशेष मौका अदालत ने सितम्बर 2015 में दिया था। जिन लोगों को मौत की सजा सुनाई गई थी, उनमें एक कामिल अंसारी भी था। जिसकी मौत नारको सेंटर जेल में बंद होने के दौरान कोरोना से मौत हो गई थी। यह फैसला हादसे के 19 साल बाद आया। यहां यह बताना भी जरूरी है कि यह घटना 11 जुलाई 2006 में तब हुई थी, जब शाम के व्यस्त समय में मुंबई के उप नगरीय रेलवे नेटवर्क ने पश्चिमी रेलवे की ट्रेनों को प्रथम श्रेणी के डिब्बों को निशाना बनाया गया था। हताहतों की संख्या बढ़ाने के लिए डिजाइन किए गए प्रेशर बमों ने 189 लोगों की जान ले गई थी और सात सौ से अधिक लोग घायल हुए थे।

इस पूरे मामले की जांच महाराष्ट्र के आतंक विरोधी दस्ते ने की थी और उसकी जांच में आतंकी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा और सीमी की संलिप्तता की बात सामने आई थी और 12 लोगों के खिलाफ आरोप तय किए गए थे। निचली अदालत के फैसले को मुंबई उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी और इस पूरे मामले की पैरवी आरोपियों की तरफ से महाराष्ट्र की जमीयत उलेमा कमेटी ने की थी। न्यायमूर्ति अनिल किलोर और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की विशेष पीठ ने इस मामले की सुनवाई की। निश्चित रूप से मुंबई उच्च न्यायालय के इस फैसले का जहां स्वागत हो रहा है, वहीं कुछ सवाल भी खड़े हो रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल तो यही है कि कोई भी समझ सकता है कि जो लोग 19 साल तक जेल में रहे, वे किस यातना से गुजर रहे होंगे। वह भी निर्दोष होते हुए। सुनवाई कर रही पीठ ने जिस तरह की टिप्पणी अपने फैसले में की है, वह भी जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है।

क्योंकि अदालत का कहना है कि विश्वास करना कठिन है कि आरोपियों ने अपराध किया था। पीठ ने अविश्वसीनय गवाहों, संदिग्ध पहचान परेड और यातना देकर इकबालिया बयान लेने के लिए भी जांच दल की आलोचना की। पीठ का साफ कहना है कि इस्तेमाल हुए बम के ब्योरे सहित दूसरे बुनियादी तथ्यों को स्थापित करने में एटीएस विफल रही है। यहां तक कि अपने फैसले में कहा कि जांच एजेंसी आरोपों की पुष्टि के लिए कोई भी ठोस सबूत पेश करने में विफल रही। निश्चित रूप से अदालत का यह फैसला महाराष्ट्र एटीएस के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं है और यह भी बताने के लिए काफी है कि हमारी जांच एजेंसियां बेहद संवेदनशील और महत्वपूर्ण मामले में भी किस तरह अपने काम को अंजाम देती हैं। अब एक सवाल तो यह भी पैदा होता है कि जो मुंबई सीरियल ब्लास्ट केस के आरोपी निर्दोष हो गए तो फिर असली आरोपी कौन हैं। इसका जवाब कौन देगा। शायद कोई नहीं। यह किसी विडंबना से कम नहीं है कि 19 वर्ष तक निर्दोष लोग आतंकवाद का कलंक लेकर जेल की सलाखों के पीछे रहे।

## विपक्ष का नेता हूं, बोलना मेरा अधिकार



विपक्ष का नेता होने के बावजूद उन्हें लोकसभा में बोलने नहीं दिया गया, रक्षा मंत्री और सरकार के अन्य लोगों को बोलने की इजाजत है, लेकिन विपक्षी नेताओं को बोलने नहीं दिया जा रहा, मैं विपक्ष का नेता हूं, बोलना मेरा अधिकार है, मुद्दे उठाना मेरा काम है, लेकिन वे मुझे बोलने नहीं दे रह, सरकार एक नया तरीका अपना रही है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदन से चले गए, अगर वे अनुमति दें तो चर्चा हो सकती है, लेकिन मुद्दा यह है कि संसदीय परंपरा कहती है कि अगर सरकार के नेताओं को बोलने की अनुमति है, तो हमें भी जगह दी जानी चाहिए, हम बोलना चाहते थे, लेकिन हमें अनुमति नहीं दी गई।

**-राहुल गांधी**
**नेता विपक्ष, लोकसभा**

# मुंबई ट्रेन ब्लास्टः 19 साल बाद बाइज्जत बरी

# कौन लौटाएगा 19 साल

अंग्रेजी की एक लोकप्रिय सूक्ति है जस्टिस डिलेड इज जस्टिस डिनाइड अर्थात न्याय में देरी, न्याय से वंचित होने के समान है आसान शब्दों में कहें तो न्याय में देरी न्याय नहीं अन्याय है। भारत में ऐसे दर्जनों उदाहरण है जहां अदालत से न्याय पाने के लिए नागरिकों ने लंबी लड़ाई लड़ी हैं।

बीती 21 जुलाई को मुंबई हाईकोर्ट से 19 साल बाद न्याय पाने वाले 12 तथाकथित आतंकी शायद इस सूक्ति को ना कह पाएं क्योंकि उन्होंने अपने आपको निर्दोष साबित करने के लिए लगभग दो दशक लंबी लड़ाई लड़ी, तब जाकर अदालत ने उन्हें दोषमुक्त किया। दरअसल 11 जुलाई 2006 को मुंबई की लोकल ट्रेनों में सीरियल ब्लास्ट हुए थे। ये ब्लास्ट सात जगह पर हुए जिसमें 209 लोगों की जानें गईं, जबकि 714 लोग घायल हुए थे। 19 साल बाद 21 जुलाई को आए बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले ने सभी आरोपितो को बरी कर दिया है। यहां यह उल्लेख जरूरी है कि एंटी टेररिज्म स्क्वैड (एटीएस) ने 20 जुलाई, 2006 से तीन अक्टूबर, 2006 के बीच आरोपितों को गिरफ्तार किया। उसी साल नवंबर में आरोपितों ने कोर्ट को लिखित में जानकारी दी कि उनसे जबरन इकबालिया बयान लिए गए। एटीएस की चार्जशीट में 30 आरोपी बनाए गए। इनमें से 13 की पहचान पाकिस्तानी नागरिकों के तौर पर हुई।

11 सितंबर 2015 को स्पेशल मकोका कोर्ट ने 13 आरोपितों में से 12 आरोपितों को दोषी माना और पांच को फांसी सात को उम्रकैद की सजा सुनाते हुए एक आरोपी को बरी कर दिया था। लेकिन मुंबई हाईकोर्ट ने मकोका कोर्ट का फैसला पलटे हुए तमाम आरोपितों को बरी कर दिया है। मुंबई हाईकोर्ट के हालिया फैसले ने एक बार फिर सुरक्षा जांच एजेंसियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या सुरक्षा एजंसियों में कार्यरत अधिकारी पूर्वाग्रह से ग्रस्त नहीं हैं? क्या यह इत्तेफाक है कि सुरक्षा एजंसियां जिन्हें इस तरह के बम ब्लास्ट का आरोपी बनाया, वो सब एक ही समुदाय के हैं। सुरक्षा एजंसियों द्वारा आरोपितों की गिरफ्तारी के वक्त एक जैसी ही कहानियां गढ़ीं गई हैं और वो कहानियां अदालत में न्याय की कसौटी पर खरी ही नहीं उतर पाईं। इस तरह की आतंकी घटना के बाद सुरक्षा एजंसियों ने कुछ उर्दू नामधारी संगठनों पर आरोप लगाया और फिर कुछ युवाओं को गिरफ्तार कर उनके तार पाकिस्तान से जोड़कर अपनी जिम्मेदारी अदा कर ली। इन तथाकथित आतंकियों के बरी होने की यह पहली घटना नहीं है, बल्कि आम नागरिकों को आतंकवाद के आरोप में



फंसाकर उनकी जिंदगी के बेशकीमती वक्त को बर्बाद करने का एक लंबा सिलसिला है, एक लंबा इतिहास है। यहां भारत के तीन राज्यों में हुई बम विस्फोट की तीन घटनाओं की उल्लेख जरूरी है। गुजरात के गांधीनगर स्थित अक्षरधाम मंदिर पर 2002 में हुए आतंकी हमले में 32 लोग मारे गए थे और 80 से ज्यादा घायल हुए थे।

इस हमले के बाद, छह लोगों को दोषी ठहराया गया था, जिनमें से चार ने 11 साल जेल में बिताए थे। सुप्रीम कोर्ट ने बाद में इन सभी को बरी कर दिया। इन्हीं में एक मुफ्ती अब्दुल कय्यूम थे, उन्होंने अपनी बेगुनाही पर ह11 साल सलाखों के पीछे नामी चर्चित पुस्तक भी लिखी। इस पुस्तक में उनके साथ हुई ज्यादती का उल्लेख है। 13 मई 2008 को जयपुर में आतंकी घटना घटी थी। बम ब्लास्ट की इस घटना में 73 लोगों की जान गई थी। इस मामले में निचली अदालत ने 20 सितंबर 2019 को सैफ, सैफुल रहमान, सरवर और सलमान को फांसी की सजा सुनाई थी, लेकिन 29 मार्च 2023 को राजस्थान हाईकोर्ट ने चारों आरोपितों को बरी कर दिया। ये तीन ऐसे मामले हैं, जिनमें निचली अदालतों ने आरोपितों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई थीं, लेकिन हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालतों के फैसलों को पलटते हुए दोषी ठहराए गए लोगों को बाइज्जत बरी किया है। यहां निचली अदालतों के इंसाफ करने की नीयत संदिग्ध नहीं लगती? आतंकवाद के ऐसे गंभीर मामलों में जिन आरोपितों को निचली अदालत दोषी ठहराती है, वही आरोपी हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में बाइज्जत बरी होते रहे हैं। बाइज्जत बरी। अदालत में इस एक लफ्ज को साबित करने के लिए सुरक्षा एजंसियों और मीडिया ट्रायल द्वारा आतंकवादी बनाए गए बेगुनाहों ने लंबा संघर्ष किया है। यहां अमेरीकी लेखक मैल्कम फीली द्वारा लिखी गई किताब द प्रोसेस इज द पनिशमेंट का उल्लेख प्रासंगिक है। द प्रोसेस इज द पनिशमेंट यानी न्यायिक प्रक्रिया ही सजा है। सोचिए। मुंबई ब्लास्ट के आरोपितों को खुद को बेकसूर साबित करने के लिए दो दशक लंबी लड़ाई लड़नी पड़ी है। जयपुर ब्लास्ट के आरोपितों को खुद को बेकसूर साबित करने के लिए 14 वर्ष लंबी कघनूनी लड़ाई लड़नी पड़ी है। अक्षरधाम मंदिर ब्लास्ट के आरो. पितों को खुद को बेकसूर साबित करने के लिए 11 साल लंबी कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ी है। ऐसे दर्जनों उदाहरण हैं, जब बेगुनाह होते हुए भी नागरिकों ने अपनी जिंदगी के बेशकीमती 10, 15, 20 यहां तक की 25 साल जेल की काल कोठरी में बिताए हैं। इन आरोपितों के बरी होने ने एक नहीं कई सवाल खड़े किए हैं। पहला सवाल यह कि ब्लास्ट के पीड़ितों को इंसाफ नहीं मिल पाया। दूसरा उस बम ब्लास्ट को करने के आरोप में अपने ही बेगुनाह नागरिकों की जिंदगी को जेल की काल कोठरी में तबाह करने का गुनाह जांच एजेंसियों ने अपने सर लिया है। तब सवाल यह है कि ब्लास्ट के असली गुनहगार कौन हैं? असली आतंकवादी कौन हैं, क्योंकि जिन्हें गुनहागार और आतंकी बताकर देश के सामने लाया गया, झूठी कहानियां गढ़-गढ़ कर जिनका मीडिया ट्रायल किया उन तथाकथित आतंकियों को तो अदालत बरी कर चुकी है। तब असल गुनहागर कौन हैं? यह सवाल सिर्फ मुंबई ट्रेन ब्लास्ट का ही नहीं, अक्षरधाम मंदिर ब्लास्ट का भी है कि गुनहगार कौन हैं? सिर्फ अक्षरधाम मंदिर ब्लास्ट ही नहीं बल्कि सवाल यह भी है कि जयपुर ब्लास्ट के गुनहगार कौन हैं? इसके अलावा दर्जनों ऐसी घटनाएं हैं, जिनके सभी आरोपी अदालत से बरी हुए हैं। मुंबई हाईकोर्ट के फैसले पर ओडिशा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रहे जस्टिस एस. मुरलीधर ने सुरक्षा एजेंसियों की कार्यशैली और नीयत दोनों पर ही गंभीर सवाल खड़े किए हैं। जस्टिस मुरलीधर ने कहा, इस मामले में जानबूझकर पक्षपातपूर्ण जांच की गई। बेगुनाह लोगों को जेल भेजा गया और जब वे वर्षों



**वसीम अकरम त्यागी**

बाद बाहर आते हैं, तो उनकी जिंदगी की पुनर्निर्माण की कोई संभावना नहीं बचती। ये 12 लोग 17 साल से सलाखों के पीछे थे। उनकी पूरी जवानी और जिंदगी का सबसे अहम हिस्सा खत्म हो चुका है। ऐसे मामलों में जहां जनभावनाएं उबलती हैं, वहां पुलिस अफसर गुमराह किए जाते हैं और फिर मीडिया ट्रायल के जरिए दोष तय कर दिए जाते हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंसें पहले होती हैं, सबूत बाद में ढूंढे जाते हैं। क्या किसी ने सोचा है कि आतंकवाद के मामलों में आरोपी बनाए गए लोग और उनके परिवार किस मानसिक प्रताड़ना से गुजरते हैं। परिवार तो छोड़िए रिश्तेदार और दोस्तों तक मीडिया ट्रायल होता है। आरोप लगते है जिस तरह मीडिया ने सूत्र का हवाला देकर कैसी कैसी कहानियां बनाई हैं, उससे तो सभी वाकिफ हैं। अब मीडिया की नैतिकता पर भी सवाल है। जिन एंकर्स जिन चैनल्स, अखबारात ने अदालत के फैसले से पहले ही इन बेगुनाहों को आतंकी कहकर लिखकर प्रचारित प्रसारित किया था, क्या अदालत के फैसले के बाद वो अपने उस गुनाह की नैतिक जिम्मेदारी लेकर इन बेगुनाहों से माफी मांगेंगे? निर्दोष साबित होने तक दोषी मानने की धारणा ने कितने ही बेगुनाहों से उनके अपनों को दूर किया है। अदालत को ऐसे मामलों में सिर्फ मुकम्मल इंसाफ देना चाहिए, जिन अफसरों ने नागरिकों को झूठे इलजाम में फंसाया है, उन्हें सजा भी देनी चाहिए और जिन नागिरकों ने बेकसूर होते हुए भी जेल काटी है, उन्हें इसका मुआवजा मिलना चाहिए, मुआवजा की यह रकम उन्हें फंसाने वाले अधिकारियों से वसूल करनी चाहिए।

(लेखक पत्रकारिता से जुड़े हैं, ये उनके निजी विचार हैं)

# भारत की एकता, साहस व आकांक्षाओं का प्रतीक तिरंगा



**श्वेता गोयल**

विश्व में प्रत्येक राष्ट्र का अपना-अपना राष्ट्रीय ध्वज है। राष्ट्रीय ध्वज ही उसकी मर्यादा और अस्मिता से जुड़ा होता है, लेकिन इस मायने में हमारा राष्ट्र ध्वज तिरंगा अन्य राष्ट्र ध्वजों के मुकाबले अनेक विशेषताएं धारण किए हुए है। चूंकि अंग्रेजों से भारत की मिली आजादी के चंद दिन पहले ही 22 जुलाई 1947 को संविधान सभा ने वर्तमान भारतीय तिरंगे को देश के आधिकारिक ध्वज के रूप में अपनाया था, इसीलिए भारत में प्रतिवर्ष 22 जुलाई को राष्ट्रीय ध्वज दिवस मनाया जाता है।

आधिकारिक रूप में तिरंगे को अपनाने के बाद से यह देश की एकता, साहस और आकांक्षाओं का प्रतीक बन गया। राष्ट्रीय ध्वज दिवस भारत की सम्प्रभु राष्ट्र बनने की यात्रा का स्मरण कराता है। तिरंगा भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, स्वतंत्रता के लिए इसके कठिन संघर्ष और एकजुट एवं समृद्ध राष्ट्र के लिए अपने लोगों की आकांक्षाओं का प्रतीक है। हमारा राष्ट्र ध्वज न केवल राष्ट्र की एकता, अखंडता, गरिमा, गौरव, शक्ति, आदर्श और आकांक्षाओं का प्रतीक है बल्कि समूचे विश्व को त्याग की भावना एवं शाति का संदेश भी देता है। यह हमारी स्वतंत्रता का भी प्रतीक है क्योंकि आजादी की लड़ाई में क्रांतिकारियों को एकजुट करने में इसकी बहुत अहम भूमिका रही।

तिरंगे ने ही भारतवासियों को एकता और भाईचारे का संदेश देकर उन्हें एक सूत्र में पिरोकर अंग्रेजों से लोहा लेने को प्रेरित किया था। तब क्रांतिकारियों के लिए राष्ट्र ध्वज का सम्मान अपने प्राणों से भी बढ़कर होता था, इसीलिए अंग्रेजों की लाठियां व गोलियां खाते हुए भी उन्होंने इसे कभी झुकने नहीं दिया। तीन रंगों की पट्टियों वाले राष्ट्रीय ध्वज की सबसे ऊपर की केसरिया रंग की पट्टी त्याग, बल और पौरूष की प्रतीक है जबकि बीच वाली सफेद पट्टी शांति और सत्य की प्रतीक है और सबसे नीचे की हरे रंग की पट्टी हरियाली, समृद्धि एवं सम्पन्नता की प्रतीक है। झंडे के बीचों-बीच सफेद पट्टी में स्थित गहरे नीले रंग का अशोक चक्र आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।

24 तीलियों वाला अशोक चक्र देश की प्रगति, राष्ट्र के कानून और धर्म के पहिए का प्रतीक है। डा। सर्वपल्ली राधकृष्णन के शब्दों में कहें तो जो लोग इस ध्वज के नीचे कार्य करेंगे, उन्हें सत्य और सदाचार के सिद्धांतों का पालन करना होगा। राष्ट्र ध्वज के नीचे कार्य करने वालों से उनका तात्पर्य सरकारों और नौकरशाहों से था। राष्ट्र कोकिला सरोजिनी नायडू ने भी राष्ट्र ध्वज की महत्ता का उल्लेख करते हुए संविधान सभा में राष्ट्र ध्वज का प्रस्ताव पेश करते समय 22 जुलाई 1947 को कहा था कि नए भारत के सभी नागरिकों को इस राष्ट्र ध्वज को प्रणाम करना होगा और इसके नीचे कोई छोटा-बड़ा नहीं होगा।

राष्ट्र ध्वज का सफर 7 अगस्त 1906 को आरंभ हुआ था। हरे, पीले और लाल रंग की तीन पट्टियों से बना यह राष्ट्रीय ध्वज कलकत्ता के पारसी बागान में फहराया गया था। उस ध्वज पर ऊपर की हरी पट्टी पर एक ही पंक्ति में सफेद रंग के आठ कमल अंकित थे जबकि बीच वाली पीली पट्टी पर देवनागरी में गहरे नीले रंग से वंदेमातरम् लिखा था और नीचे की लाल पट्टी पर बाईं ओर एक सफेद सूर्य और दाईं ओर एक-एक सफेद चन्द्रमा और तारा अंकित थे। 'भारत का झंडा' नामक यह ध्वज हालांकि भारत के सभी धर्मों, सम्प्रदायों और साम्प्रदायिक सद्भावना को मद्देनजर रखते हुए तैयार किया गया था लेकिन यह ध्वज सर्वमान्य नहीं हो पाया। 1917 में डा. एनी बेसेंट और लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक द्वारा 'होमरूल आन्दोलन' चलाया गया था। उस समय एक नया राष्ट्रीय ध्वज तैयार किया गया, जिसमें लाल और हरे रंग की एक के बाद एक कुल 9 समानान्तर और तिरछी पट्टियां थी। उस ध्वज के बीचों-बीच 7 तारे थे और एक कोने में चांद व तारा अंकित थे जबकि उसके ऊपरी बाएं कोने में 'यूनियन जैक' का चित्र (झंडे का चौथाई भाग) बनाया गया था। झंडे में यूनियन जैक के इस चित्र को सम्मिलित किए जाने के कारण ही यह अधिकांश लोगों द्वारा नापसंद कर दिया गया

तब एक ऐसे ध्वज की आवश्यकता महसूस की गई, जो प्रत्एक धर्म, सम्प्रदाय और विच. ारधाराओं के लोगों का प्रतिनिधित्व करने के साथ देशवासियों के लिए जीवन-मरण का प्रतीक भी बन सके। 1921 में विजयवाड़ा में कांग्रेस के अधिवेशन में आंध्र प्रदेश के पिंगली वैंकैया नामक क्रांतिकारी युवक ने महात्मा गांधी को एक ऐसा ध्वज भेंट किया, जिसमें लाल व हरे रंग की केवल दो पट्टियां थी लेकिन पंजाब के एक बुजुर्ग नेता रायजादा पंडित हंसराज ने गांधी जी को सुझाव दिया कि इस ध्वज में चरखे को भी अंकित किया जाए और तब गांधी जी ने यह सुझाव स्वीकारते हुए हिन्दुओं के लिए केसरिया रंग, मुस्लिमों के लिए हरा रंग तथा अन्य सम्प्रदायों के लिए ध्वज में सफेद रंग को भी शामिल किया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# कैराना सांसद इकरा हसन सद्भाव व सेवा की नई मिसाल

देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और महिला सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली एक बेहद दुर्भाग्यपूर्ण घटना सामने आई है। कैराना लोकसभा क्षेत्र की सांसद इकरा हसन के खिलाफ की गई आपत्तिजनक और अशोभनीय टिप्पणी न केवल एक जनप्रति. निधि का अपमान है, बल्कि यह देश की समस्त महिलाओं के सम्मान पर सीधा प्रहार है।

जिस तरह से राजनीतिक विरोध की आड़ में महिला सांसद को निशाना बनाया गया है, वह भारत जैसे संवैधानिक लोकतंत्र में किसी भी दृष्टि से स्वीकार्य नहीं हो सकता। लोकतंत्र में मतभेद की गुंजाइश हमेशा रहती है परंतु किसी के विरुद्ध इस प्रकार की भाषा का प्रयोग, विशेषकर एक महिला नेता के लिए, हमारे समाज की गिरती राजनीतिक मर्यादा का प्रतीक है। इकरा हसन एक शिक्षित, सक्रिय और जनसरोकारों से जुड़ी हुई सांसद हैं, जो लगातार अपने क्षेत्र और देशहित में कार्य कर रही हैं। उनके विरुद्ध की गई टिप्पणी यह दर्शाती है कि कुछ तत्व सांप्रदायिकता को बढ़ावा देकर अपनी रोटियां सेकने और सस्ती लोकप्रियता को हासिल की होड़ में लगे है,जो समाज के लिए हानिकारक है। ऐसे सोच रखने वाले व्यक्तियों को समाज के लोगों को आगे आकर लोकतांत्रिक रूप से विरोध करना चाहिए।

हम इस अभद्र और दुर्भावनापूर्ण टिप्पणी की घोर निंदा करते हैं और संबंधित व्यक्तियों से तत्काल माफी की मांग करते हैं। साथ ही प्रशासन से अपेक्षा करते हैं कि वह ऐसे मामलों को गंभीरता से लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करे, ताकि भविष्य में किसी भी जनप्रतिनिधि, विशेषकर महिला नेताओं को इस प्रकार की अपमानजनक स्थिति का सामना न करना पड़े।

आज जरूरत इस बात की है कि हम राजनीति में भाषा की मर्यादा बनाए रखें और महिलाओं के सम्मान की रक्षा करें। इकरा हसन पर की गई टिप्पणी न केवल उनके व्यक्तिगत सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली है, बल्कि यह पूरे देश की महिलाओं के आत्मसम्मान के विरुद्ध है। आज कल पूरे देश में सांसद इकरा चौधरी के साथ एडीएम द्वारा किए गए दुर्व्यवहार को लेकर माहौल गरमाया हुआ है, जबकि सांसद महोदया के साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर प्रदेश के नेताओं ने मोर्चा संभालते हुए इकरा चौधरी का समर्थन किया है।

उत्तर प्रदेश की कैराना लोकसभा सीट, जो कभी सामाजिक तनाव और राजनीतिक उथल-पुथल के लिए चर्चा में रही, आज एक नई पहचान बना रही है। इस बदलाव की प्रेरणा हैं समाजवादी पार्टी की युवा सांसद इकरा चौधरी, जिन्होंने अपनी शिक्षा, संवेदनशील नेतृत्व, और जनसेवा के प्रति समर्पण से न केवल कैराना को नई दिशा दी है, बल्कि भारतीय राजनीति में एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व के रूप में अपनी जगह बनाई है। उनकी सादगी, सर्वधर्म समभाव, और जमीन से जुड़ा दृष्टिकोण उन्हें न केवल कैराना की जनता की पसंदीदा नेता बनाता है, बल्कि देशभर में एक नई उम्मीद का प्रतीक भी बनाता है।

26 अगस्त 1994 को जन्मी इकरा चौधरी एक प्रतिष्ठित राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके दादा स्वर्गीय अख्तर हसन ओर पिता, स्वर्गीय



चौधरी मुन्नवर हसन, और माता, बेगम तबस्सुम हसन, सांसद रह चुके हैं, लेकिन इकरा चौधरी ने अपनी पहचान केवल इस विरासत के सहारे नहीं बनाई। बल्कि उनकी शैक्षिक उपलब्धियां और विचारशीलता ने उन्हें एक विशिष्ट नेता के रूप में स्थापित किया है।

इकरा चौधरी ने दिल्ली विश्वविद्यालय के लेडी राम कॉलेज से स्नातक की डिग्री हासिल की, जो देश के शीर्ष शिक्षण संस्थानों में से एक है। इसके बाद उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन से अंतर्राष्ट्रीय कानून और राजनीति में मास्टर डिग्री प्राप्त की। उनकी यह शैक्षिक पृष्ठभूमि उनके भाषणों, संसदीय चर्चाओं, और नीतिगत दृष्टिकोण में स्पष्ट रूप से झलकती है वे शिक्षा को केवल व्यक्तिगत विकास का साधन नहीं मानतीं, बल्कि इसे सामाजिक उत्थान और समावेशी विकास का आधार मानती हैं। यही कारण है कि वे अपने क्षेत्र में शिक्षा के प्रसार को प्राथमिकता देती हैं, विशेषकर महिलाओं और वंचित वर्गों के लिए। उनकी यह सोच उनके द्वारा उठाए गए शिक्षा से संबंधित मुद्दों में स्पष्ट दिखती है, जैसे कैराना में महिला डिग्री कॉलेज की स्थापना और अल्पसंख्यक व दलित छात्रों के लिए तकनीकी शिक्षा संस्थानों की मांग। 2024 के लोकसभा चुनाव में इकरा चौधरी ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी प्रदीप चौधरी को लगभग 69,000 वोटों के अंतर से पराजित किया। यह जीत केवल एक राजनी. तिक सफलता नहीं थी, बल्कि यह उनकी जनता से गहरे जुड़ाव, उनकी सादगी, और हर वर्ग के साथ संवाद करने की कला की जीत थी। चुनाव प्रचार के दौरान इकरा चौधरी ने बड़े-बड़े वादों के बजाय जनता की वास्तविक समस्याओं को समझने और उनके समाधान का भरोसा दिलाने पर ध्यान दिया। उन्होंने कैराना, गंगोह, नकुड़, थानाभवन और शामली विधानसभाओं के क्षेत्रों में पैदल यात्राएं कीं, गांव-गांव जाकर लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को न केवल सुना, बल्कि उन्हें हल करने के लिए ठोस योजनाएं भी बनाईं। उनकी यह शैली, जिसमें वे हर समुदाय चाहे वह मुस्लिम, हिंदू, सिख, दलित, या पिछड़ा हो के साथ सहजता से संवाद करती थीं, जिसने उन्हें जनता का चहेता बना दिया। उनके प्रचार का एक



**मौ. आसिफ कुरैशी**

अनोखा पहलू यह भी था उनकी सुलभता। वे न तो बड़े काफिलों के साथ चलीं और न ही अनावश्यक प्रचार पर ध्यान दिया। उनकी सभाओं में लोग उनकी सादगी और स्पष्टता से प्रभावित होते थे। मीडिया को एक स्थानीय निवासी ने कहा, था इकरा जी हमें अपनी बेटी जैसी लगती हैं। वे हमारी बात सुनती हैं और उसे संसद तक ले जाती हैं। जो क्षेत्र में उनकी बड़ी पहचान बनी हुई है। वो अपनी लोकसभा की पांचों विधानसभाओं में जनता दरबार लगाती रहती है,ओर लोकसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका प्राथमिकता से निस्तारण कराती है। सांसद बनने के बाद इकरा चौधरी ने संसद में अपनी सक्रियता और स्पष्टवादिता से सभी का ध्यान आकर्षित किया है। उनकी संसदीय कार्यशैली में एक अनुशासित और तथ्यपरक दृष्टिकोण दिखता है, जो उनकी शैक्षिक पृष्ठभूमि और जनता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिणाम है। वे न केवल अपने क्षेत्र की समस्याओं को मजबूती से उठाती हैं, बल्कि राष्ट्रीय मुद्दों पर भी अपनी राय रखने में पीछे नहीं रहतीं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

### सीरिया पर हमले से अमेरिका गुस्साया

# व्हाइट हाउस ने नेतन्याहू को बताया 'पागल'

**वाशिंगटन।** इजरायल के सीरिया पर हमले से ट्रम्प नाराज हैं। एक्सियोस की एक रिपोर्ट के मुताबिक व्हाइट हाउस, इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के बर्ताव पर नाखुशी जाहिर की है। व्हाइट हाउस के अधिकारियों ने नेतन्याहू को 'पागल' और 'ऐसा बच्चा जो सही व्यवहार नहीं करता' तक कह दिया है। व्हाइट हाउस का मानना है कि नेतन्याहू बेकाबू हो गए हैं और इस तरह काम कर रहे हैं, जैसे उनके पीछे कोई राजनीतिक एजेंडा हो। एक वरिष्ठ अधिकारी ने एक्सियोस को बताया कि नेतन्याहू पागलों जैसी हरकतें कर रहे हैं। वह हर जगह बम गिरा रहे हैं।

इससे ट्रम्प की शांति कायम करने की कोशिशें कमजोर हो रही हैं। इजरायल ने सीरिया के ड्रूज (शिया) बहुल शहर स्वेदा में सीरियाई सेना के टैंकों पर हमला किया था, क्योंकि वहां स्थानीय सरकार पर नागरिकों की हत्या के आरोप लगे थे। इसके बाद इजरायल ने बुधवार को राजधानी दमिश्क पर भी हमला किया और कई इमारतों को निशाना बनाया। इजरायल ने 16 जुलाई को सीरिया की राजधानी दमिश्क में कई इमारतों पर हमला किया। अमेरिका, गाजा के चर्च पर हमले से भी नाराज इससे पहले गाजा में इजरायली टैंक की बमबारी में एकमात्र कैथोलिक चर्च पर हमला हुआ था, जिसमें तीन लोगों की मौत हुई थी। इजरायली सेना ने इसे 'गलती' बताया, लेकिन अमेरिकी प्रशासन में इससे गुस्सा फैल गया। एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि हर दिन कुछ नया हो रहा है। ये सब क्या बकवास है? रिपोर्ट में कहा गया है कि सीरिया पर इजरायली हमला ट्रम्प प्रशासन के लिए पूरी तरह 'चौंकाने वाला' था। एक अन्य अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि गाजा के चर्च पर हुए हमले के बाद ट्रम्प ने नेतन्याहू को फोन कर जवाब मांगा। हालांकि राष्ट्रपति ट्रम्प ने इस चर्च हमले पर कोई सार्वजनिक बयान नहीं दिया, लेकिन उन्होंने नेतन्याहू को फोन किया और नाराजगी जताई। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री को इस हमले पर माफी मांगनी चाहिए, जिसके बाद नेतन्याहू ने एक बयान जारी किया। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि इस घटना पर ट्रम्प खुश नहीं हैं। सीरिया पर हमला व्हाइट हाउस के लिए इसलिए भी समस्या बन गया क्योंकि ट्रम्प उस देश में शांति लाना चाहते हैं और वहां पुनर्निर्माण के लिए अमेरिका की बड़ी भूमिका की घोषणा भी कर चुके हैं।



- इजरायली प्रधानमंत्री की हरकतों से ट्रम्प की शांति कायम करने की कोशिशें कमजोर हो रही हैं
- इजरायल ने सीरिया के ड्रूज ( शिया ) बहुल शहर स्वेदा में सीरियाई सेना के टैंकों पर हमला किया था
- इजरायल ने बुधवार को राजधानी दमिश्क पर भी हमला किया था

## इजरायली पीएम नेतन्याहू को फूड प्वाइजनिंग, 3 दिन वर्क फ्रॉम करेंगे

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को फूड पाइजनिंग और शरीर में पानी की कमी यानी डिहाइड्रेशन की वजह से तबीयत खराब हो गई है। पीएमओ ने इसकी जानकारी दी। इसमें बताया गया है कि पीएम की हालत अब स्थिर है। नेतन्याहू अब 3 दिन घर पर रहकर ही आराम करेंगे। इस दौरान वे वर्क फ्राम होम यानी कि घर से ही अपना कामकाज संभालेंगे। नेतन्याहू रविवार सुबह होने वाली अपनी साप्ताहिक कैबिनेट बैठक में नहीं पहुंचे थे। इसके बाद से ही उनके स्वास्थ्य को लेकर सवाल उठने लगे। द टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के मुताबिक, पीएमओ ने बताया कि नेतन्याहू की शनिवार रात ही तबीयत खराब लगने लगी थी। इसके बाद डाक्टर ने उनके घर पर पहुंचकर जांच की। डाक्टरों ने बताया कि नेतन्याहू को खाने की वजह से आंतों में सूजन हो गई थी।



नई दिल्ली। संसद भवन स्थित सीपीपी कार्यालय में उनके जन्मदिन समारोह के दौरान पार्टी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को बधाई देते पार्टी नेता।

## ईरान ने प्रतिबंध लगाए जाने के मामले में दी चेतावनी

**तेहरान।** ईरानी विदेश मंत्री सईद अब्बास अरागची ने कहा है कि उनके देश पर प्रतिबंध लगाने के मामले में ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी (ई3) देशों को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की विश्वसनीयता को कम नहीं करना चाहिए। उन्होंने रविवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ई3 देशों के पास 2015 के परमाणु समझौते के प्रावधानों या यूएनएससी प्रस्ताव 2231 को लागू करने के लिए 'कानूनी, राजनीतिक और नैतिक आधार' का अभाव है। यह आधार ही ईरान के समझौते का पालन न करने पर उस पर फिर से अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंध लगाने की अनुमति देता है। उन्होंने कहा कि 2018 में अमेरिका के संयुक्त व्यापक कार्य योजना से हटने के बाद, ईरान ने सुधारात्मक उपाय करने से पहले विवाद समाधान तंत्र का उपयोग किया, जबकि ई3 अपनी प्रतिबद्धताओं का पालन करने में विफल रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### सीरिया के सुवैदा में विरोधी गुटों में फिर हुई झड़पें

**दमिश्क।** दक्षिणी सीरिया के सुवैदा प्रांत के ग्रामीण इलाकों में रविवार को द्रूज समुदाय के लड़ाकों और अंतरिम सरकार समर्थित बद्दू आदिवासियों के बीच भीषण झड़पें हुईं, जिससे क्षेत्र में युद्धविराम की नाजुक स्थिति और भी खतरे में पड़ गई है। ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्ज़र्वेटरी फ़ॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि द्रूज आबादी वाले इलाकों पर धावा बोलने की तैयारी के संकेतों के बीच, बुस्तान, दामा और नज़रान गांवों में आदिवासी लड़ाकों की ओर से बड़ी संख्या में बंदूकधारी इकट्ठा हो गए हैं।

### रूस में बस हादसे में 14 लोगों की मौत

**व्लादिवोस्तोक।** रूस के साखा राज्य में सोमवार तड़के एक बस के खाई में गिर जाने से 14 लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। राज्य के गृह विभाग की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि दुर्घटना स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 3:20 बजे डेनिसोव्स्की माइनिंग एंड प्रोसेसिंग प्लांट द्वारा संचालित एक सड़क पर हुई। इस बस में 30 से अधिक लोग सवार थे और यह सड़क से उतर कर नीचे 25 मीटर खाई में गिर गई।

### रूस शर्तों के साथ यूक्रेन से बातचीत को तैयार

**मॉस्को।** रूसी संसद क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने रविवार को कहा कि यूक्रेन से समझौते की दिशा में रूस तेज़ी से आगे बढ़ने के लिए तैयार है, लेकिन इस समझौते में लक्ष्यों को हासिल करने की बात होनी चाहिए। पेसकोव ने सरकारी टेलीविजन को दिए साक्षात्कार में कहा कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बार-बार यूक्रेनी समझौते को जल्द से जल्द शांतिपूर्ण निष्कर्ष पर पहुंचाने की अपनी इच्छा व्यक्त की है। यह एक लंबी प्रक्रिया है, इसके लिए प्रयास की आवश्यकता है, और यह आसान नहीं है।

### पोलैंड की वायु सेना अलर्ट पर

**मॉस्को।** पोलैंड ने यूक्रेन में कथित रूसी गतिविधियों के बीच अपनी और सहयोगी वायु सेनाओं को सक्रिय कर दिया है। पोलिश सशस्त्र बल परिचालन कमान ने कहा है कि उनके देश और सहयोगी वायु सेनाओं ने अभियान शुरू कर दिया है और वायु रक्षा और रडार टोही प्रणालियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

# ट्रम्प ने ओबामा की गिरफ्तारी का AI वीडियो किया शेयर

## एफबीआई ने कॉलर पकड़कर गिराया

- हथकड़ी लगाई, पास में बैठे मुस्कुराते दिखे अमेरिकी प्रेसिडेंट
- वीडियो के अंत में ओबामा जेल की पोशाक में एक सेल के अंदर नजर आए

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की गिरफ्तारी का एआई से बना वीडियो पोस्ट किया है। इस वायरल वीडियो में दिखाया गया है कि बराक ओबामा को एफबीआई एजेंट व्हाइट हाउस के ओवल आफिस में गिरफ्तार कर रहे हैं।

वीडियो में ओबामा को ट्रम्प के पास बैठे दिखाया गया है। इसके बाद 3 एजेंट्स आते हैं। एजेंट्स ओबामा का कालर पकड़कर उन्हें धक्का देकर नीचे गिरा देते हैं और उनके हाथों में हथकड़ियां लगाते हैं। पास में ही बैठे ट्रम्प यह सब देखकर मुस्कुरा रहे हैं। वीडियो के अंत में ओबामा जेल की पोशाक में एक सेल के अंदर नजर आते हैं। वीडियो की शुरुआत ओबामा के एक पुराने बयान से होती है, जिसमें वे कहते हैं कि कोई भी, खासकर राष्ट्रपति भी कानून से ऊपर नहीं है। इसके बाद कई डेमोक्रेटिक नेताओं की क्लिप जोड़ी गई है, जिनमें जो बाइडेन भी शामिल हैं, जो दो. हराते हैं कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। इस वीडियो को लेकर ट्रम्प की ओर से कोई सफाई नहीं दी गई है कि यह वीडियो फर्जी है। उन्होंने यह नहीं बताया कि यह सिर्फ एक काल्पनिक दृश्य है। इस वीडियो की वजह से ट्रम्प की खूब आलोचना हो रही है। कई लोगों ने इसे 'उकसाने वाला' बताया और कहा कि एक राष्ट्रपति का इस तरह के फर्जी वीडियो शेयर करना लोकतंत्र के लिए खतरनाक हो सकता है। कुछ का यह भी कहना है कि यह एपस्टीन केस से ध्यान भटकाने की कोशिश है। ट्रम्प ने कुछ हफ्ते पहले ही ओबामा पर प्रशासन पर 2016 के चुनाव में उनके खिलाफ चुनावी धोखाधड़ी की साजिश रचने का आरोप लगाया था। इससे पहले अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने भी ट्रम्प पर 2016 के चुनाव में गड़बड़ी का आरोप लगाया। गबार्ड ने कहा कि ओबा. मा और उनके प्रशासन के कई सीनियर अधिकारियों ने मिलकर एक देशद्रोही साजिश रची थी। इनका मकसद यह साबित करना था कि ट्रम्प की 2016 की राष्ट्रपति चुनाव में जीत रूस की मदद से हुई थी।

### बांग्लादेश एयरफोर्स का विमान ढाका में स्कूल पर गिरा

# पायलट समेत 19 की मौत, 164 घायल


**ढाका।** बांग्लादेश की वायुसेना का ट्रेनर विमान सोमवार को ढाका के स्कूल पर गिर गया। एपी की रिपोर्ट के मुताबिक हादसे में 19 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में 16 छात्र, दो शिक्षक और एक पायलट शामिल हैं।

हादसे में 164 से ज्यादा लोग घायल हैं। 60 से ज्यादा घायलों को बर्न इंस्टीट्यूट रेफर कर दिया गया है। मामूली रूप से घायल कई लोगों का उत्तरा मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। घायलों को हाथ ठेले पर अस्पताल ले जाने का एक वीडियो भी सामने आया है।

कई घायल बच्चों को हेलीकॉप्टर से अस्पताल पहुंचाया गया। सरकार ने एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। हादसे के समय स्कूल में क्लासेस चल रही थीं और सैकड़ों छात्र वहां मौजूद थे। बांग्लादेशी सेना ने वायुसेना का एफ-7 बीजीआई विमान के क्रैश होने की पुष्टि की है। यह विमान चीन में बना था। हादसे के बाद बांग्लादेशी सेना स्कूल कैंपस में तैनात है।

सेना राहत और बचाव कार्य में भी जुटी है। अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने इस घटना पर दुख जताया है। उन्होंने एक फेसबुक पोस्ट में लिखा इस विमान हादसे में वायुसेना के सदस्य, माइलस्टोन स्कूल एंड कॉलेज के छात्र, अभिभावक, शिक्षक और कर्मचारी सहित जिन लोगों को नुकसान हुआ है, वह अपूरणीय है।

यह देश के लिए एक बेहद दुखद क्षण है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं, यूनुस ने स्थिति को संभालने के लिए अस्पतालों और अधिका. रियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने घायलों की हर संभव मदद करने और हादसे की जांच कराने की बात भी कही। दूसरी तरफ फायर सर्विस ने बताया है कि यह घटना दोपहर 1:18 बजे हुई और उनके यूनिट 1:22 बजे मौके पर पहुंच गए। राहत और बचाव कार्य में उत्तरा, टोंगी, पल्लबी, कुर्मिटोला, मीरपुर और पूर्वाचल के आठ फायर स्टेशन के दल शामिल हैं।




# काबुल में बुर्का न पहनने पर दस महिलाएं गिरफ्तार

**काबुल।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में पुलिस ने दस से अधिक ऐसी युवतियों को गिरफ्तार किया है जिन्होंने बुर्का या हिजाब पहनने संबंधी नियमों का कथित तौर पर पालन नहीं किया था।

अफगानिस्तान इंटरनेशनल मीडिया ने रविवार को बताया ये गिरफ्तारियां कथित तौर पर बीते दो दिनों में काबुल के इलाकों में हुईं। महिलाओं को रेस्टोरेंट, सड़कों और बाजारों से उठाकर अज्ञात जगह ले जाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि नैतिकता कानून संबंधी ये पुलिस अधिकारी पुरुष थे और उन्होंने लड़कियों के साथ मारपीट भी की। रिपोर्ट में कहा गया है कि महिलाओं को बिना किसी स्पष्टीकरण के ले जाया गया, उनमें से कुछ को पुलिस की गाड़ियों में जबरन बिठाने से पहले पीटा गया। इन पर इस्लामी तरीके का हिजाब या हिजाब से संबंधित ड्रेस कोड का उल्लंघन करने का आरोप है। इसके अलावा मध्य और पश्चिमी काबुल में रविवार को लगभग 100 महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। इन सभी को बाज़ार, सड़कों और यहां तक कि अस्पताल से भी उठा लिया गया। अफगानिस्तान इंटरनेशनल ने कहा कि अधिकारियों ने अभी तक गिरफ्तारियों के बारे में कोई बयान जारी नहीं किया है। अफगानिस्तान में कार्यरत संयुक्त राष्ट्र मिशन ने तालिबान अधिकारियों के लड़कियों को मनमाने ढंग से गिरफ़्तार करने और हिरासत में लेने को लेकर चिंता जताई है। गौरतलब है कि अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) इस साल जुलाई में अफगानिस्तान में महिलाओं से दुर्व्यवहार के आरा. ेप में दो शीर्ष तालिबान नेताओं के खिलाफ़ गिरफ्तारी वारंट जारी कर चुकी है। आईसीसी न्यायाधीशों ने कहा था कि तालिबान के सर्वोच्च नेता हैबतुल्लाह अखुनज़ादा और मुख्य न्यायाधीश अब्दुल हकीम हक्कानी पर लैंगिक उत्पीड़न का संदेह करने के 'उचित आधार' मौजूद हैं। आईसीसी न्यायाधीशों ने कहा कि तालि. बान ने महिलाओं को शिक्षा, निजता, पारिवारिक जीवन के अधिकारों से 'गंभीर रूप से वंचित' किया है।



## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के छह महीने पूरे

**वाशिंगटन।** 20 जनवरी 2025 को अमेरिका के राष्ट्रपति बने डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को अपने कार्यकाल के 6 महीने पूरे कर लिए। चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने वादा किया था कि वे गाजा और यूक्रेन युद्ध को '24 घंटे में खत्म' करा देंगे, लेकिन अब तक न तो रूस-यूक्रेन युद्ध थमा है और न ही गाजा पट्टी में इजरायल-हमास संघर्ष। यूक्रेन में अब भी लड़ाई जारी है, जबकि गाजा में अभी तक 58 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। राष्ट्रपति बनने के बाद पहले छह महीनों में ट्रम्प का मुख्य फोकस वैश्विक व्यापार नीति पर रहा। उन्होंने चीन पर 60 प्रतिशत टैरिफ, वियतनाम पर 25 प्रतिशत, और यूरोपीय कारों पर 40 प्रतिशत टैक्स लगाया।

# जापान में पीएम इशिबा की पार्टी ऊपरी सदन में हारी

- 1955 के बाद पहली बार दोनों सदनों में बहुमत नहीं पीएम पर इस्तीफे का दबाव

**टोक्यो।** जापान में प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी और उसके सहयोगी दल ने देश के ऊपरी सदन में अपना बहुमत खो दिया है। हालांकि उन्होंने साफ कर दिया है कि वो प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगे।

जापानी संसद के उच्च सदन में कुल 248 सीटें हैं। इशिबा के गठबंधन के पास पहले से 75 सीटें थीं। बहुमत बनाए रखने के लिए उन्हें इस चुनाव में कम से कम 50 नई सीटों की जरूरत थी, लेकिन उन्हें केवल 47 सीटें ही मिल पाईं। इनमें से अकेले एलडीपी को 39 सीटें मिली हैं। एक सीट का नतीजा अभी आना बाकी है। यह हार पीएम इशिबा के लिए दूसरी बड़ी राजनीतिक असफलता है। इससे पहले अक्टूबर में निचले सदन का चुनाव हारने के बाद अब यह गठबंधन दोनों सदनों में अल्पमत में चला गया है। एलडीपी की स्थापना 1955 में हुई थी, और यह पहला मौका है जब उसने दोनों सदनों में बहुमत खो दिया है। टोक्यो में ऊपरी सदन के चुनाव के लिए रविवार को एक काउंटिंग सेंटर में अधिकारी वोटों की गिनती करते हुए। यह चुनाव उस वक्त हुआ जब जापान में मंहगाई बढ़ रही है और अमेरिका द्वारा लगाए जा सकने वाले टैरिफ को लेकर लोगों में चिंता है।

## ईरान और यूरोपीय शक्तियों के बीच 25 को होगी परमाणु वार्ता

**तेहरान।** ईरान, फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन शुक्रवार (25 जुलाई) को इस्तांबुल में परमाणु वार्ता करेंगे। तीन यूरोपीय देशों ने चेतावनी दी है कि वार्ता फिर से शुरू नहीं करने पर ईरान पर अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंध फिर से लगा दिया जाएगा। आईआरआईबी एजेंसी ने ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई के हवाले से कहा कि यह वार्ता शुक्रवार को इस्तांबुल में उप विदेश मंत्रियों के स्तर पर होगी जिसमें ईरानी उप विद. ेश मंत्री माजिद तख्त-रवांची और ईरानी अंतर्राष्ट्रीय मामलों के उप विदेश मंत्री काज़म गरीबाबादी हिस्सा लेंगे। वार्ता की तारीख की घोषणा ई3 देशों के विदेश मंत्रियों और यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख के साथ पिछले गुरुवार को ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची की पहली बातचीत के बाद की गई। यह बातचीत इजरायल और अमेरिका द्वारा एक महीने पहले ईरानी परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला किए जाने के बाद हुई है। गौरतलब है कि अमेरिका ने 2018 में तत्कालीन ट्रम्प प्रशासन के अंतर्गत इस समझौते से खुद को अलग कर लिया था और प्रतिबंधों को फिर से लागू कर दिया था तथा कूटनीतिक तनाव को फिर से भड़का दिया था।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

प्रवेश सूचना- पैरामैडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (Open Board) से करें (विषय- साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th हेतु- 10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS (शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (एक्स-रे टैक.), CCH (एलोपैथिक), CAT (आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक.), CHD (होम्योपैथिक), ECCE (प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTP, CCA (कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
-: प्रवेश हेतु सम्पर्क करे :-
श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कालोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

ROOP RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट